ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2079 • सोमवार, 20 फरवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-127 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

प्रियंका ने बेटी मालती की झलक दिखाई पेज 10 पर



झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

## नियुक्ति प्रक्रिया पर अपनी राय देने के लिए झारखण्ड के लाखों युवाओं को हार्दिक

# धन्यवाद और जोहार

## सभी बाधाओं को दूर करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र होगी आरम्भ



PR No. 290662 (IPRD) 2022-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## NEWS इन ब्रीफ

### ईट भट्ठा चिमनी को प्रशासन ने किया ध्वस्त, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बेलबिघा गांव में अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने विशेष अभियान चलाकर अवैध तरीके से संचालित चिमनी भट्ठा को ध्वस्त किया। जानकारी के अनुसार राज ब्रिक्स के संचालक ने नियम के विरूद्ध भट्ठा को संचालित कर रहा था। अभियान दल के पहुंचते ही ईंट भट्ठा का संचालक और काम कर रहे मजदूर वहां से भाग निकले। ईट भट्ठा पर कोयला की जगह टायरों का इस्तेमाल किया जा रहा था। जो पर्यावरण के लिए काफी हानिकारक है। साथ ही पक्की चिमनी की जगह टीन की बनी चिमनी का इस्तेमाल किया जा रहा था। सुरक्षा की दृष्टिकोण से भट्ठा में उपयोग के लिए वर्जित है। अभियान दल ने उक्त भट्ठा से पचास हजार कच्चा ईंट और तीन लाख पक्का ईट जब्त किया है। जिसे मोहम्मदाबाद गांव निवासी राजेंद्र चौधरी के जिम्मे सौंप दी गई है। इस मामले को लेकर अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम ने हुसैनाबाद थाना में डूमरहथा गांव निवासी बिजेंद्र सिंह के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### ट्रेनों के बंद होने से यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी सेक्सन में कोविड काल से अब तक सवारी ट्रेनों का परिचालन नियमित नहीं की जा सकी है। जिससे इस रेलखंड के यात्री खासा परेशान हैं। उनका कहना है कि कोविड काल के बाद भी वर्तमान में अन्य रेलखंड की अपेक्षा पैसेंजर ट्रेनों से स्पेशल का दर्जा नहीं हटाये जाने से उन्हें दो गुणा से अधिक किराया देना पड़ रहा है। गत 28 जनवरी के बरकाकाना से वाराणसी इएमयू स्पेशल पैसेंजर ट्रेन नं. 03359 / 03360 के बाद 19 फरवरी से दो मार्च तक नन इंटर लॉकिंग कार्य को लेकर बरकाकाना से डेहरी ऑन सोन स्पेशल पैसेंजर ट्रेन नं. 03341 / 03342 का परिचालन स्थगित कर दिया गया है। इससे पूरे दिन इस रेलखंड की स्टेशनों पर वीरानगी भी छा गई है। जबकि दिनरात मालगाड़ी के धड़ाधड़ परिचालन पर उक्त कारणों के बावजूद होता रहा है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व सचिव पवन कुमार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रेल प्रशासन का यह निर्णय जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लातेहार, पलामू, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर जिले के लोगों को अपने पूर्वजों के अस्थि विर्सजन वाराणासी स्थित मां गंगा नदी के तट पर आने जाने का एकमात्र गरीबों का पैसेंजर ट्रेन है। उन्होंने उक्त दोनों सवारी गाड़ी का परिचालन यथाशीघ्र कराने का आग्रह किया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम पर पहुंचे पूर्व विधायक

**पाटन।** प्रखंड नावाखास के पोखरिया मे शिव मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे छतरपुर पाटन पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर, प्रमुख शोभा देवी, पूर्वी जिला पार्षद प्रतिनिधि नंद यादव ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। पोखरिया मंदिर कमेटी के द्वारा पूर्व विधायक का स्वागत किया गया। रंगारंग कार्यक्रम का ग्रामीणों ने लुफ्त उठाया। मौके पर पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विकास का नामोनिशान नहीं है। प्रखंड के कई पंचायत के गांव तक विकास नहीं पहुंच रही है। क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से जानकारी प्राप्त किया। मौके पर उपस्थित उपप्रमुख अमरेश वर्मा, नावाखास के मुखिया मनोज कुमार, थाना प्रभारी संजय रजक, एएसआई बिजय कुमार, शक्ति शंकर गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, राजेंद्र उरांव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# छतरपुर इलाके में महाशिवरात्रि पर कार्यक्रमों का आयोजन

## झांकियों को निहारते नहीं थके श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार की शाम भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़ा शिवालय परिसर से शिव बारात निकाली गई। जो मस्जिद रोड, चौक बाजार, बैंक रोड, जवाहर पथ होते रेलवे गुमटी व बस स्टैंड पहुंची। पूरे जुलूस मार्ग में ढोल, बाजे के बीच भगवान भोले भंडारी के जयकारा व भक्तिमय गीतों से संपूर्ण नगर गुंजायमान होता रहा। इस दौरान बतौर दंडाधिकारी बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, सीओ राजीव नीरज, थाना प्रभारी आजाद अंसारी दलबल के साथ मुस्तैदी के साथ जुलूस समापन कराने में अहम योगदान दिया। यहां से जुलूस वापसी में मेन रोड, चौक बाजार, मस्जिद रोड होते बड़ा शिवालय में आने के बाद शिव विवाह की रस्म देर रात पूरी की गई। जुलूस का नेतृत्व कर रहे डॉ. अजय जयसवाल ने बताया कि शिव विवाह कार्यक्रम में आगंतुक श्रद्धालुओं के लिये शिव मंदिर प्रबंध समिति ने भंडारे की भी सुमचित व्यवस्था की थी। इस बारात जुलूस में निकली विभिन्न झांकियों के साथ शिव पार्वती की चलचित्र भी लोगों का खूब मन मोहा।

## महाकाल समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** महाशिवरात्रि के मौके पर इलाके मे कार्यक्रमों की धूम रही। कहीं मेले का आयोजन हुआ तो कहीं शिव की बारात निकली, तो कहीं शिवचर्चा का हुआ आयोजन। मसिहानी में महाकाल युवा समिति ने मन्देया पहाड़ी पर भव्य महाशिवरात्रि मेले और भंडारे का आयोजन किया। वहां पहली बार दुर्गम पहाड़ पर युवाओं ने अपने हौसले से पूजा का आयोजन कर इतिहास रच दिया। युवाओं के हौसले को बढ़ाने और शिव जी की पूजा अर्चना के लिए छतरपुर के युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता भी मेला स्थल पर पहुंचे और भंडारे में भाग लिया। युवाओं ने चन्दन का त्रिपुंड लगा कर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मंदेया पहाड़ पर पूजा का यह आयोजन वाकई अनोखा है।



मानों ऐसा लग रहा है जैसे कि शिव की नगरी ही इस पहाड़ी पर उतर आई हो। उन्होंने सरकार और नगर पंचायत से मांग की है कि इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए सड़क का निर्माण कराई जाय और यहां पार्क बनवाई जाय । ताकि लोगों की आस्था की रक्षा कर यहां सुविधाएं बढ़ा कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। मौके पर महाकाल कमेटी के चंद्रधन उरांव, संतोष चंद्रवंशी, निर्मल, रविन्द्र उरांव, अशोक सिंह, बैजनाथ सिंह, धीरज कुमार, संतोष उरांव, लवकुश भुइयां, रवि साव, संतोष सिंह, बिंदु विश्वकर्मा, हरेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने अपना सराहनीय योगदान दिया। वहीं बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर समिति के द्वारा शिव जी की बारात मुख्य सड़कों पर निकाली गई। जिसे सफल बनाने में नंदन, राजन, राहुल, टिल्लू, ट्विंकल, लड्डु, धनन्जय, अनुराग, संध्या देवी और निर्मला सोनी ने उल्लेखनीय योगदान दिया। शिव बारात यात्रा में अरविंद गुप्ता भी हुए शामिल । साथ ही इलाके के ठाकुरबाड़ी, खाटिन, सड़मा, लोहराही, बैरियाडीह, मदनपुर, रामगढ़, बारा, भैसाखांड, भैरवाडीह, मन्देया, मसिहानी सहित विभिन्न इलाकों में धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि का त्योहार।

# पांडू हो या पांकी, पलामू का सौहार्द बिगाड़ने नहीं देगी झामुमो : राजेंद्र

## सैकड़ों महिला-पुरूष ने थामा झामुमो का दामन, किया गया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में झामुमो गठबंधन की हेमंत सरकार जिस तेजी से जनहित में निर्णय ले रही है। उसी तेजी से आम जनता भी झामुमो का दामन थाम कर सरकार के समर्थन में शामिल हो रही है। इसका ताजा उदाहरण पलामू के सुदूरवर्ती पांडू प्रखंड मुख्यालय में देखने को मिला। जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पांडू के दिग्गज राजनीतिज्ञ अनिल चंद्रवंशी के साथ सैकड़ों की संख्या में पुरुष से अधिक महिलाओं ने तीर धनुष छाप झामुमो पर अपना विश्वास जताया। जिन्हें झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सदस्यता ग्रहण कराई। मौके पर कई गांवों की महिला, पुरूष के अलावा पलामू दिव्यांग संघ के दर्जनों दिव्यांगों ने झामुमों खेमा में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन सह स्वागत समारोह में पांडू में अवस्थित आदिवासी गांव बरवाही के जनजाति परिवार ने भी जेएमएम का दामन थामा। इससे पहले जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष कमाल खान, जिला सचिव सानू सिद्दीकी,



अविनाश देव, दीपक तिवारी, छोटू त्रिपाठी का पांडू की धरती पर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर शामिल हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने बढ़ते समर्थन को सरकार की जनता की हितैषी होने का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की राजनीति सौहार्द बिगाड़ने, तनाव बढ़ाने पर टिकी रह गई है, जिसे जनता समझ चुकी है। पलामू का पांडू हो या पांकी की घटना सांप्रदायिक रंग देकर हमारी एकजुटता को तोड़ने वालों को हमारा संघर्ष तोड़कर रख देगा। इस दौरान सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। साथ ही भरोसा दिया कि सरकारी कार्यालयों में यदि जनता को परेशानी होती है तो पलामू झामुमो की कमिटी उनके साथ खड़ी है। पांडू में कार्यकर्ता का उत्साह देखते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने जल्द कमिटी का गठन एवं विस्तार की घोषणा की। इस दौरान केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य चंदन सिन्हा ने केंद्र सरकार में बैठी भाजपा को जमकर कोसा, वहीं मनोज गुप्ता ने स्थानीय जनप्रतिनिधि को आड़े हाथों लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने बताया कि बेटियों की पालन पोषण रक्षा के लिए झामुमो सरकार कार्यरत है, बस हमें समर्थन देकर हेमंत सोरेन को मजबूत बनाना है। मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष कमाल खान, जिला सचिव सानू सिद्दीकी, अविनाश देव, दीपक तिवारी, छोटू त्रिपाठी राजेश सिन्हा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।

## महाभंडारे के साथ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के सिद्धनाथ नगर में चल रहे श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ रविवार को महाभण्डारे के साथ भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। यज्ञ आचार्य उपेंद्र पंडित के नेतृत्व में आयोजित वैदिक अनुष्ठान में मुख्य यजमान अनुज सिंह, विश्वनाथ सिंह, लोकेश सिंह, पंकज सिंह, ललन सिंह, भोला यादव ने वैदिक अनुष्ठान पूरी की। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं यज्ञ के दौरान श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री सर्वेश्वराचार्य जी महाराज ने रामचरित मानस कथा प्रस्तुत किया। उन्होंने घर-घर में रामचरितमानस ग्रन्थ की पूजा करने की बात कही। यज्ञ समिति के संरक्षक व भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने शांति पूर्ण यज्ञ समिति के पूर्ण होने पर लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोगों का तन मन धन से सहयोग सराहनीय रहा। मौके पर शैलेंद्र कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, राम प्रवेश सिंह, दुधेश्वर सिंह, छोटू सिंह, लवकेश कुमार सिंह, संजय सिंह, चंदन सिंह, मुन्ना सिंह, गुड्डु सिंह, प्रमोद, पंकज, उपेंद्र आदि समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## भाकपा ने किया ग्रामीणों संग आमसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाकपा के नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम हरैया में ग्रामीणों की आम सभा कामरेड कांग्रेस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि इस इलाके में पार्टी ने 1989 में पूर्व जमींदार से जमीन छिनकर गरीबों एवं दलितों के बीच बांटा और उसी जमीन पर आज दलितों का जोत कोढ़ एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाकर 50 वर्षों से रह रहे हैं। पूर्व जमींदार परिवार के दलाल नौडीहा बाजार थाना प्रभारी और अंचल कार्यालय के सीओ को मेल में लेकर फर्जी डिमांड के आधार पर दलितों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उनके इस मंसूबे को पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय



परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नौडीहा बाजार थाना प्रभारी पूर्व जमींदार परिवार के साथ मिलकर दलितों को डराने धमकाने का काम कर रहा है और अंचलाधिकारी पैसा के बल पर फर्जी ऑनलाइन रसीद फर्जीदार के नाम से काटकर गरीबों को उजाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पलामू उपायुक्त उक्त रैयतों दलितों के जमीन को भूमि सुधार कानून के तहत जोतकारो को बंदोबस्त करे। पलामू जिला में पड़े आकाल के कारण लोगों को खेत में काम भी नहीं मिल रहा है। मनरेगा में जेसीबी मशीन से काम किया जा रहा है। अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसी परिस्थिति में इन्हीं जनसमस्याओं को लेकर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्च महीना में नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय का घेराव करेगी। मौके पर राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर,बिमला कुवर, राजेंद्र बैठा, लखन राम, बिनोद भूइयां, मोमुदीन अंसारी, उमेश भूइयां, प्रवेश कुमार, अमरेश विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### प्रशासनिक गतिविधिया सराहनीय : रूचिर

**मेदिनीनगर।** पांकी में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी मतभेद को समाप्त कर दोनों पक्षों के साथ प्रशासनिक गतिविधिया सराहनीय है। उक्त बातें भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने विशेष तौर पर पलामू में रह चुके एसपी इंद्रजीत महथा एवं पलामू उपायुक्त के द्वारा किया गया साहसिक कार्य की प्रशंसा की है। अब दोनों समुदाय के बीच जो मनमुटाव तथाकथित कुछ लोगों के द्वारा बनाया गया था। वह मनमुटाव खत्म हो गया है। वैसे भी धर्म जोड़ना सिखाता है तोड़ना नहीं ,इस संदर्भ में एक पुरानी गीत की याद आती है कि हम हिंदू बनेंगे ना मुसलमान बनेंगे, इंसान की औलाद है इंसान बनेंगे। लेकिन उसके बाद भी कुछ राजनीतिक दलों के द्वारा उजूल फजूल बयान देना यह दशार्ता है कि पांकी में सांप्रदायिक माहौल बनाने में उनका भी हाथ है। पांकी के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के दिमागी दिवालियापन का घोतक ही है कि उन्होंने पत्थरबाजी में विदेशी ताकतों को भी बता दिया। हो सकता है भाजपा के विधायक और भाजपा के सांसद विदेशी ताकतों को बुलाकर पत्थरबाजी का काम करवाए होंगे । इसीलिए उनका फोकस इस और ज्यादा है। हेमंत सरकार के दिशा निर्देश पर 2 सीनियर एसपी को नियुक्त करना यह समझदारी का प्रतीक है और राज्य में लोगों को अमन चैन से रहने देने के लिए यह सरकार भी प्रतिबद्ध है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उनके अच्छे काम के लिए साधुवाद देती है और पांकी के जनता से अपील करती है कि वह किसी के बहकावे में ना आवे। अमन चैन एवं सुख सौहार्द बना कर अपना बिजनेस दुकान की शुरूआत करें। जिससे उनकी रोजी-रोटी चल सके।

## महाशिवरात्रि पर अखंड कीर्तन का आयोजन

**मेदिनीनगर।** बैरिया मुहल्ले के हाउसिंग कॉलोनी परिसर में शनिवार को महाशिवरात्रि पर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन शाम सात बजे से शुरू होकर रविवार सुबह सात बजे तक चलेगा। उसके बाद हवन और भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान महेश्वर शिव की महिमा पर भी चर्चा किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में शिवभक्त भाग ले रहे हैं। शिवभक्तों ने मुहल्लेवासियों को भी आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कीर्तन से हाउसिंग कॉलोनी परिसर शिवमय हो गया है।

## शिवरात्रि के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कौशल किशोर बच्चन के द्वारा लेस्लीगंज के राजहरा शिवरात्रि मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। वही मेले को संबोधित करते हुए कौशल किशोर बच्चन ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में शांति सौहार्द्र व खुशी के लिए विनती किया। वही संबोधित करते हुए कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में शांति बहाल कर पूर्व की भांति सभी एक दूसरे से मिलजुल कर रहे। कुछ चंद असामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा शांति भंग करने का प्रयास को हमारे पांकी वासियों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से विफल हुआ । पांकी वासियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं कि आप सबों ने सूझ बूझ के साथ सहयोग प्रदान कर शांति व्यवस्था कायम करने में अपना योगदान दिया हैं। पूर्व में जो भी घटनाएं हुई उसे भूल कर आपसी भाईचारा को बढ़ावा देना है और मिलजुल कर अपने क्षेत्र की विकास की गति में सहयोग प्रदान करना। वही संबोधन के दौरान वर्तमान और पूर्व विधायक पर भी निशाना साधा वर्तमान विधायक व्यापार तो वहीं पूर्व विधायक ठेकेदार हैं । दोनों ने मिलकर पांकी विधानसभा के विकास को अवरुद्ध कर दिया है। किसान गरीब मजदूर को अपने ही बीच के अपने ही जैसे लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनना होगा। आने वाले चुनाव में किसान युवा मजदूर वर्ग के लोगों को ही वोट देकर विधायक बनाने का काम करें ।

## खिलाड़ी — राजा मेदिनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# खेल भौतिक, मानसिक विकास का बेहतर संसाधन : अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जीएलए कॉलेज के ग्राउंड पर 19 फरवरी को राजा मेदिनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व गेंद उछाल कर टूर्नामेंट की शुरूआत की। वहीं खेल आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प ,गुच्छ व फूलमाला देकर किया! खिलाड़ियों और दर्शकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब वह दौर नहीं रहा जब खेल को हेय दृष्टि से देखा जाता था । अब इसमें भी करियर है, इसके प्रति सरकार भी गंभीर है।



कुछ खिलाड़ियों की तो सीधी नियुक्ति भी हुई है,जरूरत है खेल को प्रोत्साहित करने की। खेल एक ऐसा संसाधन है जहां खिलाड़ियों की शारीरिक मानसिक विकास के साथ साथ समग्र विकास की गुंजाइश रहती है। खेल का मैदान वह जगह होता है जहां समता ,स्वतंत्रता, बंधुता व न्याय मिलती है! मैं खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सरकार से खिलाड़ियों के लिए खेल का मैदान व सम्बंधित स्टेडियम देने का आग्रह करते हैं। मौके पर संदीप पासवान, अशोक पासवान, उदय पासवान सहित अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



प्रियंका ने बेटी मालती की झलक दिखाई पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2079 ● सोमवार, 20 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-127 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

## NEWS इन ब्रीफ

### भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त

**मेदिनीनगर।** उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग और छतरपुर थाना की टीम ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर छतरपुर थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव से 7280 लीटर स्प्रिट, गोवा ब्रांड 300 व्हिस्की, टैंकर काटने का पाइप, खाली ड्रम इत्यादि बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने बताया कि उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिला था कि छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बभंडीह गांव में किसी एक व्यक्ति द्वारा अवैध विदेशी शराब बेचने और बनाने का काम किया जा रहा है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी अभियान कर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में गोवा ब्रांड व्हिस्की और स्पीड सहित अन्य सामान को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान अवैध नकली विदेशी शराब का तस्करी करने वाला अभियुक्त फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और उसके ऊपर कार्रवाई की जा रही है।

### खूंटी में सरेबाजार भीड़ ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला, मची भगदड़

**खूंटी।** जिले के रनिया थाना क्षेत्र के लोहागढ़ साप्ताहिक हाट में रविवार को सरेबाजार भीड़ ने एक व्यक्ति को पीट-पीटकर मार डाला। वहीं, एक अन्य को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। मृतक की पहचान रनिया थाना क्षेत्र के डिग्री डोहू टोली निवासी 50 वर्षीय हीरा नमन कोंगाड़ी के रूप में की गई है। वह साप्ताहिक हाट करने लोहागढ़ बाजार पहुंचा था। इसी दौरान डिग्री महुआ टोली गांव निवासी सोमरा होरो (40 वर्षीय) को अचानक पेट में चाकू से वार कर दिया, इससे सोमरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान हीरा नमन कोंगाड़ी बाजार से भागने लगा, तभी बाजार करने पहुंचे प्रत्यक्षदर्शियों ने दौड़ाकर उसे पीट-पीटकर मार डाला। इससे वहां भगदड़ मच गयी।

### झारखंड में खेल प्रतिभा की कमी नहीं : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड राज्य अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। इस राज्य में असीम खेल प्रतिभाएं निहित हैं, जिन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हमारे युवाओं को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्हें उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। साथ ही संकल्प लें कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। राज्यपाल खेलगांव में रविवार को सांसद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# नीतीश आई लव यू कहने में हिचक क्यों रहे हैं?




नीतीश कुमार खुली आंखों से सपना देखने लगे हैं। कह रहे हैं कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल एकजुट हो जाएंगे तो भाजपा को 100 सीटों से नीचे पर रोक देंगे। यह बात वही नीतीश कुमार कह रहे हैं, जिनकी नाक के नीचे उपेंद्र कुशवाहा बगावती सुर तेज किये बैठे हुए हैं। रविवार को पटना में जदयू के विद्रोही गुट के लोग बैठक कर रहे हैं और साफ-साफ कह रहे हैं कि ललन सिंह, अशोक समर्ट, संजय झा जैसे लोग पार्टी को धूल चटाने में लगे हैं और मुख्यमंत्री चुप हैं। जाहिर है, विद्रोहियों की बातों में दम है। उसी पटना में नीतीश कुमार भी हैं और विद्रोही भी। बैठक एक-अणे मार्ग पर भी हुई है जिसमें मुट्ठी भर लोगों को बुलाया गया था। विद्रोही गुट की बैठक में संगठन के लोग ज्यादा हैं और कहा जा रहा है कि कुछ मंत्रियों ने भी उन्हें समर्थन दे रखा है।

शनिवार को नीतीश कुमार ने भाकपा (माले) के प्रोग्राम में कहा कि वह इस इंतजार में हैं कि कांग्रेस आए और बोले-आई लव यू। मजेदार बात यह है कि कांग्रेस भी इसी इंतजार में है कि नीतीश बाबू आएं और बोलें- आई लव यू। पहले कौन आई लव यू बोले, यह पता ही नहीं चल रहा है। इसी चक्कर में 2024 की ट्रेन निकल जाएगी और दिल के अरमां आंसुओं में बहते चले जाएंगे।

कांग्रेस की क्या रणनीति होगी 2024 में, यह कांग्रेसियों को खुद नहीं पता। जदयू को क्या करना है, उसे भी नहीं पता। राजद का स्टैंड साफ है। वह भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ेगा और सीना ठोक कर लड़ेगा, क्योंकि राजद डे वन से भाजपा को नापसंद करता रहा है। आपको याद होगा कि यह लालू यादव ही थे, जिन्होंने आडवाणी के रथ को समस्तीपुर में रोक दिया था, तो राजद का रोडमैप साफ है। रोडमैप में भी कोई भारी कन्फ्यूजन में है तो वह नीतीश कुमार का रोडमैप है। नीतीश पर न कांग्रेस को भरोसा है, न राजद को और न



उनकी ही जदयू को। पलटू चाचा के उपनाम से विख्यात नीतीश कब पलटी मार दें, कोई नहीं जानता। जहां तक सवाल उनके कसमों का है, वह तो कसम खाकर पहली बार बोले थे कि वह भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। फिर उसी भाजपा के साथ आए। ऐसे ही उन्होंने राजद के साथ भी न जाने की कसमें खाई थीं। उस कसम को भी उन्होंने बिसार दिया। उन्होंने राजद के साथ दो बार सरकार बनाई, भाजपा के साथ तो थे ही। उन्होंने किसी कसम की लाज नहीं रखी। खुद 8 बार से लगातार सीएम बने रहे। चुनावी रणनीति बनाने वाले और जनसुराज यात्रा निकाल रहे प्रशांत किशोर ठीक ही कहते हैं कि इन 17-18 सालों में बिहार में सब कुछ हो गया, सिर्फ एक चीज नहीं हुआ-नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने ही रहे। एक बार नहीं, आठ-आठ बार। पता नहीं कौन सा फेविकोल का जोड़ है जो टूटता ही नहीं।

दरअसल, नीतीश कुमार पर किसी को भरोसा है भी नहीं। वह तेलंगाना में केसीआर से मिलते हैं, केसीआर भी पटना आते हैं लेकिन हैदराबाद में वह रैली करते हैं केजरीवाल और भगवंत मान के साथ। नीतीश को वह पूछते ही नहीं। ऐसे ही, चंद्रबाबू नायडू से नीतीश मिले तो हैं पर वह बैठक सिर्फ टी मीटिंग ही बन कर रह जाती है। गुब्बारे का हवा बड़े प्यार से निकाल दिया जाता है। मूल बात यह है कि विपक्ष के नेताओं में ही पीएम बनने की होड़ लगी है। बंगाल में ममता अपनी नाक पर मक्खी नहीं बैठने देतीं तो तेलंगाना में केसीआर किसी को तवज्जो देने के मूड में नहीं लग रहे हैं। राहुल गांधी अध्यक्ष न होते हुए भी कांग्रेस के सर्वेसर्वा हैं और वह अकेले ही मोदी से दो-दो हाथ करने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में राहुल के किसी सवाल का जवाब न देकर जिस तरीके से कांग्रेस को धोया है, उसकी मिसाल बीते पांच दशकों की राजनीति में आपको कहीं नहीं मिलेगी। अब रह गए केजरीवाल, पवार और उद्धव तो इनका अपना समीकरण है। ये उस छतरी के नीचे क्यों जाना चाहेंगे, जिसमें खुद 484 पैबंद लगे हों। वैसे भी, नीतीश कोई सर्वमान्य नेता तो हैं नहीं। जिनकी पार्टी, उनके ही नेतृत्व में 43 सीटों पर सिमट जाती हो, वह प्रधानमंत्री बनने का सपना तो देख सकते हैं पर आपको याद रखना होगा कि वह असली नहीं, बल्कि मुंगेरी लाल के ही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू में चार दिनों बाद इंटरनेट सेवा बहाल

### पांकी हिंसा के बाद 15 फरवरी से इंटरनेट सेवा पर लगाई गई थी रोक

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के पांकी में महाशिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर 15 फरवरी को दो समुदायों के बीच हुई हिंसा के बाद से चौथे दिन रविवार को इंटरनेट सेवा शुरू हो गई है। पांकी में दो पक्षों में टकराहट के बाद बुधवार रात आठ बजे से इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। अब तक कुछ ही कंपनियों ने अपनी इंटरनेट सेवा को चालू किया है। शाम तक सभी कंपनियां इंटरनेट सेवा शुरू कर देगी। फिलहाल, इलाके में धारा 144 जारी रहेगी। पांकी में हुए विवाद के पांच दिन के बाद स्थिति सामान्य होने के आसार दिख रहे हैं। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए सामान्य बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। प्रशासनिक हस्तक्षेप और आमजनों के सहयोग से पांकी की स्थिति पूर्व की तरह बहाल होने की पूरी उम्मीद दिख रही है। जल्द ही पांकी में आम जनजीवन सामान्य हो जायेगा। इधर, आमलोग भी जल्द ही इस विकट स्थिति से उबरने की उम्मीद लगाये बैठे हैं। स्थिति बिगड़ने से व्यवसायी, विद्यार्थी, मजदूर सहित अन्य लोग प्रभावित हो गये हैं। पांकी में घटना के कारण पूरे पलामू जिले में इसका असर पड़ा है।

पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी और सुरक्षा के बीच शनिवार को पांकी में महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की बारात नहीं निकाली जा सकी। पांकी के राहेवीर पहाड़ी मंदिर से महाशिवरात्रि पर हर वर्ष भगवान शिव की बारात निकालने की परंपरा रही है, लेकिन पांकी के घटना के कारण वर्षों की यह परंपरा इस वर्ष टूट गयी। प्रशासन के निर्देश पर राहेवीर पहाड़ी मंदिर सहित पांकी प्रखंड मुख्यालय शिव मंदिर में कड़ी सुरक्षा के बीच पूजा अर्चना की गयी। इलाके में पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी ए दोड्डे, सीनियर आईपीएस इंद्रजीत महथा, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### पलामू में पांकी घटना को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

जिले के पांकी थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि पांकी में जिस तरह से पिछले दिनों घटना घटी वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि वे स्पष्ट करना चाहते हैं कि समाज में उपद्रव फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि कहा कि जिस तरीके से घटना घटित हुई है और जो बातें उनके सामने आयी हैं उसके अनुसार उन्हें लगता है कि कहीं ना कहीं लोगों के मन में कोई और बात है जिसे लोगों को खुलकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### घटना की हो सीबीआई जांच : विधायक



मेदिनीनगर। पांकी हिंसा घटना को लेकर स्थानीय विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि हिंसा में हुई पत्थरबाजी की घटना में बाहरी ताकतों का हाथ है। इसमें विदेशी ताकत भी शामिल हैं। विधायक ने कहा कि इस मामले में गहरी जांच की जरूरत है और दोषियों का संबंध विदेशी ताकतों से है। विधायक ने कहा कि पूरे मामले में सीबीआई जांच की जरूरत है। पांकी की घटना में कई स्तर पर साजिश रची गई है। विधायक लगातार इलाके में कैंप कर रहे हैं और हालात पर नजर बनाये हुए हैं। यहां के हालात को लेकर लगातार वे सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कई विषयों पर मांगों को उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रामगढ़ उपचुनाव के प्रचार में उतरे मुख्यमंत्री, बोले

# जो 1932 की बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा



### भाजपा और आजसू के नेताओं को झूठ का बताया सरदार

**नवीन मेल नेटवर्क। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के उम्मीदवार बजरंग महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे तेवर में दिखे। गोला के एसएस हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने भाजपा और आजसू के नेताओं को झूठ का सरदार बताया। साथ ही उन्होंने अपनी उपलब्धियां भी गिनाईं। सोरेन ने सबसे पहले 1932 की खतियान की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब वही राज करेगा जो 1932 की बात करेगा। इससे पहले भी स्थानीय नीति भाजपा और आजसू ने मिलकर बनाई थी, लेकिन तब सड़कों पर खून बह रहा था। जब हमने 1932 के खतियान आधारित नीति तैयार की तो उसका स्वागत हर चौक-चौराहे पर अबीर गुलाल से किया गया। सोरेन ने कहा कि झारखंड का विकास तभी संभव है जब यहां का आदिवासी, मूलनिवासी सरकार चलाएगा। लेकिन जब से झारखंड अलग हुआ था यहां की सत्ता पर यूपी और बिहारवालों का ही कब्जा रहा। कहने के लिए तो बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को सीएम की कुर्सी दी गई, लेकिन उन लोगों को पांच साल पूरा नहीं करने दिया गया। छत्तीसगढ़ से आदमी को बुलाकर यह डबल इंजन की सरकार चला रहे थे, लेकिन अब झारखंडी ताकत का अहसास उन्हें होने लगा है।

**जनता की सेवा के लिए ममता ने बच्चे को छोड़ा अनाथ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधायक ममता देवी जनता की सेवा करने के लिए अपने बच्चे को अनाथ छोड़ दिया। आज वह एक बड़ी साजिश का शिकार होकर जेल के अंदर है। उसके बच्चे का दर्द सिर्फ एक औरत ही समझ सकती है। उन्होंने कहा कि अब आम जनता ही उस बच्चे को सहारा देगी। यह तभी संभव हो पाएगा जब कांग्रेस का बटन दबाकर बजरंग महतो को भारी मतों से जिताया जाएगा।

**झारखंड में बनता है नियोजन नीति तो यूपी-बिहार के लोगों को होता है दर्द :** हेमंत सोरेन ने नियोजन नीति ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया

### चार मैचों की श्रृंखला में ली 2-0 की अपराजेय बढ़त

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी रखी बरकरार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे ही दिन 6 विकेट से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल एक और बार बल्ले से असफल रहे। मैच के दूसरे ओवर में 6 रनों के कुल स्कोर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## एक हजार करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मामले में ईडी की तैयारी

# साहिबगंज एसपी से जल्द होगी पूछताछ

### साहिबगंज डीसी के जवाबों की हो रही समीक्षा

### पूर्व में दो बार डीसी से हो चुकी है पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मामले में जल्द ही वहां के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा से ईडी पूछताछ करेगी। ईडी के आला अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें इस मामले में आगे समन किया जाना है। ईडी ने अवैध खनन के मामले में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से दो बार पूछताछ की है। दोनों बार की पूछताछ के बाद उनके बयान से आए तथ्यों के आधार पर ईडी ने साहिबगंज एसपी को समन करने का फैसला लिया है। हालांकि, अभी समन की तारीख तय नहीं की गई है।

**दाहू यादव समेत अन्य पर कार्रवाई को लेकर घिरे एसपी :** साहिबगंज में गंगा नदी के रास्ते अवैध तस्करी के मामले में नाव जब्त की गई थी। इस मामले में चालकों की गिरफ्तारी व पूछताछ के दौरान दाहू यादव का नाम उभर कर आया था। लेकिन साहिबगंज पुलिस ने इस मामले में दाहू यादव को आरोपी नहीं बनाया था। इस मामले में साहिबगंज डीसी से जब पूछताछ की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## शिविर

## सैकड़ों मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों का किया निःशुल्क इलाज

# पलामू पहुंची कश्यप मेमोरियल की डॉ. निधि गडकर कश्यप

### स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करने में लगा हूं : कमलेश सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद में आयोजित आई कैंप में रांची की प्रसिद्ध डा. कश्यप मेमोरियल हॉस्पिटल से डॉ. निधि गडकर कश्यप पहुंची। रविवार को सैकड़ों मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों का इलाज किया। मौके पर उपस्थित डॉ. निधि गडकर ने बताया कि वह हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह के द्वारा आयोजित निःशुल्क जांच शिविर में हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में पहुंची। यहां उन्हें गरीब और असहाय लोगों की सेवा करना काफी अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि कश्यप मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा मोतियाबिंद सर्जरी की वजह से आज झारखंड के हजारों लोग फिर से दुनिया को देख पा रहे हैं। बता दें अपने काम के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित डॉक्टर निधि गडकर कश्यप आज किसी परिचय की मुहताज नहीं हैं। उनका कहना है कि वह चाहती हैं कि वह अपनी इस पहल को दुनिया के हर हिस्से तक ले जाउं। स्थानीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया है। इस शिविर में रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ, आंख रोग विशेषज्ञ, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नस रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन समेत कई सर्जन मौजूद थे। हजारों मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा और सलाह दी गई। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर निःशुल्क ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण रांची के चिकित्सकों द्वारा हुसैनाबाद पीएचसी के शल्य कक्ष में किया गया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करने में जुटे हैं। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद की व्यवस्था सदर अस्पताल से भी बेहतर करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। डालटनगंज और रांची दोनों जगह हुसैनाबाद के मरीजों के सहयोग के लिए एक व्यक्ति चौबीस घंटे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर





# क्या शाह-शिंदे के अभियान से उद्धव की राजनीति व शिवसेना खत्म हो जायेगी?

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिल रही हर तरह से मदद को छुपाते नहीं। कहते रहते हैं कि अमित शाह उनके पीछे चट्टान की तरह खड़े हैं। हर तरह से मदद कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि शिंदे यह बात इसलिए कह रहे हैं ताकि शिवसैनिकों व उद्धव ठाकरे के समर्थकों को लगे कि शिंदे के पीठ पर शाह का हाथ है। शिंदे को शाह की शह मिल रही है। ऐसे में शिंदे गुट में जाने से पद व लाभ मिलेगा। अपना काम होगा। राज्य में भाजपा व शिंदे गुट की सरकार है ही। इसलिए सरकार में कोई काम रुकेगा नहीं और अब तो चुनाव आयोग ने भी शिवसेना पार्टी नाम व उसका चुनाव चिन्ह तीर कमान भी शिंदे गुट को दे दिया। इससे शिवसैनिकों व उद्धव ठाकरे समर्थकों को यह लगेगा कि जब केंद्र सरकार ही शिंदे के साथ है और उद्धव ठाकरे की राजनीति खत्म करके उस पर कब्जा करने के लिए हर तरह से उपक्रम हो रहा है, तो ऐसे में शिंदे गुट के साथ चले जाना ही फायदे वाला रहेगा।

वैसे तो चुनाव आयोग के इस फैसले के विरूद्ध उद्धव ठाकरे गुट सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर रहा है। लेकिन उद्धव ठाकरे के विरूद्ध एकनाथ शिंदे को आगे करके भाजपा जिस तरह से ठाकरे की राजनीति खत्म करने की कोशिश कर रही है, उससे संकेत यही मिल रहा है कि उद्धव की राह आसान नहीं है। इसीलिए उद्धव ठाकरे अपने पिता की तरह अपनी कार पर खड़े होकर भीड़ को संबोधित किया। अब उद्धव को जनता के बीच जाने के अलावा कोई रास्ता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया मिलाप मेडिकल सेंटर का उद्घाटन



**चिनिया।** शहर के चिनिया रोड स्थित वीरेंद्र तिवारी मार्ग के बगल में रविवार को मिलाप मेडिकल सेंटर का उद्घाटन किया गया। सेंटर का उद्घाटन प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला के लोगों के लिए मिलाप मेडिकल सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। यह सेंटर सभी सुविधाओं से लैस है। जिसका लाभ गढ़वा जिला के सभी क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी विकास कर रहा है। जो यहां के लोगों के लिए गर्व की बात है। लेकिन अब स्थिति बदला है। गढ़वा में ही सभी सुविधाओं से लैस मेडिकल सेंटर उपलब्ध हो रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी सिंह, डॉ. अरशद अंसारी, डॉ. माहेरू यमानी, अशोक विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बाइक के धक्के से किशोर घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के करुआ कला गांव में अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से अजीत कुमार पिता सुनील राम घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के पिपरा-मसुरिया गांव का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार अजीत कुमार शनिवार की देर शाम खोन्हरनाथ मंदिर परिसर में लगे मेला से पैदल ही अपने घर वापस जा रहा था। इस दौरान करुआ कला गांव के समीप अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उसे धक्का मारकर घायल कर दिया। घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल भेजवाया गया।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** गढ़वा नगर उंटारी मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी राम जी राम का पुत्र रणविजय कुमार बताया गया है। इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि रन विजय कुमार अपने घर से अपनी मोटरसाइकिल लेकर नगर उंटारी थाना क्षेत्र के अघोरी गांव जा रहा था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल हनुमान मंदिर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसके बाद आसपास के लोगों ने उसे उठाकर सदर अस्पताल भेज दिया।

# विवाद : दो पक्षों में मारपीट, 4 महिला समेत 11 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
डंडा थाना क्षेत्र के छपरदागा गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट की घटना में चार महिलाओं समेत दोनों पक्ष के 11 लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के जाल मोहम्मद अंसारी, उसका भाई रैमुल अंसारी, पत्नी रवीना बीबी, मरियम बीबी, सबीला बीबी व आसमा बीबी तथा दूसरे पक्ष के अब्दुल शकूर अंसारी, शमशाद आलम अंसारी, नौशाद आलम अंसारी व आफताब आलम अंसारी शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार जाल मोहम्मद अंसारी व अब्दुल शकूर अंसारी के बीच पहले से ही भूमि विवाद चल रहा है। जाल मोहम्मद अंसारी के घर से सटे अब्दुल शकूर अंसारी का कटहल का पेड़ है। जाल मोहम्मद अंसारी उक्त पेड़ की डाली को काटने के लिए अब्दुल शकूर अंसारी के पुत्र शमशाद आलम अंसारी को बुलाया था। इस दौरान दोनों पक्ष में नोंकझोंक होते होते मारपीट की घटना घटित हो गई। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



### भूमि विवाद में महिला को मारपीट कर किया घायल

**गढ़वा** थाना क्षेत्र के अचला-नावाडीह गांव निवासी सुनीता देवी पति योगेंद्र धर दूबे मारपीट में गंभीर रुप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सुनीता देवी ने पीएम आवास योजना के तहत पैतृक भूमि में घर बना रही थी। इस दौरान उसकी गोतनी प्रतीमा देवी पति हृदयानंद धर दूबे ने आकर घर बनाने से रोक दिया और सुनीता देवी को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। इस मामले को लेकर सुनीता देवी ने गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# खड़ी बस में लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
रविवार के देर शाम 5 बजे खरौंधी बाजार स्थित देवी मंदिर के समीप कुर्बान अंसारी के बाउंड्री में खड़ी रंजन बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे बहुत तेज हो गई। बस को जलते देख आसपास के सैकड़ों ग्रामीण जलते बस के पास इक्ट्ठा हो गए। बस के पास एक जेसीबी खड़ी थी। उसे तुरंत बस से अलग किया गया। ताकि जेसीबी में आग नही पकड़ सके। अधिकांश ग्रामीण आग बुझाने में लग गए। वही कई ग्रामीण आग को बुझाने के लिए बस पर धूल डाल रहे थे। हलांकि बस में धूल डालने से आग की लपटे कम हो गई। इसके पश्चात ग्रामीणों ने बस में पानी डाला ।ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक बस का सीट, शीशा, वायरिंग, 50 प्रतिशत चेचिस जल गया। बस मालिक कुर्बान अंसारी के भाई एजाज अहमद ने बताया घर के सभी गाडियां बाउंड्री में ही खड़ी होती है। दिन पर चले के बाद वापस बाउंड्री में ही लाकर खड़ा कर दिया जाता है। उसी बाउंड्री में लगभग दो साल से बस खड़ी थी।

# लापरवाही के कारण प्रसूता की हालत बिगड़ी, रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सदर अस्पताल में इलाज में लापरवाही का मामला थमता नहीं दिख रहा है। खासकर, प्रसव के मामले में तो अक्सर ही लापरवाही उजागर होती है। कभी गाइनी विभाग से चिकित्सक के गायब रहने के कारण प्रसव के लिए आई गर्भवती महिलाओं की इलाज में देरी तो कभी लापरवाही के कारण प्रसूता की हालत बिगड़ने जैसे मामले अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। रविवार को इलाज में लापरवाही का एक मामला सामने आया है। जब आदिवासी महिला को नार्मल प्रसव कराने के नाम पर गलत इंजेक्शन लगा दिया गया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई और रेफर होकर हायर सेंटर जाना पड़ा।



### क्या है मामला

रंका थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी सत्यनारायण सिंह की पत्नी कविता कुमारी को प्रसव के लिए रविवार के अलसुबह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कविता कुमारी का पहला बच्चा सिजेरियन से हुआ था। इस बार दूसरी बार प्रसव के लिए भर्ती होने पर नाइट शिफ्ट में ड्यूटी करने वाली नर्सों ने सिजेरियन से ही प्रसव कराने की सलाह दी थी। कविता के स्वजनों की मानें तो तब सदर अस्पताल के गाइनी विभाग में ड्यूटी में कोई चिकित्सक नहीं था। उन्हें सुबह नौ बजे तक इंतजार करने को कहा गया। बताया गया कि सुबह नौ बजे के बाद शिफ्ट बदलने पर नर्स ममता कुमारी व बबिता कुमारी गाइनी विभाग में ड्यूटी के लिए आई। उन्होंने कविता कुमारी को चेक करने के बाद नार्मल डिलेवरी करा देने का भरोसा उसके स्वजनों को दिया। इसके पश्चात प्रसव पीड़ा के लिए कुछ इंजेक्शन लगाए। नार्मल डिलेवरी तो नहीं हुई, लेकिन कविता की हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद ड्यूटी में मौजूद चिकित्सक डा. पुष्पा कुमारी व डा. वीरेंद्र कुमार ने सिजेरियन कर प्रसव कराया। लेकिन चिकित्सकों ने कविता के स्वजनों से कहा कि प्रसूता का बच्चेदानी फट गया है। उसे बाहर ले जाना पड़ेगा। इसके पश्चात आनन फानन में उसके स्वजन रिम्स रांची लेकर चले गए। प्रसूता के पति ने आरोप लगाया कि नर्स ने गलत इंजेक्शन देकर उसकी पत्नी की जान पर खेल गई है। वे लोग इलाज के बारे में क्या जानते हैं। हालांकि इस मामले में अधिकारिक रुप से कोई भी चिकित्सक या कर्मी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहा है। लेकिन नार्मल डिलेवरी कराने के नाम पर प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को प्रसव पीड़ा बढ़ाने के लिए इंजेक्शन लगाने के खामियाजा की चर्चा हो रही है।

> इसकी जानकारी नहीं है। इस मामले की जानकारी लेकर ही कुछ कह सकते हैं।
> **-डा.अवधेश सिंह, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गढ़वा।**

# झामुमो विधायक चमरा लिंडा का कुर्मी महासभा ने पुतला फूंका



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
झामुमों विधायक चमरा लिंडा के द्वारा कुर्मी समाज को अपशब्द भाषा का प्रयोग एवं आदिवासी सूची में शामिल होने का विरोध से आक्रोशित झारखंड कुर्मी महासभा इकाई गढ़वा जिला संयोजक गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल चौक चौरिया खरौंधी में झामुमों विधायक चमरा लिंडा का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के नेता गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि झारखंड प्रदेश में हम सभी कुर्मी समाज पूर्व में आदिवासी थे, आदिवासी हैं, और आदिवासी रहेंगे। कुर्मी समाज को आदिवासी सूची से बगैर किसी कारण, बिना गजट के आदिवासी सूचि से सन 1951 में हटा दिया गया जो कुर्मी समाज को बहुत बड़ी धोखा दिया गया था। झामुमो विधायक चमरा लिंडा के द्वारा जो खुले मंच से कुर्मी समाज पर अपशब्द टिप्पणी किया गया है। जिसका मैं घोर निंदा करता हूं एवं खंडन करता हूं चमरा लिंडा के द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। यदि माफी नहीं मांगे मांगते हैं तो अगला विधानसभा में पूरे झारखंड प्रदेश में इनका पुरजोर विरोध किया जाएगा। यह सभी घटना क्रम झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन के सह पर किया गया जिसका हम सभी कुर्मी समाज के लोग कड़ी निंदा करता हैं। अगर इनके द्वारा समय रहते माफी नहीं मांगवाते हैं तो इनको भी पूरे झारखंड प्रदेश में विरोध करेंगे और आने वाले 2024 विधानसभा चुनाव में नाकों चने चबाने का विवश करेंगे।

इस मौके पर कुर्मी समाज के नगीना चौधरी, अंतु पटेल, गोपाल चौधरी, मनोज कुमार चौधरी, शिव कुमार चौधरी, अमरनाथ चौधरी, धर्मराज चौधरी, अवधेश प्रसाद चौधरी, उप मुखिया सूर्यदेव चौधरी, सभापति चौधरी, सविता देवी, रीमा देवी, धनंजय कुमार, चंदन चौधरी, नंदन चौधरी, हरिनंदन चौधरी, अजय पटेल, लक्ष्मण चौधरी, विशुन दयाल चौधरी, जवाहिर चौधरी, विद्याधर चौधरी, लीला पटेल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# ढोल-बाजे के साथ से निकाली शिव बारात

### तत्पश्चात भक्ति जागरण का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
पुलिस लाइन में महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार की रात बाबा भोलेनाथ की बारात ढोल-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। बारात पुलिस लाइन शिव मंदिर से शिव धोड़ा तक निकाली गई, जो पुनः शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हो गई। इसका उद्घाटन मेंस एसोसिएशन के के सदस्यों ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। बारात में शामिल श्रद्धालू द्वारा जय शिव, जय शिव के जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। बारात के साथ पूरे रास्ते सार्जेंट मेजर ओम प्रकाश दास गढ़वा थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह सामिल रहे। वहीं बारात को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बारात में शिव-पार्वती, सांप, बिच्छू, विष्णु, ब्रह्मा, देव दानव मंडली, वानर सेना के झांकी आकर्षक की केंद्र बिंदु बनी रही। वहीं शोभा यात्रा में मनमोहक बैंड की धुन पर लोग झूमते नजर आए। शोभायात्रा के पश्चात पुलिस लाइन के परिसर में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात भंडारा कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष राजू कुमार चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पासवान, अंकेक्षक दिनेश कुमार, सचिव अशोक गोष, संयुक्त सचिव अफरोज खान, केंद्रीय सदस्य रिक्की सिंह रोहित चौबे, सन्तोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# शताब्दी समारोह मनाने को लेकर यादव महासभा की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
शनिवार को प्रांतीय यादव महासभा प्रखंड कमेटी रमना के तत्वधान में मध्य विद्यालय सिलिदाग-एक के प्रांगण में प्रखंड के यदुवंशीयों का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रताप कुमार यादव ने किया, बैठक का श्रीगणेश गढ़वा जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 26 फरवरी 2023 को गढ़वा के आशीर्वाद रेसिडेंसी के मैदान में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का शताब्दी समारोह मनाना सुनिश्चित हुआ है। 'जिसकी तैयारी हेतु यह बैठक किया गया। बैठक में प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव नें कहा की शताब्दी समारोह को सफल बनाने के लिए रमना प्रखंड के हर पंचायत से यदुवंशी भाई उपस्थित हो और हमारा जो मुख्य मांग है भारतीय सेना में अहिर रेजीमेंट यह मांग नहीं हक है हमारा,और देश में जातिगत जनगणना होना चाहिए। इस सम्बन्ध में केंद्र सरकार को पहले ही ज्ञापन दिया जा चूका है लेकिन सरकार इसपर अभीतक अमल नहीं किया है। कार्यक्रम में प्रदेश के महासचिव अजय प्रसाद यादव ने कहा की यह शताब्दी समारोह यादव भाइयों के लिए अति महत्वपूर्ण है इसको गंभीरता से लेनी चाहिए। गढ़वा जिला के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा की यह समाजिक एकता को प्रस्तुत करने का अच्छा अवसर है इसमे हम सबों को बढ़-चढ़ कर भाग लेना है। इस बैठक में युवा यादव अध्यक्ष सोनू यादव, अरविंद प्रसाद यादव, रुपेश यादव, सुनील कुमार यादव जिले से आये अन्य साथियों ने भी अपनी - अपनी बातों को रखा। इस सभा में प्रखंड के सभी पंचायतों से काफी संख्या में यादव उपस्थित हुए।

### शताब्दी समारोह को लेकर हुई बैठक आयोजित

**भवनाथपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के गठन के सौ साल पूरा होने के पश्चात गढ़वा के आशीर्वाद रेसीडेंसी के मैदान में होने वाले शताब्दी समारोह के आयोजन को लेकर भवनाथपुर के बुनियादी विद्यालय के प्रांगण में यादव समाज के लोगो द्वारा बैठक किया गया। बैठक की सुरुआत भगवान कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलित कर किया। बैठक के संबोधित करते हुए प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव ने कहा कि ऐसा कोई भी जाती का संगठन नही है जो शताब्दि समारोह मनाया हो क्योंकि किसी भी जाति का संगठन सौ साल तक नही चला है हमलोग को गर्व है कि हमारे समाज के अखंड भारत के लोग 17 अप्रैल 1924 को बिहार के पूर्णिया जिला में एकत्रित होकर पहली बार संगठन बनाए थे। बैठक में मुख्य रूप से 26 फरवरी को गढ़वा में होने वाले शताब्दी समारोह को भव्य बनाने पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव एवं संचालन बिरेन्द्र प्रसाद यादव ने किया। बैठक को जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव, रामजी यादव, रूपेश यादव, जगदीश यादव ने संबोधित किया। मौके पर प्रखंड महासचिव उमेश यादव, शैलेन्द्र यादव, अनील यादव, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# नि:शुल्क ह्रदय रोग शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
ज्ञान निकेतन विद्यालय के प्रांगण में जायंट्स क्लब एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क ह्रदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र के ह्रदय रोगियों ने इस शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं गढ़वा जिले के साथ साथ निकटवर्ती डाल्टनगंज जिले के लगभग 43 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। 25 से अधिक मरीजों में विभिन्न ह्रदय रोगों की पहचान की गयी। 8 मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गयी जिसमे दो शिशु भी शामिल हैं। कुछ अन्य रोगियों को हार्ट से संबंधित विशिस्ट जांचों की सलाह दी गयी। इसी क्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया की आज के शिविर में भी जन्मजात ह्रदय रोग से ग्रसित दो वयस्क महिलायें पायी गयीं, जिनमे से एक की बीमारी लाइलाज हो जाने के बहुत अधिक आशंका है। कुछ ऐसे भी रोगी पाये गये जिनको वर्षों पूर्व ऑपरेशन कराने का परामर्श दिया गया था परंतु उन्होंने ऑपरेशन नहीं कराया और अब उनके शरीर के अन्य अंगों में भी बीमारी के दुष्परिणाम दिखने लगे हैं। यह सुविधा और जानकारी के अभाव के चलत्ते नहीं बल्कि रोगियों में जागरूकता के अभाव के कारण हुआ है। डॉ विकास के साथ साथ जायंट्स क्लब के सभी सदस्यों ने भी रोगियों से अपने रोग एवं उसके सही उपचारी के बारे में जागरूक एवं तत्पर रहने की अपील करते हुए बताया कि अब शहर के अंदर ही ह्रदय रोगों की पहचान के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध हैं इसलिए उपचार में विलंब बिलकुल स्वीकार्य नहीं है। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा की 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह एवं अस्पताल प्रशाशन प्रतिबद्ध है। इस सन्दर्भ में जायंट्स क्लब के सहयोग से ही अगले माह के तीसरे रविवार 19 मार्च को पुनः शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**आयोजन** | झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन

# भाजपा की नीयत ठीक नही है : अनंत

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**
झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन रामवि विशुनपुरा के मैदान में रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कहा कि साम्प्रदायिक शक्तियां राज्य को चारागाह बनाने का काम कर रही है।






जो कभी भी झामुमो के शासन में सम्भव नही है। यहां के राज्य अमीर है और लोग गरीब हैं। यहां कोयला, अबरख, इस्पात यूरेनियम जैसे महंगे धातुओं के रहने के बावजूद लोगो को इसका लाभ नही मिल रहा है। झारखंड राज्य का सपना का जो उद्देश्य था। वह पूरा नही हुआ। 1932 का खतियान लागू होने से राज्य में मूलवासी का विकास होता लेकिन इसका मूल विरोधी भाजपा है। अर्नगल बयान बाजी में भानु का कार्यकर्ताओं का नाम अव्वल रूप में है। भाजपा की नीयत ठीक नही है। वह राज्य को बर्बाद करने पर तुली है। यहां के पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के हैं जो यहां के लोगो को नही समझेंगे। वह 1985 का खतियान ला रहे थे। झामुमो 1932 के खतियान लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। जो लागू होकर रहेगा। आज बिजल बिल घर-घर मिल रही है। 100 यूनिट बिजली बिल माफ करने की योजना लाभदायक है। लोग इसका लाभ मीटर लगवा कर ले सकते है। उन्होंने कहा कि बहुप्रतीक्षित बालचौर पुल खरौंधी के डोमनी बराज पीसी के चलते बंद है। नफरत का माहौल कायम करना चाहती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने की राजनीति करन चाहती है। लोगों में आपसी भाईचारा को समाप्त करना चाहती है।

वही युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव ने कहा कि इस समारोह में विशुनपुरा के युवओ का एक अलग ही जोस देखने को मिल रहा है। उन्होबे कहा की आने वाला समय युवाओं का एक नया झारखंड है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की भीड़ से यह प्रतीत होता है कि इस बार भानु को खदेड़ने की कार्य करेगी।

इस कार्यक्रम को संबोधित युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, जिलापरिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी एवं सभा का संचालन नवल किशोर गुप्ता ने किया।

इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने चितरी गांव से झामुमो नेताओं का स्वागत में मोटरसाइकिल रैली निकाली। जो विशुनपुरा मुख्य पथ से अपर बाजार होकर कार्यक्रम स्थल पर आकर समाप्त हुयी।

इस मौके पर कमता प्रसाद, लालू राम, मुकेश सिन्हा, तस्लीम खान, निर्मल पासवान, मुखतेश्वर पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, ऐनुल अंसारी, लतीफ अंसारी, सुरेश भंडारी, सजंय गुप्ता, माणिक सिंह, ज्ञासुदीन अंसारी, आलम अंसारी, श्याम सुंदर चन्द्रवंशी, भुखन साव, शिवकुमार यादव, गुपाल राम, सोनू देव, अरविंद प्रताप देव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भवनाथपुर ने लोहड़ी को 63 रन से हराकर फाइनल मुकाबला जीता

# खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है : अनिल पासवान

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
केतार प्रखंड के परसोडीह हाई स्कूल के मैदान में आयोजित शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भवनाथपुर की टीम ने लोहड़ी (पड़वा)की टीम को 63 रन से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भवनाथपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 245 रन का विशाल स्कोर बनाकर लोहड़ी (पड़वा) के टीम के समक्ष 246 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी लोहड़ी की टीम 16.4 ओवर में 182 रन बना कर आल आउट हो गयी। इस तरह भवनाथपुर की टीम ने 63 रन से फाइनल मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच भवनाथपुर टीम के रवि को मिला



वहीं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सोनपुरा टीम के चिकू कुमार को मिला। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए आयोजनकर्ता पुर्व मुखिया अनील पासवान ने कहा की इस तरह का खेल का आयोजन प्रखंड क्षेत्र में होने से खिलाड़ीयों को अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा की आज इस क्षेत्र के युवा खेल से दुरी बना रहे हैं जबकि पढ़ाई के साथ- साथ खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा की आगे भी इस ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट मेंट का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, संजय वर्मा, लव वर्मा एके मोर्या, रमेश बैठा, सतेन्द्र गुप्ता, देव कुमार ठाकुर, मनीशंकर गुप्ता, शिव वरण साह, ब्रह्मदेव गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया शोभायात्रा का स्वागत



**मेदिनीनगर।** खाटू श्याम का निशान यात्रा रविवार को निकाला गया। हर वर्ष की तरह अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल ने जोरदार पटाखों के साथ शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा से किया व शरबत पिलाया। इस स्वागत कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रवाद अविनाश कुमार राजा ,जिला प्रमुख ने किया। उनके साथ राष्ट्रीय बजरंग दल के स्वयंसेवक सौरभ चंद्रवंशी, विनय विश्वकर्मा, विकास चंद्रवंशी, अभिषेक जायसवाल, आर्यन चंद्रवंशी आयुष कुमार ने मोर्चा संभाला। ये यात्रा अग्रसेन भवन से पुरे बाजार में भ्रमण करते हुए अपने स्थान पर पहुंचा। जिसमें सैकड़ो महिलाएं एवम पुरुष शामिल हुए। अविनाश कुमार राजा ने हिन्दू समाज से आग्रह किया की खाटू श्याम जी सभी के प्रिय है जिस तरह श्री कृष्ण जी है। इसलिए हम सब को उनका उत्सव मनाना चाहिए ।

### डॉ. विजय कुमार सिंह को लाइफटाइम अवार्ड

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विजय कुमार सिंह को प्रतिष्ठित झारखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन जुआकौन की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें उनके 30 वर्षों से अधिक की उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है। जुआकौन की ओर से शनिवार को रांची में आयोजित एक स्टेट कॉन्फ्रेंस समारोह में डॉ विजय कुमार सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डाक्टरों ने कहा कि डॉ विजय कुमार सिंह ने अपने तीन दशक के ज्यादा लम्बे करियर में पलामू जिले के गरीब से गरीब लोगों की बेहतरीन सेवा की है। वे एक हड्डी रोग विशेषज्ञ के तौर पर जिले के कई पिछड़े ब्लॉक में कार्यरत रहे हैं । जहां सुविधाओं और संसाधनों का घोर अभाव रहा है। इसके बावजूद डॉ विजय सिहं ने हमेशा आभाव ग्रस्त मरीजों की सेवा को सर्वोपरि माना। इन्होंने कभी भी अपने कार्यकाल में पैसों की परवाह नहीं की। साथ ही सरकारी संस्थाओं और संसाधनों पर लोगों का विश्वास पैदा करने का प्रयास किया। डॉ विजय सिंह ने कई हजार ऑपरेशन सदर अस्पतालों में किया हैं।

### शिवरात्रि महापर्व को लेकर भंडारा व भक्ति जागरण का आयोजन



**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शहर के हॉस्पिटल चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में भक्ति जागरण व भंडारा का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किये गए भक्ति जागरण से वहां बैठे दर्शक मग्नमुग्ध हो गए। वही भंडारा का भी आयोजन किया गया । जिसमें मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी के हाथों से लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

# शिव-शक्ति की भक्ति से ही संभव है जीवन का कल्याण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सलतुआ पंचायत के झरीवा शिव मंदिर के निकट तहले नदी के तट पर आयोजित मेला में भक्ति पूर्ण संकीर्तन सह दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजन सिन्हा ने कहा कि शिव शक्ति की आराधना और भक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव है। इस भौतिकवादी युग में शिव शक्ति की आराधना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भक्ति हमें अंतः यात्रा की ओर अग्रसर करती है। ऐसे आयोजनों का होना अत्यंत आवश्यक है । अन्यथा मानव जीवन निरर्थक एवं भावहीन हो जाएगा। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा कि विशाल जनसमूह का मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेना अत्यंत हर्ष का विषय है। आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वास सिंह ने कहा कि तहले नदी के तट पर मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हमारी परंपरा रही है तथा इसे हम आगे भी करते रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम का संचालन सोनू गुप्ता के द्वारा किया गया। मौके पर युवा जागृति केंद्र के जिला सचिव अमित रंजन, छोटू तिवारी, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष हरिद्वार सिंह, सचिव मुरलीधर सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, राहुल पासवान, प्रवीण पासवान बिट्टू, कृष्णा सिंह, संजय कुमार रवि, अरुण चंद्रवंशी, आस मोहम्मद अंसारी, जोखन सिंह, सुभाष सिंह,रुपन सिंह, जगदीश सिंह, अकलेश सिंह, रामदेव सिंह, पिंटू सिंह, कमलेश सिंह, रमेश सिंह, प्रेमचंद सिंह, गुप्ता प्रसाद गुप्ता, रविंद्र सिंह, हरिनाथ सिंह, संजय साव एवं हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# हादसे में दो की मौत, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के सखुआ ग्राम में दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई। जिसमें में दो लोगों की मौत हो गई । जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सखुआ में दो बाइक की जोरदार टक्कर में सतबरवा थाना क्षेत्र के खामडीह निवासी बिहारी मेहता का पुत्र अंकेश कुमार 25 वर्ष और यूपी के ललितपुर जिला निवासी 24 वर्षीय मुकेश कुमार सिंह की मौत गई। वहीं इस घटना में आनारती देवी, चंदन कुमार और अजीब कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इलाज के बाद घायल चंदन कुमार और अजीत कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची



रेफर कर दिया गया। वही मृतक को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताते चलें कि पाटन थाना की पुलिस घायलों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचा दिया । लेकिन इलाज व पोस्टमार्टम में शहर थाना के एएसआई नबी अंसारी की अहम भूमिका रही । मौके पर उपस्थित एएसआई नबी अंसारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद सदर अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था । जिसे शांत कराने में काफी समय लगा। उन्होंने कहा कि अपाची बाइक पर सवार लोग काफी स्पीड में थे। जिसके कारण वे अनियंत्रित हो गये और यह दुर्घटना घटी। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और घायलों को रांची भेजने में सहयोग किया।

### श्री श्याम मित्र समिति ने धूमधाम से निकाली निशान शोभा यात्रा

# पलामू से 121 श्रद्धालु पहुंचेंगे खाटू धाम

**ओम प्रकाश प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** श्री श्याम मित्र समिति के द्वारा कोयल नदी के तट पर महाराजा अग्रसेन भवन स्थित श्याम मंदिर के प्रांगण से रविवार को निशान शोभायात्रा निकाली गई। निशान पूजन के बाद यात्रा गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। जिसमें सभी भक्तगण नाचते-गाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा दोपहर 3 बजे से निकाली गई। जो शहर के प्रमुख चौक चौराहे से होते हुए बस स्टैंड, छह मुहान चौक, स्टेशन रोड व मेन बाजार होते हुए अपने अंतिम पड़ाव महाराज अग्रसेन भवन मंदिर के प्रांगण में पहुंची। इस शोभायात्रा में निशान हाथ में लेकर चल रहे सभी महिला-पुरुष श्याम भक्तों को रास्ते में जगह-जगह पर स्वागत किया गया। निशान शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष अपने हाथ में निशान लिये थे। कतार बद्ध होकर गाजे-बाजे की धुन में झूमते हुए चल रहे थे।





श्रद्धालुओं की लंबी कतार शहर का आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा के आगे श्री श्याम बाबा का आकर्षक रथ चल रहा था। रथ के पीछे ढोल नगाड़े व डीजे की धुन में श्याम भक्त झूम रहे थे। महाराजा अग्रसेन भवन में बाबा को निशान समर्पित करने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में मौजूद श्याम भक्तों ने भंडारा का आनंद लिया। बाहर के कई जगहों से पहुंचे प्रसिद्ध ढोल नगाड़े के साथ देर शाम मंदिर परिसर में संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया। साथ ही दिन मंगलवार को मेदिनीनगर से गरीब रथ से डेहरी ऑनसॉन ,सासाराम, मुगलसराय, सहित अन्य जगहों से दिल्ली होते हुए खाटू धाम राजस्थान निशान लेकर 121 श्रद्धालुओं पहुंचेंगे। शोभायात्रा के श्याम भक्त मंडली के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,विमल उदयपुरी, अंशुमल उदयपुरी, पुनीत लाठ, श्याम पोद्दार, विमल ,श्याम ,दिनेश ,सुमित ,पवन दारूका, मानस , टीकू, रिया, सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अभ्यर्थियों के जिला विकल्प की अंतिम तिथि आज

**मेदिनीनगर।** पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के लिए आयोग के तरफ से जारी जिला विकल्प का आज अंतिम तिथि है। 13 फरवरी की देर रात आयोग ने जिला विकल्प का मौका दिया था । लेकिन पलामू के अभ्यर्थियों को 15 फरवरी से इंटरनेट बाधित होने से जिला विकल्प का फॉर्म भरने में समस्या हो गई। आज आयोग के द्वारा दिया गया समय का अंतिम तिथि है। वही,हाई स्कूल के मूल याचिकाकर्ता को भी आयोग के द्वारा जल्द ही जिला विकल्प का लिंक दिया जाना है। वैसे तो पलामू में रविवार की सुबह 11 बजे से इंटरनेट सेवा जारी कर दी गई है। ज्ञात हो कि पंचायत सचिव में पलामू से अनेकों अभ्यर्थियों ने सफलता पाई है।

# सौहार्द का मिसाल हमेशा बना रहा पलामू

### पांकी की घटना में सुख, शांति, समृद्धि की राजनीति पर हो फोकस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो के एक युवा नेता ने आम लोगों से शांति की अपील करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी है। पांकी में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा पालने वालों को हिदायत देते हुए उन्हें सुधरने एवं संवेदनशील मुद्दे पर विपक्षी राजनेताओं को राजनीति से बाज आने की नेक नसीहत दी है। पांकी में हुए पत्थरबाजी की घटना से व्यथित आम आवाम को गुमराह करने वालों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पलामू की गंगा जमुनी तहजीब को चोटिल करने वालों को पलामू ने शांति बनाए रखकर करारा जवाब दिया है। बिगड़ते हालात को जिस तरह से राज्य की हेमंत सरकार ने समय रहते जिला के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से नियंत्रण हासिल किया है वो प्रशंसनीय है। प्रेम एवं सद्भाव के बीच नफरत का कोई जगह नहीं है। राज्य की हेमंत सरकार ने पिछले सवा तीन सालों में जो उपलब्धियां हर एक मोर्चा पर हासिल की है। उन्होंने जनता से एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए राज्य का सम्मान एवं सद्भाव को बनाए रखने का आह्वान किया है।

### पत्रकार ने मनाई पत्नी की पुण्यतिथि

**नावा बजार।** पलामू जिला के तोलरा ग्राम निवासी स्थानीय पत्रकार राम निवास तिवारी ने रविवार को पड़वा प्रखंड के मुसहर टोला में मिठाई, चॉकलेट, कोल ड्रिंक को बांटकर अपनी पत्नी स्व. पुष्पा देवी की सातवीं पुण्यतिथि मनाई। पत्रकार राम निवास तिवारी ने बताया कि मेरी पत्नी हमेशा से समाज में दबे कुचले शोषित व जरुरतमंद की सहायता करती थी और भूखों को भोजन कराती थी। दान पुण्य करना उसकी प्राथमिकता थी। जिससे प्रेरणा लेकर उसके पथ पर चलते हुए मैं भी हमेशा बेसहारा का सहारा बनता रहा हूं। श्री तिवारी ने बताया कि आज से सात वर्ष पूर्व मेरी पत्नी ने एक पुत्री तथा एक पुत्र को छोड़कर संसार से विदा हुई थी।

# उत्कृष्ट शिक्षा से बेहतर बदलाव संभव है : अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गायत्री मंदिर रोड स्थित ऑक्सीजनेशन ट्यूटोरियल का उद्घाटन रविवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, विशिष्ट अतिथि प्रो. एससी मिश्रा, शिक्षक एम के झा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर कोचिंग का उद्घाटन किया। तत्पश्चात सभी अतिथियो ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मौके पर शिक्षाविद एससी मिश्रा ने कहा कि यह कोचिंग अपने नाम के अनुरूप लोगों में ऑक्सीजन रूपी शिक्षा प्रदान करेगा ऐसा मुझे विश्वास है । ज्ञान निकेतन स्कूल के शिक्षक एमके झा ने कहा कि इस कोचिंग संस्थान के खुलने



से छात्रों को काफी सुविधा मिलेगी। आज के युवा पीढ़ी को अपनी पूरी ऊर्जा का प्रयोग शिक्षा में लगाना चाहिए। ताकि उनका भविष्य बेहतर हो सके। मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा कि समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए समाज के लोगों का शिक्षित होना बेहद आवश्यक है। निश्चित तौर पर यह संस्थान बच्चों के उज्जवल भविष्य को गढ़ने का कार्य करेगा । मौके पर गौरव तिवारी, विशाल राज, अमित सक्सेना, गुंजन तिवारी सहित सभी शिक्षक और आसपास के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पलामू में आज से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआतः बिट्टू

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रत्नाग पंचायत के ओबरा गांव से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की एवं अध्यक्षता पांडू प्रखंड के अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला ने किया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। । पलामू जिला में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा लगभग 1500 बूथ 21 प्रखंड 271 पंचायत एवं जिला के तमाम घरों में जाकर राहुल गांधी के संदेशों को बताने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विकास ने किया भाजपा के सक्रिय सदस्य मनदीप राम ने कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया पंचायत सदस्य बिहारी बैठा मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, जिला के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, संतोष चौबे, ईश्वरी प्रसाद सिंह, सतनारायण तिवारी, सुधीर चौबे ,युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, राजेश चौरसिया, अजय साहू ,सौरभ तिवारी ,उमाशंकर तिवारी , देवांश शुक्ला, सौरभ पांडे, शैलेश मेहता, बुला सिंह, सत्येंद्र सिंह, जेवराती अंसारी, अब्बास अंसारी, अमीन अंसारी, मुख्तार अंसारी, दुलारे शुक्ला, चुन्नू शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला, अमित दुबे, अखिलेश विश्वकर्मा ,सुनील शुक्ला, राम मनोहर चौबे, रमेश पांडे ,देवानी कुमार ,सत्यवती देवी, भीम राम, परशु महतो ,काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक गंभीर, रेफर

**नवीन मेल संववादात**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नदिआईन गांव निवासी गोबिंद चौधरी का 30 वर्षीय पुत्र गोपाल चौधरी ने पारिवारिक विवाद में जहरीला पदार्थ खा लिया। उसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति में परिजनों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

**बैठक** | पलामू व्यापारियों ने कृषि कानून के विरोध में बंदी वापस ली

# बंदी से पलामू के व्यापार में करोड़ो का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में राज्य सरकार के द्वारा बनाये गए कृषि कानून के विरोध में लगातार चार दिनों से चल रहा बंदी रविवार को वापस ले ली है। राज्य के चैंबर ऑफ कॉमर्स के आदेशानुसार शनिवार की शाम को ही बंदी वापस कर लिया गया था। लगातार चार दिनों के बंदी रहने से पलामू में भी करोड़ो का व्यापार प्रभावित हुआ है। झारखंड सरकार के कृषि मंत्री द्वारा सदन में पारित कराए गए नए कृषि कानून विधेयक के विरोध में पलामू के सारे व्यवसायी एकजुट हो गए थे। रविवार की सुबह से ही बाजार में स्थानीय व्यवसायी अपने अपने दुकान को खोला। रविवार होने के बावजूद भी सभी व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानें खोल ली। स्थानीय आढ़त के समीप लगाया गया टेंट भी हटा लिया गया और बंदी समाप्त कर दी गई। इसके पूर्व शनिवार की शाम सभी व्यवसायी एकजुट होकर सरकार के काले कानून का विरोध करते हुए रैली भी निकाले।




कृषि मंत्री के खिलाफ नारे भी लगाए गए। वही जल्द कानून वापस लेने की मांग किया गया। वही सन्नी गुप्ता ने बताया कि इस तरह के कानून से व्यापार में नुकसान होगा और लोगो को आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। इधर चैंबर ऑफ कॉमर्स के आवाहन पर पलामू सहित झारखंड के व्यवसायी अपना प्रतिष्ठान खोल दिया। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने भी व्यवसायी से अपील की है कि पलामू के सभी खाद्य व्यापारी, टिंबर व्यवसायी ,एवं कच्चे माल के विक्रेता एकजुट होकर इस काले कानून का विरोध किया जो एक मिशाल है। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि उस कानून के लगने पर केवल आटे और मैदे में लगभग 5 रुपये की वृद्धि हो जाएगी। पूर्ण रूप से इंस्पेक्टर राज एवं धूस का बाजार गर्म हो जाएगा।जरूरी कागजों के नाम पर दोषियों का दोहन किया जाएगा एवं छोटी मोटी भूल को भी बड़ी बनाकर एक बड़ा भ्रष्टाचार का व्यापार शुरू हो जाएगा । मौके पर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, संरक्षक नवलपुर तुलस्यान, सचिव राजेंद्र कुमार उर्फ नागिन, सचिव पप्पू सराफ सह सचिव महेंद्र अग्रवाल, पपन कुमार, रामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, संजय भगत ,सुनील गुप्ता, फिरोज अंसारी, आलू प्याज संघ के सहयोगी गौस मोहम्मद पप्पू गुड्डू एवं करीमन प्रसाद के साथ सैकड़ों की संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे।

### क्या है कृषि कानून में

कृषि मंत्री द्वारा पारित कराए गए कानून में कृषि उपज या पशुधन जो पांच क्विंटल से ज्यादा का खरीद बिक्री किया जाएगा तो बाजार समिति का लाइसेंस लेना अनिवार्य हो जाएगा। वही, 2% कृषि कर देने के साथ साथ विभिन्न अनुज्ञप्ति को भी भरना होगा। इसे संभालकर अपने पास रखना होगा। इसमे थोड़ी सी चूक में कृषि कर अफसरों के द्वारा व्यापारियों का भयादोहन शुरू हो जायेगा।

# महाशिवरात्रि पर करंगागुड़ी शिव धाम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## मजदूर नेता ने कहा : युवा पीढ़ी अपने धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए करें कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
महाशिवरात्रि के मौके पर करंगागुड़ी स्थित शिव धाम में देर रात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता मुख्य संरक्षक संजय समीर सिंधिया, संरक्षक वीरेंद्र सिंधिया, समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, देवकीनंदन साय, के द्वारा विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार सहदेव बड़ाईक के द्वारा भगवान भोलेनाथ की भक्ति वंदना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर प्रत्येक वर्ष यहां पर भव्य मेला के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का आराध्य करते हुए यहां पर भव्य शिव बारात का आयोजन किया जाता है। जो कि सिमडेगा जिले के लिए ऐतिहासिक धरोहर है। हमें अपनी संस्कृति और अपने धरोहर को बचाने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता है। वहीं उन्होंने कहा कि आज समाज में नशा पान के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद हो जा रही है। ऐसे में हमें सभी लोगों को उन्हें मुख्यधारा में लाते हुए समाज के उत्थान कार्य में लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन करने से लोगों में सामाजिक समरसता पड़ती है और प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन अवश्य होनी चाहिए। मौके पर केसो देवी, निशा देवी, अंजना देवी, नारायण बड़ाईक सहित अन्य कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। वहीं स्काई म्यूजिकल ग्रुप सिमडेगा के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मंदिर परिसर के पास पंडित इंद्र शंकर झा के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन की भी प्रस्तुति की जहां पर भक्तों ने भजन का आनंद लिया इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## बोलबा प्रखंड के वनदुर्गा में रामरेखा बाबा का भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल मालसाड़ा वनदुर्गा में रामरेखा बाबा अखंड दास जी महाराज का समिति द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जहुरण सिंह एवं समिति के सदस्यों द्वारा फूल माला एवं शोल ओढ़ाकर अखंड दास जी महाराज एवं उनके साथ आए सभी सन्त महात्माओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर रामरेखा बाबा के साथ आए सभी सन्त महात्माओं ने वनदुर्गा मन्दिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया। साथ ही वनदुर्गा माता की इस छेत्र के लिए बहुत बड़ी कृपा बताया। इस मौके पर सभी अतिथियों को वनदुर्गा की स्मारिका भेंट किया गया। इस मौके पर अखंड दास जी महाराज ने उपस्थित लोगों को ओइम का अर्थ बताते हुए कहा कि माता के अनेक रूप हैं। श्रद्धा और विश्वास के साथ अधिक से अधिक समय माता को समर्पित करें।

शक्ति और शक्तिमान में कोई अन्तर नहीं है। इंद्रियों का कोई लेखा-जोखा नहीं है। उन्होंने अधिक से अधिक समय रामरेखा धाम सहित जिले के सभी धार्मिक स्थल एवं धर्म तथा समाज के लिए देने की बात कही। इस मौके पर रामरेखा धाम के सचिव ओमप्रकाश साहू, रामरेखा धाम के सचिव तपेश्वर प्रसाद, धर्म प्रचार- प्रसार प्रमुख दीपनारायण दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डॉ0 हरि आचार्य जी महाराज, भोला दास जी महाराज, रामसेवक जी महाराज, संजय दास जी महाराज, लक्षमन दास जी महाराज, आजम गढ़ के शिक्षाविद पदम सिंह जी वनदुर्गा समिति के जहुरण सिंह, कैलाश सिंह, कलिंदर सिंह, नीलाम्बर महतो, प0. संजय मिश्रा, गजेंद्र सिंह के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## तापूडेगा पंडरीपानी में अखंड हरिकीर्तन की पूर्णाहुति



**ठेठईटांगर।** रविवार को तापुडेगा पंडरीपानी प्राधान टोली में हरि कीर्तन पुणार्हुति, हवन आरती भंडारे एवं धर्म सभा के साथ सम्पन हुआ। बताते चलें के महाशिवरात्रि के अवसर पर कलस यात्रा एवं हरि नाम जप का आयोजन किया गया था। अखंड हरि कीर्तन में तापुडेगा मंदिर समिति जोराम, कीर्तन मंडली अलसंगा, कीर्तन मंडली टुकुपानी, कीर्तन मंडली सायपुर, कीर्तन मंडली कोलेबिरा शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप मे बजरंग दल सयोंजक बबलू अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रमुख विहिप बी के साहू, विहिप महामंत्री कृष्ण कुमार शर्मा, बजरंग दल सह संयोजक आनंद जयसावल, मंत्री सुबोध महतो एवम दुर्गा वाहिनी टी टंगर रिखी मुनि देवी शामिल हुए। इस अवसर पर शपत्निक उपेंद्र प्राधान यजमान के रूप में पुरोहित पीताम्बर सुक्ला, भरत भूषण सुक्ला सशिकान्त ने पूरे विधि विधान से पूजा एवं महाशिवरात्रि व्रत कथा को सुनाया। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में मुख्य रूप से चन्दन प्रधान, दिलीप प्रधान, रामजीत बड़ाईक, सुंदरू प्रधान, ब्रजेश प्रधान, प्रह्लाद नायक, रोहित नायक, राजू नायक, रेखा देवी,रेखा प्रधान, मातंगी देवी, बिमला देवी, शन्ति कुमारी, कुलदीप प्रसाद, जयप्रकाश गुप्ता आदि लोग शामिल हुए।

## NEWS इन ब्रीफ

### वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन

**ठेठईटांगर।** रविवार को सेविका सहायिका संघ ठेठईटांगर के द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन केलाघाघ परिसर में किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन मिंज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा आप लोग समाज का एक बहुत विशिष्ट अंग हैं आपके द्वारा समाज एवं हमारे गांव का विकास में बहुत सहयोग मिलता है। साथ ही साथ सरकार के हर एक कार्य में आप लोगों का भरपूर सहयोग रहता है आप लोग कभी हार नहीं मानते हैं, आप लोगों को जो भी कार्य दिया जाता है, उसे आप लोग बखूबी निभाते हैं। आप लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद कि आप लोगों ने इतना अच्छा मिलन समारोह का आयोजन किया एवं आप लोगों ने मुझे यहां बुलाया इसके लिए आपको तहे दिल से धन्यवाद। साथ ही संगठन के अध्यक्ष सेरूफीना डुंगडुंग एवं सचिव मधु खेस ने कहा संगठन को एकजुट करना है, संगठन की मजबूती पर जोर देना है, एकजुट रहने का आह्वान किया गया। इस मौके पर प्रखंड की सभी सेविका एवं सहायिका उपस्थित थे।

### तेली उत्थान समाज की बैठक, चुनाव पर चर्चा

**लोहरदगा।** स्थानीय तेली धर्मशाला में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक हुई। जिसमें सिटीयूएस का नए सत्र का चुनाव पर परिचर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से समाज के विभिन्न पदों के प्रत्याशियों द्वारा जमा किए गए आवेदन पत्रों की जांच की गई। जिसमे जांचोपरांत निर्णय लिए गया। जिला अध्यक्ष पद हेतु प्राप्त दो प्रत्याशी मनोज साहू एवं जयनाथ साहू के आवेदन पत्र सही पाए गए। जबकि जिला महासचिव के पद के लिए दिलीप कुमार साहू का आवेदन पत्र त्रुटिपूर्ण रहने, अभिषेक कुमार गुप्ता के आवेदन में पद का नाम फोटो एवं हस्ताक्षर नहीं रहने के कारण रद्द कर दिया गया। युवा अध्यक्ष दीपक कुमार साहु, युवा सचिव पद के लिए सचिन कुमार का आवेदन सही पाया गया। शेष पदों के लिए आवेदन प्राप्त नहीं हों पाए उन पदों के लिए 23 फरवरी की बैठक में कोर कमेटी का सदस्यों द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

### वनपालन समिति की बैठक आयोजित

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के जिलिंगा राजस्व ग्राम में में वनाधिकार कानून 2006 के तहत वन पालन समिति की बैठक जोशेफ तिर्की की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को आमंत्रित किया गया था।इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 भारत सरकार का एक महत्वाकांक्षी और जनहित का कानून है। इसे सभी लोगों को जानने की जरूरत है। मौके पर सूरसेन टोप्पो, ऑस्कर लकड़ा, प्रकाश बारवा, तेलेस्फोर लुगुन, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा मंडल कारा में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# जमानत मिलने के बाद भी बंदी बाहर नहीं निकल पाये: सचिव




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा मंडल कारा में जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने अभियुक्तों को संबोधित किया। जबकि डालसा सचिव राजेश कुमार ने कैदियों से कहा कि कैदियों के बीच लोहरदगा डालसा की दो प्राथमिकताएं हैं। जिन कैदियों को केस लड़ने के लिए अपने वकील नहीं है, उसे सरकारी खर्च पर डालसा पैनल से वकील मुहैया कराना एवं जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के शर्तों के कारण वो जेल से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं उन्हें संबंधित कोर्ट से जमानत के शर्तों में बदलाव करा कर कैदियों को जेल से बाहर निकलवाना। डालसा सचिव राजेश कुमार ने जेल के पीएलवी व जेल प्रबंधन को बताया कि जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के कठिन शर्तों के कारण वह जमानत पर बाहर नहीं आ सका वैसे कैदियों की पहचान कर अविलंब डालसा कार्यालय को सूचित करें। क्योंकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 31 जनवरी 2023 को एक आदेश पारित करते हुए यह कहा है कि जिन कैदियों का जमानत हो जाता है, संबंधित कोर्ट बेल ऑर्डर की एक प्रति अविलंब जेल को मेल से भेजेगी। यदि 07 दिनों के भीतर बंदी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो इसकी सूचना जेल अधीक्षक डालसा सचिव को देंगे। डालसा सचिव ऐसे कैदियों की आर्थिक/सामाजिक पृष्ठभूमि प्रोबेशन ऑफिसर से प्राप्त कर संबंधित कोर्ट को जमानत के शर्तों में बदलाव के लिए आवेदन दे सकती है। न्यायालय अभियुक्त को टेंपरोरी बेल पर भी छोड़ सकती है ताकि वह अपने प्रतिभुओं की व्यवस्था कर सके।

यदि 01 माह तक कैदी जमानत मिलने के पश्चात भी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो न्यायालय स्वतः जमानत की शर्तों पर पूर्ण विचार कर सकती है। यदि लोकल जमानतदार नहीं मिलने के कारण अभियुक्त जेल से बाहर नहीं निकल पाता तो ऐसी स्थिति में न्यायालय लोकल बेलर के शर्तों में परिवर्तन कर सकती है। डालसा सचिव ने संबंधित जेल अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में उपरोक्त निर्देश का पालन करते हुए सप्ताहिक रिपोर्ट डालसा कार्यालय को सौंपे। इस अवसर पर कारा में बंद विभिन्न कैदियों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसका निराकरण संबंधित न्यायालय से मिलकर किया जायेगा।

# लेटाबेड़ा बंडानदी तट पर महादेव की पूजन व भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा बंडानदी के तट पर स्वयंभू महादेव का भक्तों ने पूजन कीर्तन एवं भंडारे का किया आयोजन। इस मौके ओर बताया गया कि बोलबा मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर लेटाबेड़ा गाँव के बंडा नदी के तट पर स्वंयभू भगवान महादेव प्रगट हुए है जहां प्रतिदिन पूजा करने के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी रहती है। इसकी घटना के संबंध में केरसई प्रखंड अंतर्गत डायरटाड़ गांव की महिला विमला देवी ने बताई कि लगभग 2 साल पूर्व स्वयंभू महादेव ने मेरे स्वप्न में आकर कहां की मैं लेटाबेड़ा गांव के झरिया मुख्य पथ के किनारे बसा हुआ हूं। जो कि सुबह उठते ही विमला देवी ने स्वप्न समझकर भूल जाना समझी। मन में सोचा कि यह सिर्फ स्वप्न है और कुछ नहीं` पर परमात्मा को कुछ और ही मंजूर था। कुछ दिनों बाद महादेव ने फिर से 2022 के सावन महीने के शनिवार के दिन फिर भक्त विमला देवी के स्वप्न में फिर दर्शन देते हुए कहा कि मैं लेटाबेड़ा गांव के झरिया के पास मुख्यपथ के किनारे बसा हुआ हूं। जिसके बाद भक्त विमला देवी ने मन बनाया की बार-बार प्रभु स्वप्न में दर्शन दे रहे हैं अब तो मुझे उस जगह जाना ही होगा। जिसके तुरंत बाद विमला देवी ने लेटाबेड़ा गांव के जिस जगह में स्वप्न में महादेव को देखा था उस जगह जाकर देखा तो सच में भू-महादेव स्वयं प्रकट हुए हैं। जिसके बाद विमला देवी ने लेटाबेड़ा गांव पहुंचकर तमाम घटनाक्रम को गांव वालों के समक्ष रखा। इस बात की सूचना पाकर गांव वालों ने तुरंत उस जगह जाकर देखा तो सच में भू महादेव के शिवलिंग एवं नंदी महाराज शेषनाग गणेश जी की विग्रह और कई विग्रोह को साक्षात देखा। जिसके बाद गांव में कौतूहल एवं खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं लोगों ने कीर्तन करना शुरू कर दिया। जिसके बाद गांव के पहान पुरोहित रामेश्वर प्रधान के द्वारा विधिवत यथासंभव पूजन अर्चना किया गया। इस बात की खबर आग की तरह पूरे प्रखंड में फैल गई। दूर-दूर से लोग स्वयंभू महादेव के समक्ष आकर पूरे भक्ति भाव से कीर्तन एवं पूजन पाठ हवन शुरू कर दिया। महाशिवरात्रि के पावन दिन से ही लोगों का हुजूम भू-महादेव के समक्ष भारी संख्या में उमड़ने लगा। जिसके बाद कीर्तन पूजन करते हुए अंत में रविवार को पूरे विधि विधान के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस कीर्तन मंडली एवं विधि विधान में मुख्य रूप से ग्रामीण हीरा प्रधान शुभम प्रधान गजाधर सिंह चंदन कुमार वीरेंद्र प्रधान मुरली प्रधान रामलाल प्रधान सुरेंद्र प्रधान पूरन प्रधान श्यामलाल प्रधान रामेश्वर प्रधान जागेश्वर प्रधान मिनथा प्रधान फेकू प्रधान जोगेंद्र प्रधान आशारू प्रधान सेवक प्रधान जयसिह प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई।

## जंगली हाथी ने महिला को कुचला, मौत

**कुडू।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के मसियातू में रविवार शाम एक जंगली हाथी ने मसियातु गांव निवासी दुखना तुरी की 35 वर्षीय पत्नी मुनिया देवी को अपने पैर से कुचल दिया। जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गई। घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम जंगल से भटक कर हाथी मसियातु गांव पहुच गया। हाथी के गांव में घुसने से खमहार, मसियातु, सलगी, के ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। ग्रामीण हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने में लगे हुये है। इधर वन विभाग की ओर से फिलहाल कोई कदम नही उठाये जाने से लोगों में आक्रोश है।

# भाजपा नगर मंडल की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर परिचर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भाजपा नगर मण्डल कार्यसमिति की बैठक में किए गए कार्यों और आगामी कार्यक्रमों पर गहन विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि नगर परिषद और केंद्रीय चुनाव सर पर है। इसलिए कार्यकर्तों को जीतोड़ मेहनत करना होगा। भाजपा नीत सरकार के चल रहे जनोपयोगी योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाना होगा और बताना होगा कि यह पुनीत कार्य भाजपा सरकार कर रही है। अन्त्योदय के उत्थान में सरकार का कार्य पूर्ण करने मे अपना योगदान देना होगा। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि बूथ जितने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इसके लिए हर बूथ में बैठक निश्चित करना पड़ेगा। अब समय कम है, कार्यकर्तों को जीतोड़ मेहनत करनी होगी।तभी सफलता मिलेगी। ब्रज विहारी प्रसाद ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि अपने कार्य मे आप सभी लगे रहिये तो 2024 में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी और देश विकास करेगा। राजकिशोर महतो ने कहा आज भारत विश्व गुरु बनने की कगार पर खड़ा है। इसको विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं पायेगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रमेश उरांव तथा उमेश कांसकर, राजेश महतो ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ केसरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन बिंदिया देवी ने किया। कार्यक्रम में हर्षनाथ महतो, चंद्रशेखर अग्रवाल, नीरज नलिन, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, समेला भगत, भारती सिंहा, मुरलीधर अग्रवाल, ओमप्रकाश साहू, शम्भु साहू, सरोज प्रजापति, राजू प्रजापति, अनूप वर्मा, विक्की कुमार, विकास कांस्कार, पुष्पा देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## एनएसयूआई कमिटी का पुनर्गठन, विनय उरांव बने अध्यक्ष

**लोहरदगा।** एनएसयूआई के कार्यकारिणी की बैठक विनय उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में एनएसयूआई के नवगठित सभी पदाधिकारियों को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा माला पहनाकर सम्मानित एवं आशीर्वाद व मार्गदर्शन दिया गया। नवगठित लोहरदगा जिला एनएसयूआई कमेटी अध्यक्ष विनय उराव, उपाध्यक्ष एहतेशाम अहमद, संदीप उरांव, सरस्वती कच्छप, महासचिव हरि भगत, मनावर आलम, शहाबत जहान, जिला सचिव चंद्रकांता पन्ना, संयुक्त सचिव सकलदीप लोहरा, रिया कुजुर, मीडिया प्रभारी शुभम सहदेव, सोशल मीडिया प्रभारी समीर अंसारी, उम्मी रुमान, राहुल कुमार शामिल हैं।

## शिव परिवार व नर्मदेश्वर शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सम्पन्न



**लोहरदगा।** रेलवे सुरक्षा बल, आवासीय परिसर लोहरदगा में नवनिर्मित सिद्धेश्वर बाबा शिव मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग तथा पूरे शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 14 से 18 फरवरी तक किया गया। जिसमें रविवार को पुणार्हुति के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंदिर मे शिव परिवार के सभी सदस्य शिव भगवान, पार्वती, गणेश, कार्तिक और बजरंग बली की मूर्ति का स्थापना किया गया, शिवलिंग नर्मदा नदी से स्वयंनिर्मित मंगाया गया था उसे सिद्ध करके स्थापित किया गया हैं। जो काफी आकर्षक हैं। पुणार्हुति के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समस्त अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित रमेश चंद्र पौराणिक तथा उनकी मंडली के द्वारा कराए गए। दिनेश सिंह, रंजीत राय, अमरेंद्र किशोर सपरिवार यजमानी कर रहे थे। मौके पर सहयोगी के रूप मे उदय शंकर कुंवर, कृष्णकांत गोपाल, राजीव भट्टा चार्जी आदि का सराहनीय योगदान रहा हैं।

## खेलकूद

### स्व. नन्दलाल प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# ब्रदर्स टीम ने एफसी रामपुर को हराया



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
पांच दिवसीय स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में खेल प्रतियोगिता के संरक्षक सह मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहू, नेसार अहमद तथा प्रखंड क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा स्व साहू के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त के पश्चात फाइनल मैच आरम्भ कराया। प्रतियोगिता में लोहरदगा व गुमला जिला क्षेत्र से 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहू ने खिलाड़ियों से कहा की खेल के क्षेत्र में हम आप सबो का हमेसा सहयोग करेंगे। खेल और पढ़ाई के क्षेत्र में मेहनत से आगे बढें। मेरे पिताजी स्व नन्दलाल प्रसाद साहू का स्मृति में यहां पर विद्यालय है। उनका यादगार में विगत 40 वर्षों से मैच आयोजित हो रहा है। वे स्वयं एक अच्छे खिलाड़ी थे। जिनका खेल का सपना को साकार करने का मैं सार्थक प्रयास करूंगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच एमटी टोप्पो ब्रदर्स तथा एफसी रामपुर के बीच खेला गया। जिसमे एमटी टोप्पो ब्रदर्स की टीम एफसी रामपुर को 1-0 से हराया वही तृतीय स्थान पर एडी बेड़ाटोली और चतुर्थ स्थान पर एस टी बरवाटोली की टीम रही। मौके पर मुख्य अतिथि सह संरक्षक दुर्गेश प्रसाद साहू, अध्यक्ष जयनाथ साहू, सीओ विजय कुमार के अलावे नेसार अहमद, शौकत अंसारी, आदरा उरांव, गौतम साहू रिजवान अन्सारी, महेश यादव, प्रेमचंद उरांव, रेफरी दीपक यादव, प्रकाश उरांव, जितेन्द्र यादव, सुलेख भगत सहित प्रखंड व पंचायत के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## खेल मैदान में कुर्सी हटाने की बात पर झड़प, एक जख्मी

**सेन्हा।** सेन्हा के अरु खेल मैदान में कुर्सी हटाने की बात पर दो लोगो के बीच मार पीट हो गया। जिसमें एक व्यक्ति जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार अरु गांव के फिरोज अंसारी एवं कल्हेपाट निवासी रुस्तम अंसारी के बीच विवाद उतपन हुआ और बातों बातों में मामला बिगड़ गया। वहीं पिरोज अंसारी ने रुस्तम अंसारी के विरुद्ध आरोप लगाते हुए मारपीट एवं गली गलौज की बात बताते हुए सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाया है। फिरोज अंसारी घटना के पश्चात सेन्हा थाना को घटना से अवगत आवेदन के माध्यम से कराते हुए कहा कि अरु खेल मैदान में मंच से कुर्सी हटाने को लेकर विवाद हुआ था और गाली गलौज होने लगा इसी बीच उपस्थित लोगों द्वारा बीच बचाव किया जा रहा था तो रुस्तम अंसारी कल्हेपाट निवासी मौका का फायदा उठाते हुए लाठी से प्रहार कर जख्मी कर भाग निकला। वहीं थाना में घायल अवस्था एवं सर से खून निकलता देख प्रशासन ने इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज घायल का इलाज करवाते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि आवेदन के आलोक में कांड संख्या 25/23 दर्ज कर धारा 323, 341, 504, 506 के तहत पुलिस कारवाई किया जा रहा है।

## जीत अधूरी है, आंदोलन समाप्त नहीं स्थगित की गयी है : रितेश कुमार




**लोहरदगा।** लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों व सरकार के बीच सकारात्मक बातचीत होने के बाद खाद्यान वस्तुओं के अनिश्चितकालीन बंद आवक जावक तथा प्रतिष्ठानो में खरीद बिक्री के रोक को आज से हटा लिया गया है, इसलिये रविवार से सभी प्रतिष्ठानें पूर्व तरह खुल गई है। सरकार के प्रतिनिधि विनय चौबे व कृषि मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जैसा व्यापारी चाहेंगे वैसा ही प्रवाधान के साथ कृषि विधेयक में सम्माहित किया जायेगा। चूंकि देश के एक दो राज्यों को छोड़कर सभी जगह केंद्र सरकार का आदेश के आलोक में इस कानून को लागू किया जा चुका है। अतः झारखण्ड में भी इसको लागू करना मजबूरी है। वहीं जब फेडरेशन के लोगों ने भाजपा के प्रदेश प्रतिनिधियों से यह जानना चाहा कि केंद्र सरकार ने ऐसा पत्र कोई निकाला है क्या? इसपर भाजपा के लोगों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। ना ही हमारे आंदोलन का खुलकर समर्थन किया। इससे कहीं न कहीं इन राजनीतिक पार्टियों का मिलीभगत नजर आयी। अतः व्यापारियों को स्पष्ट समझना चाहिए कि आनेवाले समय मे हम सब को व्यापार हित की लड़ाई आपस मे इसी तरह एकजुट होकर लड़ना होगा। आगे सरकार यदि व्यापारी वर्ग के लिये कोई अहितकारी कानून लाती है या ऐसा कोई कदम उठाती है तो हमे एकबार फिर एकजुट होकर लड़ाई लड़नी पर सकती है। अभी आंदोलन समाप्त नही हुआ है बल्कि केवल स्थगित किया गया है।

# अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6 की दर से बढ़ेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा है कि पिछले आठ साल के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार के सुधारों के कारण भारत ऊंची वृद्धि दर की राह पर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था के छह प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। कुमार ने आगे कहा कि उत्तर अमेरिकी और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में एक साथ आने वाली मंदी से आने वाले समय में बड़े जोखिम सामने आएंगे। उन्होंने कहा, सरकार ने पिछले आठ साल के दौरान जो सुधार किए हैं उनसे देश के पास ऊंची वृद्धि दर की राह पर बने रहने का अच्छा अवसर है। हम 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में सफल रहेंगे। कुमार ने कहा कि अर्थव्यवस्था के नीचे की ओर जाने को लेकर कई जोखिम हैं। विशेषरूप से अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य इसकी एक प्रमुख वजह है। उन्होंने कहा, हमें इन चुनौतियों का सामना सावधानी से तैयार नीतिगत उपायों के जरिये निर्यात के प्रयासों को समर्थन देकर करना होगा। इसके अलावा हमें घरेलू के साथ विदेशी स्रोतों से निजी निवेश का प्रवाह बढ़ाना



होगा।" भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहेगी। यह संसद में पेश आर्थिक समीक्षा के अनुरूप ही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। आर्थिक समीक्षा 2022-23 में अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर के 6.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। ऊंची महंगाई दर को लेकर सवाल पर कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ने कहा है कि वह यह सुनिश्चित करेगा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहे। उन्होंने कहा, साथ ही सर्दियों की अच्छी फसल खाद्य कीमतों को कम रखने में मदद करेगी।" रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। जनवरी में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति 6.52 प्रतिशत रही थी। चीन के साथ भारत के बढ़ते व्यापार घाटे पर एक सवाल पर कुमार ने सुझाव दिया कि भारत को चीन के बाजार में अधिक अवसर और पहुंच के लिए उसके साथ फिर से जुड़ना चाहिए। कई उत्पाद हैं जो हमारा देश चीन को अधिक मात्रा में निर्यात कर सकता है।

# एयर इंडिया के लिए बेड़े में विस्तार एक बड़ी जरूरत है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में लगभग दो दशक पहले सरकार के स्वामित्व वाली एयर इंडिया का विमानों का बेड़ा बहुत छोटा था और उसमें भी बार-बार खराबी आने की आशंका बनी रहती थी। तब, विमानों को पट्टे पर लिया गया और बाद में एयरलाइन ने 111 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया। एयर इंडिया द्वारा 470 नए विमानों की खरीद का ऑर्डर देने के बीच इस एयरलाइन कंपनी के पूर्व प्रमुख वी. तुलसीदास ने कहा कि बेड़े में विस्तार की जरूरत है, जिससे लंबे समय से चली आ रही इस शिकायत को दूर करने में मदद मिलेगी कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले अधिकांश भारतीय विदेशी एयरलाइंस से यात्रा करते हैं। तुलसीदास दिसंबर, 2003 से मार्च, 2008 तक एयर इंडिया के प्रमुख रहे थे। हालिया ऑर्डर से पहले एयर इंडिया ने अंतिम बार विमान खरीद का ऑर्डर 2005 में तुलसीदास के कार्यकाल में ही दिया था। तब 111 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया गया था। अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्रों के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत में ऐसे कई केंद्र हो सकते हैं क्योंकि भारत में अब विश्वस्तरीय हवाई अड्डे और मजबूत एयरलाइंस हैं।

# बैंक अब कभी ऊपर के निर्देश पर कर्ज नहीं देगा : केपी सिंह

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अमेरिकी की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद एक समय देश के सबसे अमीर व्यक्ति रहे गौतम अडाणी के कारोबारी साम्राज्य में उथल-पुथल मची हुई है। हालांकि, रियल एस्टेट क्षेत्र के दिग्गज के. पी. सिंह का मानना है कि अडाणी घटनाक्रम से भारत के प्रति वैश्विक निवेशकों का भरोसा नहीं डिगा है। उन्होंने इन चर्चाओं को भी खारिज कर दिया कि अडाणी समूह को ऊपर के निर्देश के बाद बैंकों ने कर्ज दिया था। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट 24 जनवरी को आई थी। उसके बाद से ही अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली का सिलसिला चल रहा है। डीएलएफ के मानद चेयरमैन के पी सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि यह केवल एक कॉरपोरेट समूह से संबंधित अस्थायी झटका है और इससे भारत के प्रति निवेशकों का भरोसा कम नहीं हुआ है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वृद्धि के मार्ग पर बने रहने के लिए अडाणी समूह को अपने पूंजी आधार को बढ़ाने




और कर्ज को कम करने की जरूरत है। खरी-खरी बोलने के लिए प्रसिद्ध सिंह ने याद दिलाया कि कैसे जब डेढ़ दशक पहले उनकी रियल एस्टेट फर्म डीएलएफ आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला रही थी, कनाडा की एक कंपनी ने एक रिपोर्ट लाने की धमकी की थी। उन्होंने बताया, उस समय हमने कनाडा की कंपनी से कहा था कि उसे जो करना है वह करे। कुछ ब्लैकमेलर होते हैं, जो बड़ी शेयर बिक्री के समय रिपोर्ट लाते हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से ठीक पहले आई थी। अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद से क्या निवेश गंतव्य के रूप में भारत पर असर पड़ेगा, इस सवाल पर सिंह ने इसे पूरी तरह बकवास बताया। उन्होंने कहा कि भारत काफी बड़ा देश है इसलिए यह कहानी खत्म हो जाएगी। निवेश पर असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक काफी समझदार व्यक्ति हैं और जबतक वे प्रधानमंत्री रहते हैं, भारत निवेश के लिए आकर्षक स्थल बना रहेगा। सेब से लेकर हवाई अड्डा क्षेत्र में कार्यरत अडाणी समूह ने इन आरोपों को दुर्भावनापूर्ण, निराधार और ह्यभारत पर सुनियोजित हमला कहा है। रिपोर्ट के बाद तीन सप्ताह में अडानी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 125 अरब डॉलर नीचे आ चुका है। इस तरह की चचाओं पर कि बैंकों ने अडाणी समूह को प्रधानमंत्री के कहने पर कर्ज दिया था, सिंह ने कहा, ह्यह्यमुझे अडाणी के बारे में नहीं पता। यदि किसी को लगता है कि प्रधानमंत्री के कहने पर बैंकर कर्ज दे देंगे, तो वे ह्यमूर्खों की दुनिया में रह रहे हैं। कोई बैंक अधिकारी ऐसा नहीं करेगा। उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर का उदाहरण देते हुए क्या कोई बैंकर ऐसा काम करेगा जो नियमनों के अनुरूप नहीं हो। कोचर को वीडियोकॉन समूह को कर्ज में अनियमितता के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। विपक्ष हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर सरकार पर हमलावर है। यह विवाद शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री ने एक बार भी अडणी का नाम नहीं लिया है।

# दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बनने के करीब मस्क

**नई दिल्ली।** टेस्ला और ट्विटर के उएड एलन मस्क फिर से दुनिया के सबसे अमीर अरबपति बनने के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। अभी ये इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर काबिज हैं। ट्विटर डील और टेस्ला के शेयरों में रिकॉर्ड गिरावट की वजह से इनकी संपत्ति को पिछले साल बड़ा नुकसान हुआ था, जिस कारण एलन मस्क इस लिस्ट में बर्नार्ड अरनॉल्ट से पिछड गए थे। नए साल की शुरूआत से ही एलन मस्क की संपत्ति में बढ़ोतरी हुई है और अब ये दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड अरनॉल्ट के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। पिछले एक महीने के दौरान टेस्ला के शेयरों में 63।80 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, एलन मस्क की संपत्ति इस साल 50.4 अरब डॉलर बढ़ी है। दुनिया के दूसरे नंबर के अमीर व्यक्ति एलन मस्क को एक ही दिन में तगड़ा मुनाफा हुआ। शुक्रवार यानी 17 फरवरी को एलन मस्क की संपत्ति में 4.09 अरब डॉलर का फायदा हुआ था। वहीं दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड अरनॉल्ट को विगत शुक्रवार को 1.38 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक एलन मस्क की नेटवर्थ 187 अरब डॉलर है और बर्नार्ड अरनॉल्ट की इस लिस्ट में नेटवर्थ 192 अरब डॉलर है।

# शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों का सीजन समाप्त होने के करीब है। ऐसे में इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा काफी हद तक विदेशी संकेतकों तथा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से भी इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ह्यह्यवैश्विक रुख और वायदा एवं विकल्प खंड में निपटान की वजह से इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। हालांकि, एफपीआई ने पिछले कुछ दिन में खरीदारी में दिलचस्पी दिखाई है। पिछले सप्ताह थोक में कुछ खरीद हुई थी। ऐसे में बाजार की दृष्टि से उनका रुख महत्वपूर्ण रहेगा।" एफपीआई पिछले सप्ताह शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने सप्ताह के दौरान शुद्ध रूप से 7,600 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। इससे पिछले सप्ताह (7 से 12 फरवरी) के दौरान उन्होंने 3,920 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। सप्ताह के दौरान बाजार भागीदारों की निगाह ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और रुपए के उतार-चढ़ाव पर भी रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ह्यह्यसभी प्रमुख घटनाक्रम पीछे छूट चुके हैं। ऐसे में भविष्य के संकेतकों के लिए वैश्विक बाजार विशेषरूप से अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपए की चाल से भी बाजार को दिशा मिलेगी।" पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 319.87 अंक या 0.52 प्रतिशत के लाभ में रहा। प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने के बीच एफपीआई की लिवाली से बीते सप्ताह बाजार की धारणा सकारात्मक रही।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ह्यह्यहालांकि, उम्मीद से कहीं ऊंची मुद्रास्फीति तथा अमेरिका के रोजगार बाजार के मजबूत आंकड़ों से पिछले सप्ताह के अंत में बाजार नीचे आया। इससे मौद्रिक रुख को और सख्त किए जाने को लेकर चिंता बढ़ी है।'

## एचडीएफसी समेत कई प्राइवेट बैंकों ने बढ़ाया एफडी पर ब्याज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल ही में कई बैंकों ने अपनी लोन और डिपॉजिट रेट्स में बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस लिस्ट में तीन और बड़े प्राइवेट बैंकों का नाम जुड़ गया है। यह बैंक एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और फेडरल बैंक हैं। इन तीनों बैंकों ने अपनी अलग-अलग अवधि के एफडी रेट्स पर इजाफा करने का फैसला किया है। एचडीएफसी बैंक ने जहां 2 करोड़ से 5 करोड़ रुपये के एफडी पर ब्याज दर बढ़ाया है। वहीं फेडरल और कोटक महिंद्रा बैंक ने 2 करोड़ रुपये से कम के डिपॉजिट पर ब्याज दर बढ़ाने का फैसला लिया है। ऐसे में ग्राहकों को इस एफडी स्कीम पर अधिकतम 7.75 फीसदी तक का ब्याज दर मिल रहा है। देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने 2 से 5 करोड़ रुपये के फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दर बढ़ाने का फैसला किया है। बैंक ने पूरे 25 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी की है।

## मुकेश अंबानी ने सोमनाथ मंदिर में मनाई महाशिवरात्रि

# ट्रस्ट को 1.51 करोड़ का दिया दान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी और उनके बेटे आकाश ने विगत शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की, अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुकेश अंबानी और आकाश- जो रिलायंस जियो के अध्यक्ष हैं, उनका सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पीके लाहिड़ी और सचिव योगेंद्र देसाई ने स्वागत किया। पिता-पुत्र की जोड़ी ने पूजा और 'अभिषेक' किया, मंदिर के पुजारी ने उन्हें एक स्टोल और चंदन का लेप भेंट किया। शुभ त्योहार को लेकर अंबानी ने सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट को 1.51 करोड़ रुपये का दान दिया। परंपराओं में निहित, अंबानी परिवार हमेशा सभी हिंदू त्योहारों को उत्साह के साथ मनाता है। प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर भारत के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है, और अरब सागर तट पर वेरावल के प्राचीन बंदरगाह के पास गुजरात के गिर जिले में स्थित है।

# मेटा कर सकती है कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में छंटनी का सिलसिला जारी है। ऐसे में यह खबरें आ रही हैं कि फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा एक बार फिर बड़े पैमाने पर छंटनी कर सकती है। यह सवाल तब उठने लगे हैं जब हाल ही में मेटा ने अपने हजारों कर्मचारियों को प्रदर्शन पर खराब रेटिंग दिया है। वॉल स्ट्रीट जनरल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने अपने 7,000 ज्यादा इंप्लाइज को औसत से कम रेटिंग दी है। इसके साथ ही कंपनी ने बोनस दिए जाने के रिव्यू को भी ऑप्शन से हटा दिया है। इन सभी चीजों के कारण यह कयास लगाए जा रहे हैं कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा में जल्द बड़ी छंटनी की जा सकती है। मेटा के एक सोर्स ने वॉल स्ट्रीट जनरल से बात बात करते हुए कहा है कि कंपनी में नई छंटनी उन कर्मचारियों की जा सकती है जिनका परफॉर्मेंस औसत से कम है।

# मिल रहा सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम पर जोरदार ब्याज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार का दावा है कि विभिन्न सेविंग स्कीम्स की मौजूदा ब्याज दरें सरकारी और प्राइवेट बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज से अधिक हैं। पिछले दिनों संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में समय-समय पर बाजार के सेंटिमेंट के अनुसार बदलाव किया जाता है। सरकार कई तरह की स्मॉल सेविंग स्कीम्स चलाती है। इनमें से प्रमुख- पब्लिक प्रोविडेंट फंड, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, सुकन्या समृद्धि योजना और किसान विकास पत्र हैं। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि चुनिंदा छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को अंतिम बार वित्त वर्ष



2022-23 की चौथी तिमाही में बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा कि छोटी बचत योजनाओं पर लागू होने वाली ब्याज दरें कई कारणों पर निर्भर करती हैं। इस बार के आम बजट के दौरान वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए नई स्कीम महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट शुरू करने का ऐलान किया है। स्मॉल सेविंग स्कीम की ब्याज दरों को हर तिमाही पर रिव्यू किया जाता और इनमें बदलाव भी किया जाता है। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए केंद्र सरकार ने 12 छोटी बचत योजनाओं में से 8 की ब्याज दरों में इजाफा किया है। नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और किसान विकास पत्र पर सरकार ने ब्याज दरों में 20 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया था। किसान विकास पत्र पर फिलहाल 7.2 फीसदी की दर से ब्याज मिल रहा है। पब्लिक प्रोविडेंट फंड और सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दरों में जनवरी से मार्च तिमाही के लिए कोई बदलाव नहीं हुआ था।

# रूस से तेल आयात रिकॉर्ड लेवल पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद से भारत जमकर रूस से सस्ते में क्रूड ऑयल खरीद रहा है। भारत का रूसी तेल आयात जनवरी में बढ़कर रिकॉर्ड 14 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया। इसमें दिसंबर से 9.2 फीसदी का इजाफा हुआ है। जनवरी में भारत के तेल आयात में रूसी क्रूड की हिस्सेदारी बढ़कर 28 फीसदी पर जा पहुंची। भारत पश्चिमी देशों के खिलाफ जाकर ऐसा कर रहा है। पश्चिमी शक्तियां ऑयल पर रोक लगाकर रूसी इकॉनोमी को गिराना चाहती हैं। हालांकि, भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह अपनी जरूरत की चीजें वहीं से मंगाएगी, जहां कीमत फायदेमंद होगी। सरकार ने यह भी कहा कि उसकी तीन ऑयल मार्केटिंग कंपनियां रूस से कच्चा तेल नहीं खरीद रही हैं लेकिन निजी कंपनियां ही हैं जो खरीद, रिफाइनिंग और शिपिंग कर रही हैं।

## कम काम — अमेजन करेगा वर्क फ्रॉम होम कल्चर खत्म

# अब हफ्ते में तीन दिन काम करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के कर्मचारियों को लिए बड़ी खबर है।कंपनी ने अपने कॉरपोरेट एंप्लाइज को ऑफिस जॉइन करने के लिए कहा है। कंपनी ने कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा कि अब उन्हें कम से कम हफ्ते में तीन दिन ऑफिस से काम करना होगा। यह नया सिस्टम 1 मई, 2023 से लागू हो जाएगा। यह जानकारी कंपनी के सीईओ एंडी जेसी ने कर्मचारियों को एक मेमो भेजकर दी है। अपने मैसेज में एंडी जेसी ने कहा कि ऑफिस में आकर साथ काम करने से कर्मचारियों के बीच बेहतर सूचना का तंत्र स्थापित होगा और इसका असर काम पर भी दिखेगा। गौरतलब है कि अमेजन ने वर्क फ्रॉम होम का




कल्चर तक खत्म करने की कोशिश की है जब दुनियाभर में कोरोना का कहर कम हो गया है। साल 2020 में कोरोना महामारी के शुरूआत के बाद से ही भारत समेत दुनिया की कई बड़ी कंपनियों ने वायरस के फैलाव को रोकने के लिए वर्क फ्रॉम होम की शुरूआत की थी। मगर अब कोरोना के मामलों में दर्ज की गई गिरावट के बाद कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को दफ्तर बुलाना शुरू कर दिया है। अब इसमें अमेजन का नाम भी शामिल हो गया है। कंपनी ने अपने सभी कर्मचारियों को हफ्ते में तीन दिन ऑफिस आने का निर्देश दिया है। इससे पहले अक्टूबर 2021 में अमेजन ने कहा था कि यह टीमों के ऊपर निर्भर करता है कि वह अपने कॉर्पोरेट इंप्लाई को ऑफिस बुलाना चाहते हैं या नहीं। कंपनी के सीईओ ने अपने मेमो में लिखा था कि कंपनी के इस फैसले का सबसे ज्यादा फायदा छोटे व्यापारियों को होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह फैसला पिछले हफ्ते में हुए कुछ मीटिंग के बाद लिया गया है। इसके साथ ही अमेजन ने यह भी कहा कि केवल ग्राहक सेवा और सेल्स से जुड़े लोग ही वर्क फ्रॉम होम कर सकते हैं। बाकी सभी लोगों को ऑफिस से आकर काम करना होगा। अमेजन के अलावा कई और कंपनी हैं जिन्होंने वर्क फ्रॉम होम कल्चर को खत्म करने का फैसला किया है।

# बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान एक बार फिर भारतीय शेयर बाजार की ओर लौटने लगा है। बीते हफ्ते एफपीआई ने शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 7600 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक ये जानकारी मिली है। इससे पिछले हफ्ते (सात से 12 फरवरी) के दौरान एफपीआई ने 3,920 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर-मैनेजर रिसर्च हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, बाजार के अडानी के झटकों से उबरने के साथ ही एफपीआई का इंवेस्टमेंट फ्लो सुधरा है। भारतीय शेयर बाजारों की तरफ उनका रुझान फिर बढ़ा है। हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि स्थिर अर्थव्यवस्था, मजबूत वृहद आंकड़े और ऊंची वृद्धि की संभावना के बीच एफपीआई अब मूल्यांकन और अन्य चिंताओं से अलग हटकर देखने को तैयार हैं।

# राशन धारकों को फरवरी में एक बार और मिलेगा मुफ्त राशन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की तरफ से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत देशभर में गरीबों को फ्री राशन बांटा जा रहा है। इसका फायदा देश की 80 करोड़ जनता को नियमित रूप से मिल रहा है। अब होली से पहले राशनकार्ड धारकों के लिए एक और अच्छी खुशखबरी सामने आ रही है। सभी राशन कार्डधारकों को फरवरी के महीने में एक बार और मुफ्त राशन मिलने जा रहा है। जानिए कब से कब तक मिलेगा फ्री राशन। उत्तर प्रदेश में एनएफएसए के तहत राशन (गेहू-चावल) का निःशुल्क वितरण 20 फरवरी 2023 से शुरू होने जा रहा है। जो 28 फरवरी तक पूरे प्रदेश में चलेगा। इससे पहले 10 से 17 फरवरी तक गेहूं-चावल-बाजरा का वितरण हो चुका है। उत्तर प्रदेश की गरीब जनता को इस महीने



यह दूसरी बार फ्री राशन का लाभ मिलने जा रहा है। मालूम हो कि एनएफएसए के तहत इस पूरे साल यानि दिसंबर 2023 तक सभी कार्डधारकों को निःशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने एनएफएसए के तहत पूरे साल निःशुल्क मिलने वाले राशन का वितरण कराया जा रहा है। इस राशन का लाभ गरीब जनता पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने के लिए किया जा रहा है। वही देश के बड़े राज्यों में से एक उत्तर प्रदेश में राशन का वितरण काफी देरी से चल रहा है। दिसम्बर 2022 का राशन जनवरी 2023 में लोगों को दिया गया था। जबकि जनवरी 2023 के मुफ्त राशन का वितरण फरवरी माह में अभी तक हुआ है। इसके बाद अब सरकार ने फरवरी का निःशुल्क राशन वितरण का आदेश जारी कर दिया है।

**ईश्वर तुम्हारे भीतर करुणा के रूप में विद्यमान हैं। तुम जिस सरलता से अन्य जीवों के साथ तादात्म स्थापित कर सकते हो, वह अद्भुत है। तुम उसमें ईश्वर को देखते रहो, तो अपने भीतर भी ईश्वर को देख सकते हो। यदि आत्मा में स्थिर होकर, आत्मस्थ होकर देखोगे तो प्रत्येक जीव में वही दिखाई देगा और वह तुमसे भिन्न नहीं होगा। यह श्रृष्टि तो उसी का विराट रूप है। सारा उसी का प्रपंच है। यह हमारे भीतर है और हम उसके भीतर।** – *ठाकुरजी*



# मौसम व बीमारी..

***झारखंड*** के साथ-साथ पलामू में बीते दिनों से तेज ठंडी हवाओं ने एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल दिया है। ऐसी स्थिति में सावधानी जरूरी है। बीमारी बढ़ने की संभावना है। मौसम की बेईमानी का असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को फिर से सर्दी का एहसास होने लगा है। गर्म कपड़े पहने हुए लोग दिनभर नजर आ रहे हैं। जहां कुछ दिन पूर्व गर्मी का एहसास होने लगा था ,वहीं एक बार फिर ठंड का एहसास किया जाने लगा है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान भी सही निकलने लगे हैं। जिसमें संभावना व्यक्त की गयी थी कि पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखण्ड पर भी देखने को मिल रहा है। जबकि पर्वतीय राज्यों पर बर्फबारी के कारण जिलों सहित राज्य का मौसम ठंडा हुआ है। कई जिलों में तापमान नीचे पहुंच गया है। पलामू में पिछले दिनों सुबह से तेज हवा चलने लगी। कुछ लोग जाड़े का एहसास भूल गये थे। पंखे चालू हो गये थे। ऐसे में अचानक मौसम के मिजाज बदल जाने से कंबल ट्रंक से निकाल लिये हैं। यही हाल सभी जगहों का है। बहरहाल ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से फसल में पानी और यूरिया खाद का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। बीते दिनों तेज रफ्तार से हवा चल रही है। ऐसे में किसानों के साथ-साथ हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। हालांकि इस बदलते हालात में किसानों को फसलों की देखभाल अच्छे तरीके से करने की जरूरत है। तेज हवाओं से फसल गिरने और टूटने की संभावना बनी रहती है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। जिसमें सुबह-शाम ठंड रहेगी और दोपहर में धूप निकलेगी। अधिकतम तापमान में कमी आयेगी और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। दूसरी तरफ पलामू में जिस तरह से मौसम में बदलाव दिख रहा है । वैसे ही लोगों के सेहत में भी इसका असर दिख रहा है। ऐसे बदलते मौसम से लोगों मे सर्दी,खांसी, बुखार, बदन दर्द और थकावट की शिकायत दिखने लगी है । वहीं नवजात बच्चे और बुजुर्गों में भी मौसम के इस बेवफाई का असर दिखने लगा है। चिकित्सकों की मानें तो सर्द मौसम में सावधानी बहुत जरूरी है। बहरहाल हाल के दिनों में मौसम के करवट लेने के बाद और ठंडी हवा ने लोगों को सकते में डाल दिया है। ऐसी स्थिति में चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में सेहत का ध्यान रखने के लिए जरूरी है कि दैनिक और संयमित दिनचर्या का पालन करें।

**मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान भी सही निकलने लगे हैं। जबकि पर्वतीय राज्यों पर बर्फबारी के कारण जिलों सहित राज्य का मौसम ठंडा हुआ है। कई जिलों में तापमान नीचे पहुंच गया है।**

# तेरी 'यारी', हमें सत्ता के लिए है 'प्यारी'





निशिकांत ठाकुर

***इसी*** वर्ष 24 जनवरी को एक जलजला आया, जिसने अपनी चपेट में भारत सहित कई देशों पर कहर बरपा दिया। हां, सचमुच वह जलजला अमेरिकन रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट है जो भारतीय उद्योग समूह अदाणी के लिए था और इसमें कहा गया था कि इस समूह ने अपने शेयरधारकों के साथ विश्व का सबसे बड़ा घोटाला किया है। अदाणी ग्रुप ने वर्ष 1985 में छोटे पैमाने की कंपनियों के लिए बेसिक पॉलिमर का आयात करना शुरू किया। वर्ष 1988 में अदाणी ने अदाणी एक्सपोर्ट्स की स्थापना की, जिसे वर्तमान में अदाणी एंटरप्राइजेज के नाम से जाना जाता है। यह फर्म कृषि और ऊर्जा से संबंधित वस्तुओं में काम करती है। अदाणी समूह कोयला व्यापार, कोयला खनन, तेल एवं गैस खोज, बंदरगाहों, एयरपोर्ट, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक, बिजली उत्पादन एवं पारेषण, मीडिया और गैस वितरण में फैले कारोबार को संभालने वाला विश्व स्तर का एकीकृत बुनियादी ढांचा है। गौतम अदाणी पर अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने अदाणी ग्रुप के सभी कंपनियों के लोन पर भी सवाल खड़े किये हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि अदाणी ग्रुप की सात प्रमुख लिस्टेड कंपनियां 85 फीसदी से अधिक ओवरवैल्यूज हैं। फर्म ने अदाणी ग्रुप से एकाध नहीं, कुल 88 सवाल किये हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के उस रिपोर्ट में कई सवालों के बीच एक सवाल यह भी अदाणी ग्रुप से पूछा गया है कि गौतम अदाणी के छोटे भाई राजेश अदाणी को ग्रुप का एमडी क्यों बनाया गया है? उनके ऊपर कस्टम टैक्स चोरी, फर्जी इम्पोर्ट डॉक्यूमेंटेशन और कोयले का अवैध इम्पोर्ट करने का आरोप है। हिंडनबर्ग ने पूछा है कि गौतम अदाणी के बहनोई समीरो वोरा का नाम डायमंड ट्रेडिंग स्कैम में आने के बाद भी उन्हें अदाणी ऑस्ट्रेलिया डिवीजन का एक्जक्यूटिव डायरेक्टर क्यों बनाया गया है? ऐसे कई सवाल हैं, जिनका जवाब अब तक अदाणी ग्रुप ने नहीं दिया है। हिंडनबर्ग रिसर्च की स्थापना वर्ष 2017 में नाथन एंडरसन ने की थी। हिंडनबर्ग ने अबतक कई कंपनियों का पदार्फाश किया है। इस कंपनी का नाम 6 मई, 1937 में हुए हाई प्रोफाइल हिंडनबर्ग एयरशिप हादसे के नाम पर रखा गया है। यह दुर्घटना अमेरिका में न्यू जर्सी के मैनचेस्टर टाउनशिप में हुई थी। हिंडनबर्ग रिसर्च किसी भी कंपनी में हो रही गड़बड़ी का पता लगाती है और फिर उसके बारे में रिपोर्ट प्रकाशित करती है। यह एक फॉरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म है, जो इक्विटी, क्रेडिट और डेरिवेटिव्स को एनालाइज करती है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिंडनबर्ग ने वर्ष 2020 के बाद से 30 कंपनियों की कलई

**ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिंडनबर्ग ने वर्ष 2020 के बाद से 30 कंपनियों की कलई खोली है और रिपोर्ट रिलीज होने के अगले ही दिन उस कंपनी के शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गये, जबकि तीन कंपनियों के शेयर तो 90 प्रतिशत तक गिर गये।**

**इन दिनों**

खोली है और रिपोर्ट रिलीज होने के अगले ही दिन उस कंपनी के शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गये, जबकि तीन कंपनियों के शेयर तो 90 प्रतिशत तक गिर गये। हिंडनबर्ग-अदाणी विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले सप्ताह 7 फरवरी को संसद में और संसद के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी संसद में अदाणी मुद्दे पर चर्चा को टालने की पूरी कोशिश करेंगे। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता ने कहा कि देश को पता होना चाहिए कि अदाणी के पीछे कौन सी शक्ति है। इसका कारण आप जानते हैं? मैं चाहता हूं कि अदाणी मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए और सच्चाई सामने आनी चाहिए। लाखों-करोड़ों का जो भ्रष्टाचार हुआ है, वह सामने आना चाहिए। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'मैं सरकार के बारे में काफी समय से बोल रहा हूं कि 'हम दो, हमारे दो' की यह सरकार है। सरकार डरी हुई है और संसद में अदाणी पर चर्चा नहीं करना चाहती है। सरकार को इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की अनुमति देनी चाहिए।' राहुल गांधी ने कहा कि भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जो कब्जा किया गया है, उसकी भी जांच हो और अदाणी के पीछे कौन सी शक्ति है, वह भी देश को पता चले।' लोकसभा में बजट सत्र में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अदाणी की तस्वीर पीएम मोदी के साथ दिखाकर सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि वर्ष 2014 में दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में जिसका नाम 609वें नंबर पर था, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि दूसरे नंबर पर पहुंच जाते हैं। एक ओर जहां सदन में राहुल गांधी ने तस्वीर दिखाई, तो वहीं सदन के बाहर भी कुछ ऐसा ही दिखा। कांग्रेस प्रवक्ता की ओर से तस्वीरों को दिखाया गया। इन तस्वीरों के जवाब में भाजपा भी तस्वीरों के साथ आई और पूछा कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही ठप करा दी। उन्होंने एलआईसी को 'बचाने' का निमंत्रण भी दिया। कम–से–कम 16 विपक्षी दलों ने अपनी रणनीति बनाने के लिए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में बैठक की। संसद भवन में बात करते हुए खरगे ने कहा कि वे संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन पहली इच्छा यह है कि पीएम मोदी अदाणी मुद्दे पर जवाब दें।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कथा*

***श्री कृष्ण*** हिंदू धर्म के ईश्वर एवं भगवान विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं। श्याम, गोपाल, केशव, द्वारकाधीश, कन्हैया आदि नामों से लोग इनको जानते हैं। इन्होंने द्वापर युग में श्री कृष्ण का अवतार लिया था। श्री कृष्ण का जन्म बहुत ही कठिन एवं भयानक परिस्थितियों में हुआ था। एक बार मथुरा का राजा कंस जो देवकी का भाई था। वह अपनी बहन देवकी को ससुराल छोड़ने जा रहा था तभी रास्ते में अचानक एक आकाशवाणी हुई थी। उस आकाशवाणी में बताया गया कि तुम्हारी बहन अर्थात देवकी जिसको तुम खुशी-खुशी उसको ससुराल लेकर जा रहा है उसी के गर्भ से उत्पन्न आठवां पुत्र तेरा वध करेगा। कंस डर गया तभी उसने वासुदेव (देवकी के पति) को जान से मार देने के लिए कहा। तब देवकी ने कंस से विनती की और कहा कि मैं स्वयं लाकर अपने बच्चे को तुम्हारे हवाले करूँगी, आपके बहनोई बेकसूर है उनको मारने से क्या लाभ मिलेगा। कंस ने देवकी की बात मान ली तथा वासुदेव और देवकी को मथुरा के कारागार में डाल दिया। कारागार में ही कुछ समय बाद देवकी और वासुदेव को एक बच्चे की प्राप्ति हुई। जैसे ही इस बात की सूचना कंस को पता चली वो कारागार में आकर उस बच्चे को मार डाला। इसी प्रकार कंस ने देवकी और वासुदेव के एक एक करके सात पुत्रों मार दिया। जब आठवें बच्चे की बारी आई तो कारागार में पहरा दुगना कर दिया गया। कारागार में बहुत से सैनिक तैनात कर दिये गये।

*(क्रमशः)*

# एयर इंडिया की बंपर खरीद का जरा संदेश भी समझिये



आर.के.सिन्हा

***एयर*** इंडिया ने 470 अत्याधुनिक यात्री विमान के ऑर्डर देने के साथ ही एक इतिहास ही रच दिया है। मजे की बात यह है कि एयर इंडिया के पास अब भी 370 जेट और खरीदने का विकल्प बचा हुआ ही है। उसके इस फैसले से सारी विमान सेवाओं की दुनिया में भूचाल सा आ गया। अब एक और आंकड़े पर गौर करें। एक अनुमान के मुताबिक, इस साल 19 करोड़ देसी-विदेशी यात्री भारत के ऊपर से हवाई यात्रा करेंगे। कितना बड़ा है यह आंकड़ा। इस आंकड़े के आलोक में समझना होगा कि देश-दुनिया का एविएशन सेक्टर किस रफ्तार से छलांग लगा रहा है। इसलिए एयर इंडिया का करीब पौने पांच सौ विमानों को खरीदने का फैसला साबित करता है कि उसके इरादे साफ हैं और इच्छा शक्ति बुलंद भी। एयर इंडिया अपने को दुनिया की एक चोटी की एयरलाइंस के रूप में स्थापित करने का पूरा मन बना चुकी है। वह यूं ही तो इतना अधिक निवेश नहीं कर रही है। हालांकि अभी तो भारत में ही 'एयर इंडिया' से बहुत आगे 'इंडिगो' है। उसके पास 308 विमान हैं और भारत के एविएशन सेक्टर में उसकी 55 फीसद हिस्सेदारी भी है। पर अगर आपके पास आगे की योजनाएं और दुनिया को जीतने का जज्बा ही नहीं है तो फिर आपके बिजनेस करने का कोई मतलब ही नहीं है। दरअसल एयर इंडिया या बाकी अन्य भारतीय एयरलाइंसों को अपने को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस साबित करने की तरफ बढ़ना होगा। अभी तक उनकी आपस में ही स्पर्धा रहती है। दरअसल कोरोनाकाल के बाद देश में अचानक हवाई यात्रा की मांग में भारी तेजी देखने को मिल रही है। इसी के चलते भारत की घरेलू एयरलाइंस कम्पनियां एक हजार से ज्यादा नये विमानों का आर्डर करने जा रही हैं। इसकी शुरूआत टाटा ग्रुप की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया ने कर भी दी है। आपको याद ही होगा कि पिछले साल टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया को टेकओवर कर लिया था। जब टाटा ने एयर इंडिया को अपने नियंत्रण में लिया था, तब तक एयर इंडिया के विमानों तथा सर्विस की हालत बेहद शोचनीय सी हो गई थी। आप विमान यात्रा करने वाले किसी भी इंसान से पूछ लें कि एयर इंडिया किस तरह की सर्विस अपने ग्राहकों को दे रही थी। एक ही जवाब मिलेगा, बेहद खराब। सरकारीकरण ने एयर इंडिया को तबाह कर दिया था। उसे फिर से पटरी पर लाने के लिए टाटा मैनेजमेंट को कई स्तरों पर कई बरसों तक काम करते रहना होगा। अगर वह इस मोर्चे पर सफल रहा तो फिर उसके पास सारा आकाश होगा। एयर इंडिया ने नये विमानों का आर्डर 'बोइंग' और 'एयरबस' कंपनियों को दिया है। एयर इंडिया ने वाइड और नैरो बॉडी दोनों ही तरह के विमानों का आर्डर दिया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विमानों का आर्डर देने का यह एक विश्व रिकॉर्ड है जो पहले अमेरिकी एयरलाइंस के नाम था जिसने 2011 में 460 विमानों का आर्डर एक साथ दिया था। देखिये एयर इंडिया ने बहुत सोच-विचार करने के बाद ही इतने विमान लेने का फैसला किया है। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में कुल 230 विमान हैं। वह इतने कम विमानों से बहुत लंबी दूरी तक नहीं जा सकती। एयर इंडिया को फिलहाल इंडिगो के अलावा स्पाइसजेट, गो फर्स्ट और अकासा से भी चुनौती मिल रही है तो इंटरनेशनल रूट में सिंगापुर एयर लाइन्स एमिरेट्स और कतर एयरलाइंस से भी चुनौती मिल रही है। दरअसल कतर एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस, एमिरेट्स, जापान एयरलाइंस, एयर फ्रांस आदि के सामने हमारी कोई भी एयरलाइंस खड़ी भी नहीं होती। आखिर इन्होंने अपने को विश्व स्तरीय बनाने के संबंध में क्यों नहीं सोचा? इस सवाल पर एविएशन सेक्टर के सभी जानकारों को सोचना होगा। सच तो यह है कि हमारी एयरलाइंसों में यात्रा करने वालों को अभी भी कोई बहुत सुखद अनुभव नहीं होता। कभी विमान में कायदे का भोजन नहीं मिलता तो कभी विमान की सीट पर लगा टीवी काम नहीं कर रहा होता है। देखिये भारत में एक से बढ़कर एक एयरपोर्ट हैं और नये बनते भी जा रहे हैं। अगले साल तक ग्रेटर नोएडा में स्थित जेवर एयरपोर्ट भी बन जायेगा। जेवर एयरपोर्ट में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 5845 हेक्टेयर जमीन पर बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण के बनने के बाद से ही सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने की संभावना है। जेवर एयरपोर्ट के संचालित होने के बाद राजधानी के आईजीआई एयरपोर्ट पर दबाव कम होना चाहिए। आईजीआई एयरपोर्ट दुनिया का दूसरा सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट बन गया है। अब मात्र अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट ही भारत के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से आगे है।

**एयर इंडिया के बेड़े में कुल 230 विमान हैं। वह इतने कम विमानों से बहुत लंबी दूरी तक नहीं जा सकती। एयर इंडिया को फिलहाल इंडिगो के अलावा स्पाइसजेट, गो फर्स्ट और अकासा से भी चुनौती मिल रही है।**

**बिजनेसनामा**

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट


Tejashwi Yadav
@yadavtejashwi
आज भाकपा-माले के 11वें महाधिवेशन में भाग लेकर वामपंथी साथियों के समक्ष वर्तमान में दक्षिणपंथी फासीवाद के खतरे, संविधान की अवधारणा तथा उसके मूल विचार पर हो रहे कुठाराघात पर अपने विचार रखें।

संविधान देश की आत्मा है। बीजेपी संविधान पर हमला कर देश पर हमला कर रही है।

## फेसबुक वॉल से




# अमेरिका में अगला राष्ट्रपति चुनाव कमला बनाम निक्की


नीरज कुमार दूबे

***निक्की*** हेली ने कहा है कि अमेरिकियों को देश में नयी पीढ़ी के नेता की जरूरत है। हेली ने अमेरिका में युवा नेतृत्व की वकालत करते हुए कहा, ''हमने कई नेताओं को देखा है जिन्होंने पूर्व में हमारा नेतृत्व किया है। हमें कांग्रेस में कार्यकाल की सीमाएं रखनी होंगी। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की भारतवंशी नेता निक्की हेली ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपनी दावेदारी के लिए औपचारिक रूप से अभियान की शुरूआत कर दी है। इसके साथ ही, उन्होंने एक समय अपने नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नये विकल्प के रूप में पेश किया है। वर्तमान में कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह दोबारा राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे या नहीं इसलिए माना जा सकता है कि कमला हैरिस भी राष्ट्रपति चुनाव में उतर सकती हैं। ऐसे में यदि कमला हैरिस और निक्की हेली के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला होता है तो वह बड़ा रोचक होगा क्योंकि दोनों ही भारतीय मूल की अमेरिकी हैं। जहां तक निक्की हेली की बात है तो आपको बता दें कि 51 वर्षीय यह अमेरिकी राजनीतिज्ञ दक्षिण कैरोलिना की दो बार गवर्नर रही हैं और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकी हैं। उन्होंने इस सप्ताह दक्षिण कैरोलिना में एक कार्यक्रम के दौरान अपने उत्साहित समर्थकों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि 'एक मजबूत अमेरिका के लिए, एक गौरवशाली अमेरिका के लिए, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो गई हूं। उन्होंने कहा, 'जब अमेरिका उतार-चढ़ाव से गुजरता है, तो दुनिया कम सुरक्षित हो जाती है और आज, हमारे दुश्मन सोचते हैं कि अमेरिका का युग बीत चुका है। लेकिन वे गलत हैं।' निक्की हेली ने कहा, 'अगर हम 20वीं सदी के राजनेताओं पर भरोसा करते रहे तो हम 21वीं सदी की लड़ाई नहीं जीत पायेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अप्रवासियों की बेटी के रूप में, एक लड़ाकू योद्धा की गौरवमयी पत्नी के रूप में और दो अद्भुत बच्चों की मां के रूप में आपके सामने खड़ी हूं।' निक्की हेली ने कहा है कि अमेरिकियों को देश में नयी पीढ़ी के नेता की जरूरत है। हेली ने अमेरिका में युवा नेतृत्व की वकालत करते हुए कहा, ''हमने कई नेताओं को देखा है जिन्होंने पूर्व में हमारा नेतृत्व किया है। हमें कांग्रेस में कार्यकाल की सीमाएं रखनी होंगी। हमें 75 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी निर्वाचित अधिकारी के लिए योग्यता परीक्षण कराने की आवश्यकता हम आपको बता दें कि उनकी इस औपचारिक घोषणा का यह मतलब है कि वह उम्मीदवारी हासिल करने के लिए 76 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाली पहली दावेदार होंगी। उल्लेखनीय है कि हेली और ट्रंप, दोनों रिपब्लिकन पार्टी से हैं। राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने से पहले निक्की हेली को रिपब्लिकन पार्टी की 'प्रेसीडेंशियल प्राइमरी' में जीत हासिल करनी होगी, जो अगले साल जनवरी में होने का कार्यक्रम है। हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर, 2024 को होना है। जहां तक निक्की हेली के परिचय की बात है तो आपको बता दें कि निक्की उर्फ निमरत निक्की रंधावा का जन्म प्रवासी पंजाबी सिख परिवार में हुआ था। निक्की हेली का जन्म सिख माता-पिता अजीत सिंह रंधावा और राज कौर रंधावा के यहां हुआ था, जो 1960 के दशक में पंजाब से कनाडा गये और फिर अमेरिका आकर बस गये थे। निक्की हेली एक सिख महिला के तौर पर बड़ी हुईं, लेकिन 1996 में माइकल हेली से शादी के बाद उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। अमेरिका में अपने जीवन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'मेरे माता-पिता ने बेहतर जीवन की तलाश में भारत छोड़ा। वे यहां बामबर्ग, साउथ कैरोलिना में बसे, जिसकी आबादी 2,500 थी। हमारा छोटा शहर हमसे प्यार करने लगा, लेकिन यह हमेशा आसान नहीं था। हमारा परिवार एकमात्र भारतीय परिवार था। कोई नहीं जानता था कि हम कौन थे, हम क्या थे, या हम यहां क्यों आये थे।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मेरे माता-पिता जानते थे। और हर दिन, उन्होंने मुझे, मेरे भाइयों और मेरी बहन को याद दिलाया कि हमारे सबसे बुरे दिन में भी, हम अमेरिका में रहने के लिए धन्य हैं। वे तब सही थे- और वे अब भी सही हैं। मेरे माता-पिता एक ऐसे देश में आए थे जो ताकतवर बन रहा था और जिसका आत्मविश्वास बढ़ रहा था।' निक्की हेली एक समझदार राजनीतिज्ञ भी हैं क्योंकि उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत चीन पर निशाना साधते हुए की है।

**निक्की हेली का जन्म सिख माता-पिता अजीत सिंह रंधावा और राज कौर रंधावा के यहां हुआ था, जो 1960 के दशक में पंजाब से कनाडा गये और फिर अमेरिका आकर बस गये थे।**

**दुनियादारी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# जेल अदालत में बंदियों को अधिकार-कर्तव्यों की मिली जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिले में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देश पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सह अनमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बंदियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। मिथिलेश कुमार ने बंदियों को प्राप्त अधिकारों और कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया. प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों का लाभ उठाने के लिए भी विस्तार से जानकारी दी गयी। बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। एलएडीसी के डिप्टी चीफ राजेश यादव, असिस्टेंट एलएडीसी राहुल कुमार और दीपक कुमार मिश्र ने बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जानी वाली सहायताओं की जानकारी दी। एलएलडीसी के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने बंदियों से इसका लाभ उठाने की अपील की। इसके अलावा बंदियों को अपने मुकदमें की जानकारी, वाद संख्या की जानकारी और अपने ऊपर लगे आरोप की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें कारा से निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह किया। जेल प्रशासन और कार्यरत पीएलभी को झालसा के निःशुल्क वकील प्रदान करने के लिए योग्य कैदियों से आवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जेल अधीक्षक मेनसन बारवा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मंडल कारा के प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा, एलएडीसी के पदाधिकारी जेल कर्मी धर्मेन्द्र कुमार, संगीत कुमार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

ग्रामीणों में दिखा उत्साह

## नावागढ़ से हज के लिए सऊदी अरब हुए रवाना



**लातेहार।** सदर प्रखंड के नावागढ़ निवासी आजमीन हासिम राय पिता महरूम मोहम्मद इलियास राय हज यात्रा के लिए उमरा मक्का मदीना सऊदी अरब के लिए रविवार को रवाना हुए मौके पर आजमीन हासिम राय नें कहा की हज यात्रा करने का सपना मुझे बचपन से ही था जिसे पूरा होते देख मुझे बहुत खुशी हो रहीं हैं इसके लिए मेरे परिवार और गांव के लोगों का पूरा सहयोग मिला हैं जिसके लिए मैं सभी को तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पकंज तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता गफार अंसारी, नावागढ़ पंचायत समिति के पूर्व सदस्य भाजपा नेता हरिओम प्रसाद, कांग्रेस के नजीर मियां, झामुमो के मुस्लिम अंसारी, मोहम्मद मौसम राय, मौलवी मोहम्मद इशा, सनाउल्ला मिस्त्री मुबारक अंसारी, इसराइल अंसारी, मोहम्मद फारूक अंसारी, मोहम्मद लियाकत अंसारी, रिजवान अंसारी, मोहम्मद मकसूद मियां, मोहम्मद मुजीब अंसारी समेत सैकड़ों गणमान्य महिला-पुरुष मौजूद रहे।

NEWS इन ब्रीफ

### युवक पेड़ से गिरकर घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बारियातू प्रखंड अंतर्गत बारिखाप में 10 वर्षीय युवक संजय कुमार पेड़ से गिरकर घायल हो गया। जिसे परिजनों ने आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉ सुरेंद्र कुमार के देखरेख में इलाज किया गया । घटना के बारे मिली जानकारी के अनुसार संजय कुमार पिता रामा भुइँया चौथे वर्ग का छात्र है जो रविवार छुट्टी होने के चलते बकरी चराने नदी के समीप गया था वहां एक पेड़ पर चढ़ा था और अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे युवक का बाया पैर फ्रैक्चर हो गया। और आंतरिक चोटे भी आई। जिसकी स्थिति को देखते हुए डॉ ने उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### सड़क हादसे में युवक घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के दुड़ंगी कला के समीप एनएच 39 सड़क पर अज्ञात ट्रक के धक्के से होटवाग निवासी अमेरिका यादव उम्र 44 वर्ष घायल हो गए। घायल होने की की सूचना मिलते ही रंजीत यादव, संतोष यादव, चिंटू यादव, मोहर यादव, शिवलोक यादव ने घटनास्थल पहुंचकर घायल को सदर अस्पताल लातेहार पहुंचाया। सदर अस्पताल में चिकित्सक डा. सुनील कुमार भगत एवं डा. नीलमणी कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक लातेहार बाजार से अपने घर जा रहा था।

तीन दिवसीय महोत्सव में श्रम मंत्री, सांसद, विधायक हुए शामिल

# राजकीय इटखोरी महोत्सव शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** रविवार को चतरा जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। जिसका मुख्यमंत्री के अनुपस्थिति में राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, जैन धर्म के अध्यक्ष सुरेश झांझरी, बौद्धभिक्षु धर्म के प्रज्ञादीप, जिप अध्यक्ष ममता देवी, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, उपायुक्त अबु इमरान व एसपी राकेश रंजन आदि के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों को साल, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद ने अगले बार से उद्घाटन के बाद तुरंत कार्यक्रम करवाने की बात कहते हुए कहा कि दो वर्षों से सांकेतिक रूप में महोत्सव मनाया जा रहा था, लेकिन इस वर्ष से सरकार के द्वारा विस्तार से मनाया का रहा है। महोत्सव से जिले का विकास भी किया जा रहा है। सरकार किसी भी पार्टी की हो लेकिन राजकीय इटखोरी महोत्सव हर वर्ष अपने निमित समय 19 से 21 फरवरी तक मनाया जायेगा। अब यह राजकीय दर्जा प्राप्त कर चुकी है। राजनीति तो यहां लोगों को बांटती है, वहीं राजकीय महोत्सव सभी को एक कड़ी में जोड़ने का कार्य करती है। पर्यटन सिर्फ हमें रोजगार नहीं देती बल्कि हमारी संस्कृति को भी दशार्ती है। साथ ही कहा कि हम दिन चार रहें या ना रहें मां तेरा वैभव अमर रहे। वहीं मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि तीनो धर्मों के स्थल मां भद्रकाली मंदिर सहित सभी धार्मिक स्थलों का विकास हमें मिल जुल कर करना होगा, तभी विकास संभव है। वहीं उपयुक्त श्री इमरान ने चतरा जिले में हो रहे विकास को बारीकी से रखा। विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि तीनो धर्मों का संगम मां भद्रकाली मंदिर में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ राजकीय इटखोरी महोत्सा मनाया जा रहा है। प्रशासन की व्यवस्था मजबूत होने के कारण भी कुर्सियां खाली दिख रही हैं। कही न कही हमारे में कमी रह गई होगी इसे भी सुधारने की जरूरत है।

### मंत्री व सांसद ने की माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना



इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन से पूर्व राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्त व सांसद सुनील कुमार सिंह माता भद्रकाली मंदिर पहुंचकर सर्वप्रथम माता की पूजा अर्चना की। इसी दौरान गर्भगृह पुजारी नागेश्वर तिवारी ने मंत्री को आशीर्वाद स्वरूप माता की चुनरी भेंट की। मुख्य मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत शनि मंदिर, राम जानकी मंदिर, बजरंगबली मंदिर, छोटा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किया। वहीं सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में जलाभिषेक किया। साथ में सांस के अलावे सिमरिया विधायक, जिप अध्यक्ष, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी आदि शामिल थे।

### पुष्प वर्षा कर किया अतिथियों का स्वागत, किया गया पौधरोपण



श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य अतिथियों का माता भद्रकाली मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप पूर्व प्रमुख ऋषि बाला सिंह के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं मंदिर परिसर में श्रम मंत्री श्री भोक्ता ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इसके अलावे सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक, डीसी अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व एसडीएम मुमताज अंसारी आदि ने भी कपूर, रुद्राक्ष समेत अन्य पौधे लगाए। वृक्षारोपण के बाद अतिथियों का झारखंडी नृत्य के साथ मंच तक स्वागत किया गया।

### महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर मामता भद्रकाली मंदिर व महोत्सव स्थल में चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उद्घाटन स्थल पर अतिथियों के लिए मंदिर के पीछे वाले रास्ते से आने की व्यवस्था की गयी थी। डीसी अबु इमरान व एसपी राकेश रंजन स्वंय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। वहीं कार्यक्रम स्थल से लेकर चैपारण-चतरा, इटखोरी-हजारीबाग पथ के साथ मुख्य द्वार पर जवानों की तैनाती की गयी थी। जवान हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे।

## मस्जिदों में हुआ अल्लाह और रसूल का जिक्र



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** इस्लाम में खास धार्मिक महत्व रखने वाली रात शबे मेराज के अवसर पर शनिवार की रात मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इबादत में गुजारी और रविवार को रोजा रखा।इस अवसर पर प्रखंड के जामा मस्जिद,गौशिया मस्जिद,मदीना मस्जिद समेत गाँवो की मस्जिदों में सलातुल तस्बीह व अन्य नफिल नमाजें पढ़ी गईं और कुरआन-ए-पाक की तिलावत हुई।मस्जिदों व घरों में रातभर अल्लाह व रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब का जिक्र होता रहा एवं दरूदो सलाम का नजराना पेश किया गया।जामा मस्जिद के इमाम मुफ्तीमोहम्मद शब्बीर कादरी ने बताया कि यह वही मुबारक रात है जब रसूल-ए-पाक सात आसमानों के पार अर्श-ए-आजम से आगे ला मकां में अल्लाह के दीदार व मुलाकात से सरफराज हुए और तोहफे में पांच वक्त की नमाज मिली।मेराज शरीफ में रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब ने रात के एक भाग में मस्जिद-ए-हरम से मस्जिद-ए-अक्सा तक का सफर किया।इसका जिक्र कुरआन में अल्लाह ने सूरः बनी इस्त्राईल में किया है।मस्जिद-ए-अक्सा से रसूल-ए-पाक सात आसमानों की सैर पर गए।आसमानी यात्रा को मेराज कहा जाता है। इसका जिक्र कुरआन में अल्लाह ने सूरः नज्म में किया है और अन्य बातें हदीसों में विस्तृत रूप में बयान हुई है। रसूल-ए-पाक मक्का शरीफ से बुराक पर सवार होकर मेराज के लिए तशरीफ ले गए। फरिश्तों के सरदार हजरत जिब्राइल भी आपके साथ थे।इसलिए इस रात का इस्लाम में काफी महत्व है।वही इस मौके पर हाफिज नदीम और मौलाना कौनेन मिस्बाही ने अपने नात से लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## मयंक सिंह ने रेलवे साइट पर लेवी के लिए कराई थी फायरिंग



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** बालूमाथ थाना अंतर्गत बसिया ग्राम के समीप बीते शनिवार शाम टोरी शिवपूर रेलखंड का तीसरा लाइन निर्माण कार्य करा रही कंपनी के साइट पर दो नकाबपोश अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाया था। जिसके बाद बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह सहित थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिए। इस मामले में टोरी शिवपुर थर्ड लाइन निर्माण कार्य के संवेदक बब्बन सिंह सिंह ने बतलाया की बीते 15 जनवरी को अमन साहु गिरोह के मयंक सिंह द्वारा व्हाट्सएप पर मैसेज कर रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी देने से मना किया तो निर्माण कार्य स्थल पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले में संवेदन ने स्थानीय थाना बालूमाथ पर आवेदन देकर मयंक सिंह सहित अज्ञात अपराधियों पर मामला दर्ज कराने की बात कही है। इस मामले में बालूमाथ थाना पुलिस हर पहलुओं पर छानबीन शुरू कर चुकी है। और अपराधियों को धरपकड़ के लिए जगह-जगह पर छापेमारी कर रही है। ज्ञात हो कि नकाबपोश अपराधियों ने थर्ड लाइन के मिट्टी कटाव के कार्य में लगे पोकलेन ऑपरेटर विकास कुमार को भाग जाने की धमकी देते हुए चार फायरिंग की गई थी और अपराधी घटना को अंजाम देकर भागने में सफल रहे। अपराधियों द्वारा फायरिंग के बाद क्षेत्र में दहशत है। इधर संवेदक ने बतलाया कि गिरोह के मयंक सिंह द्वारा दोबारा व्हाट्सएप कॉल कर धमकी दी गई।

चतरा में प्रकाश यादव हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा

## चार आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंसती टोला तपेज स्थित हेरुवा नदी के पास हुवे प्रकाश यादव पिता कुंजल यादव ब्लाइंड हत्या कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में शामिल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था और टीम ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए कांड का उदभेदन कर चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि सभी दोस्तों ने ही पीट-पीटकर प्रकाश यादव को मौत के घाट उतारा था। कांड में शामिल थाना क्षेत्र के दिभा मोहल्ला से सिंटू कुमार यादव पिता राजेश यादव, संजय कुमार यादव पिता धनेश्वर यादव, प्रवीन यादव पिता बोधी यादव व विक्की कुमार पिता राजु कुमार राम को गिरफ्तारी किया गया है। विगत 14 फरवरी को शहर से सटे हेरूवा नदी बसंती टोला तपेज में प्रकाश की पीट-पीटकर हत्या उसके दोस्तों ने ही कर दी थी। अन्य फरार आरोपियों के धर पकड़ को लेकर पुलिस अभियान चला रही है। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसआईटी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम, थाना प्रभारी मनोहर करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक प्रकाश सेठ, कौशल कुमार सिंह व महिला पुलिस अवर निरीक्षक वीणा कुमारी समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## खरवार भोगता विकास संघ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** प्रखंड के बालूभांग के जावाबार ग्राम में खरवार भोक्ता विकास संघ का प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गँझू की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। बैठक मे अध्यक्ष बहादुर गंझू, कोषाध्यक्ष योगेंद्र गँझू ने उपस्थित समाज के महिला पुरुषों को नशामुक्त, शिक्षित समाज बनाने पर जोर दिया।साथ ही अंधविश्वास, डायन कुप्रतथा हटाने के लेकर लोगों को जागरूक किया। वहीं ग्राम कमिटी का सर्व समिति से चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष बसंत गंझू पिता खेटू गंझू,उपाध्यक्ष कुलेश्वर गंझु, सचिव नंदकिशोर गंझू पिता पचन गंझू, उप सचिव प्रदीप गंझु,कोषाअध्यक्ष संतोष गंझू पिता स्व वासुदेव गंझू को सर्वसम्मति से चयनित किया। नवचयनित सभी समितियों को फूल माला से स्वागत किया गया साथ ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करने की सलाह दी गई। मौके पर प्रीति देवी, सुनीता देवी, संतोषी देवी, सुनीता देवी, रीना देवी,पार्वती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

दहशत में लोग | हाथी के हमले में मृतका के परिजनों से मिले वनविभाग समेत जनप्रतिनिधि

# वन विभाग ने दी सहायता राशि, बंधाया ढांढस



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** बोदा पंचायत अंतर्गत डुमरचुआं गांव में बीती शाम झुंड से बिछड़े एक हांथी ने दो महिलाओं पर हमला कर एक को पटक पटक कर मौके पर जान ले ली दूसरे को घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया ललीता देवी, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, बाबर खान ने डुमरचुआं गांव जाकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया, मृतक के परिजन के प्रति संवेदना प्रकट किया। मृतक के पति फुलदेव गंझु व ग्रामीण जगेश्वर गंझु, सुरेश गंझू, सुलेनद्र गंझु, कृष्ण गंझु, बलेशर गंझु, बाबूलाल गंझु, संतोष गंझु,, पार्वती देवी, सुगनी देवी ने, बताया कि प्यासो देवी व सुनीता देवी दोनों चंदवा से मजदुरी का कार्य कर बीती शाम घर डुमरचुआं आ रहे थे इसी क्रम में घर के कुछ दुरी पर हाथी ने दोनों पर हमला कर दिया। हमले में प्यासो देवी उम्र 50 की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि सुनीता देवी उम्र 45 बुरी तरह घयल हो गई, घायल सुनीता देवी का चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नीलीमा कुमारी की देखरेख में ईलाज चल रहा है। मृतक प्यासो देवी का दो पुत्री व एक पुत्र है, घायल सुनीता देवी की पति बाहर काम करने गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की ओर से मृतक के परिजन को चालीस हजार रुपए व घायल सुनीता को पांच हजार रुपए सहायता दिया गया है। मृतक को दो दिनों में और साठ हजार रुपए देने व प्रकृया पुरी होते ही तीन लाख रुपए का भुगतान करने का आश्वासन वन विभाग ने दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि हांथी को सुरज कुंड जंगल में देखा गया है, हाथी के आतंक से गांव वासी अभी भी डरे सहमे हुए हैं। मुखिया ललीता देवी, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने हाथी को इलाके से खदेड़ कर ग्रामीणों की जानमाल की रक्षा करने की मांग डीएफओ से की है।

## चंदवा : जंगली हाथी के हमले में एक मजदूर महिला की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा पंचायत के डुमरचुंआ गांव में शनिवार देर शाम हाथी के हमले से एक महिला की मौत गई जबकि एक अन्य महिला के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायल महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बंदरचुंआ गांव की दो महिलाएं उस समय हाथी की चपेट में आ गईं जब वे चंदवा से दिहाड़ी मजदूरी कर वापस अपने घर लौट रही थीं गांव पहुंचते पहुंचते अंधेरा छा गया था इसी अंधेरे में घर के समीप ही बैर के पेड़ के पास हाथी खड़ा था जिसे महिलाएं देख नहीं पाई और हाथी के सामने पहुंच गईं ,इनके पहुंचते ही हाथी ने इनके ऊपर हमला कर दिया और एक




महिला को पैर से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया।मृतका की पहचान पियासो देवी पति फुलदेव गंझू उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में हुई है।वहीं सुनीता देवी पति कलेशर गंझू को हाथी ने घायल कर दिया। घटना की सूचना पर वन विभाग के कर्मी घटना स्थल पर पहुंच कर मृतिका के शव ल को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार हाथी की संख्या एक बताई जा रही है जो अपने झुंड से बिछड़ गया है।






## NEWS इन ब्रीफ

### सिसोदिया का अनुरोध स्वीकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में एक ताजा घटनाक्रम में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। सिसोदिया में जांच में शामिल होने के लिए और समय मांगा था। इससे पहले सिसोदिया ने सीबीआई को पत्र लिखकर सात दिन का समय मांगा था। सीबीआई अब जांच में शामिल होने के लिए नई तारीख के साथ सिसोदिया को नया समन जारी करेगी।
सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि इन सब के पीछे बीजेपी है।

### दो युवकों को जिंदा जलाए जाने के मामले में 6 हिरासत में

**जयपुर।** हरियाणा में दो लोगों का अपहरण कर जिंदा जलाने के मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। राजस्थान पुलिस के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस ने कहा कि वह हरियाणा पुलिस की भूमिका की भी जांच करेंगी, जिन्होंने गाय तस्करी के एक मामले में कथित रूप से पीड़ितों को संदिग्ध बताकर पीटा था। हालांकि, पुलिस अधिकारी जांच को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन सूत्रों ने कहा कि छह लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

### राजस्थान विस के मुख्य सचेतक ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक पद से महेश जोशी के इस्तीफे और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा इसे स्वीकार किए जाने के बाद पार्टी के राज्य प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने 'एक व्यक्ति एक पद' का हवाला देते हुए राज्य में राजनीतिक अटकलों को तेज कर दिया है। उन्होंने जोशी के इस कदम को 25 सितम्बर, 2022 की घटना से जोड़ा है।

### तस्करों की फायरिंग में बीएसएफ जवान घायल

**उत्तर दिनाजपुर।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर ग्वालपोखर थाने के तिंगगांव में बांग्लादेशी तस्करों की फायरिंग में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान का नाम मुकेश चंद शर्मा है। वह बीएसएफ की 152वीं बटालियन में कार्यरत है। बीएसएफ की तरफ से रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी गई।

# सीईपीए ने भारतीय उद्यमियों को दिया बढ़ावा : पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी (सीईपीए) ने भारतीय उद्यमियों को बढ़ावा दिया है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि इससे यूएई के साथ भारत के संबंध गहरे हुए हैं। पीएम मोदी का यह ट्वीट वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के एक ट्वीट के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री को टैग करते हुए लिखा कि 18 फरवरी को भारत-यूएई सीईपीए पर हस्ताक्षर के एक साल हो गए हैं।
गोयल ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी अल जायौदी के साथ सीईपीए के एक वर्ष पूरा होने पर संयुक्त रूप से लिखा गया लेख साझा किया था। गोयल ने अपने ट्वीट के साथ लेख को टैग भी किया। भारत-यूएई सीईपीए पर हस्ताक्षर किए हुए एक साल हो गया है। संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी अल जायौदी के साथ संयुक्त रूप से लिखे गए इस लेख में, हम इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे यह समझौता हमारे आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाया है और सीमा पार सहयोग के लिए एक मॉडल है। गोयल ने संयुक्त अरब अमीरात के मंत्री के साथ लेख में लिखा है, 80 प्रतिशत से अधिक उत्पाद लाइनों पर टैरिफ को कम कर, सेवा निर्यात तक बाजार पहुंच बढ़ाकर और एसएमई को सहयोग और विस्तार करने के लिए मंच प्रदान करके, दोनों देशों ने अनिश्चित दुनिया में अवसर के एक नए युग की कल्पना की है।

## शिवाजी की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने ट्वीट किया, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देता हूं। उनका साहस और सुशासन पर बल हमें प्रेरित करता है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी को श्रद्धांजलि देते हुए एक ऑडियो और वीडियो असेंबल भी टैग किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी इस मौके पर मराठा शासक को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता ने हिंदी में ट्वीट किया, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें प्रणाम करता हूं। वह शौर्य और पराक्रम के प्रतीक थे।

## रूसी राजनयिकों को डच सरकार ने किया निष्कासित

**एजेंसी। द हेग**

डच सरकार ने कथित जासूसी के आरोप में कई रूसी राजनयिकों को निष्कासित करने की घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने विदेश मंत्री वोपके होकेस्ट्रा के हवाले से कहा कि नीदरलैंड हेग में रूसी दूतावास में मास्को में डच दूतावास में काम करने वाले राजनयिकों की संख्या से अधिक राजनयिकों को काम करने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि रूसी दूतावास के करीब 10 कर्मचारियों को नीदरलैंड छोड़ना होगा। एम्स्टर्डम में रूसी व्यापार कार्यालय 21 फरवरी से बंद हो जाएगा। इसके अलावा, सेंट पीटर्सबर्ग में डच वाणिज्य दूतावास 20 फरवरी से बंद हो जाएगा। होकेस्ट्रा ने कहा कि मास्को में डच दूतावास खुला रहेगा। दूतावासों को संचार के एक चैनल के रूप में खुला रखना महत्वपूर्ण है, अब भी जब रूस के साथ संबंध पहले से कहीं अधिक खराब हैं।

## नाम व सिंबल के लिए खर्च किए दो हजार करोड़ : राउत

**एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने रविवार को एक चौंकाने वाले दावे में कहा कि मूल 'शिवसेना' नाम और 'तीर-धनुष' निशान के लिए अब तक 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया। अपने सिलसिलेवार ट्वीट में राउत ने कहाः मुझे विश्वसनीय जानकारी मिली है, मुझे विश्वास है, यह केवल प्राथमिक आंकड़ा है और 100 प्रतिशत सही है। राउत ने कहाः यह देश के इतिहास में अभूतपूर्व है, जल्द ही कुछ और खुलासे किए जाएंगे। राउत के आरोप को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) पर उंगली उठाने के रूप में देखा जा रहा है।
शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता का सनसनीखेज विवाद ईसीआई द्वारा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले अलग हुए गुट बालासाहेबंची शिवसेना को 'शिवसेना' नाम और 'धनुष-तीर' चिन्ह आवंटित करने के दो दिन बाद आया है।

### पार्टीलाइन से हट कर दे रहे बयान

# मुंहफट भाजपा नेता नहीं मान रहे पीएम की सलाह

**संतोष कुमार पाठक। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार पार्टी नेताओं, पार्टी सांसदों और पार्टी की अन्य महत्वपूर्ण बैठकों के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से यह कह चुके हैं कि उनकी सरकार का मूल मंत्र - सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है और उनकी सरकार इसी एजेंडे को लेकर काम कर रही है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री लगातार अपने मंत्रियों और नेताओं को यह नसीहत भी देते हैं कि जनता ने उन्हें काम करने के लिए चुना है इसलिए उन्हें अनावश्यक हर मामले में बयानबाजी करने से बचना चाहिए। प्रधानमंत्री लगातार अपने नेताओं को यह हिदायत भी देते रहते हैं कि उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहना चाहिए, राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और अपने कामकाज के बल पर ही चुनाव के समय जनता से वोट मांगना चाहिए।
सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री स्वयं कई बार अपने बयान बहादुर मंत्रियों की क्लास ले चुके हैं और उन्होंने कई बार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी ऐसे नेताओं को समझाने को कहा है।
प्रधानमंत्री कई बैठकों में अपने नेताओं को गलत बयानबाजी से बचने की सलाह देते हुए यह कह चुके हैं कि वे सारा दिन काम करते हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे बयान देने के आदि हो चुके हैं कि सारा दिन मीडिया में उन्हीं का विवादास्पद बयान चलता रहता है।
सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री



बिहार से आनेवाले अपने एक कद्दावर मंत्री को विवादास्पद बयानों के लिए फटकार लगाते हुए यह कह चुके हैं कि वो उन्हें समझा-समझा कर थक चुके हैं। एक फरवरी को लोक सभा में बजट पेश करने से पहले होनी वाली कैबिनेट बैठक में भी प्रधानमंत्री ने अनावश्यक रूप से बयानबाजी करने के लिए अपने कई मंत्रियों को फटकार भी लगाई थी।
आपको याद दिला दें कि, पिछले महीने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए भी प्रधानमंत्री ने हर मुद्दे पर विवादास्पद बयान देने वाले नेताओं पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा था कि एक नेता हैं जो फिल्मों पर बयान देते रहते हैं। उनके बयान टीवी पर चलते रहते हैं और उन्हें लगता है कि वे नेता बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकारिणी की बैठक में यहां तक कह दिया था कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के फोन करने के बाद भी ये नेता मानते नहीं हैं।
दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश, कर्नाटक, बिहार और उत्तर प्रदेश के अलावा देश के कई अन्य राज्यों में पार्टी अपने ही नेताओं, विधायकों, सांसदों और मंत्रियों के अनावश्यक और विवादास्पद बयानों की वजह से असहज स्थिति में आ जाती है। पार्टी के जनाधार का विस्तार करने के मिशन में जुटी भाजपा के लिए उसके बयान बहादुर नेता कितनी बड़ी समस्या बन चुके हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सांसदों के साथ ऑनलाइन बैठक में बहुत ही सख्त शब्दों में पार्टी सांसदों को यह निर्देश दिया कि वे धार्मिक और विवादास्पद मुद्दों पर बयान न दें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर हिदायत देते हुए यह कहा कि इस तरह के मुद्दों पर अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी की तरफ से सिर्फ अधिकृत प्रवक्ता ही बयान देंगे।
दरअसल, नड्डा ने पार्टी के सभी सांसदों की यह ऑनलाइन बैठक बजट और राष्ट्रपति के अभिभाषण को लोगों तक पहुंचाने के तौर तरीकों पर चर्चा करने और सांसद खेल स्पर्धा सहित पार्टी द्वारा सांसदों को दी गई अन्य जिम्मेदारियों पर चर्चा के लिए बुलाई थी, लेकिन बयानवीर नेताओं के बयानों से नाराज नड्डा बैठक में सांसदों को प्रधानमंत्री के मूल मंत्र और विजन के बारे में समझाते हुए अनावश्यक, विवादास्पद और खासतौर से धार्मिक मुद्दों पर बयानबाजी नहीं करने का निर्देश देते नजर आए। नड्डा ने तो यहां तक कह दिया कि सनातन धर्म से जुड़े मामले हों या धर्म से जुड़े धार्मिक मामले, यह जिनका विषय है उन्हीं को इस पर बोलना चाहिए।

## इमरान को मिल रहा पूर्व आईएसआई प्रमुख का समर्थन : मरियम नवाज

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य आयोजक मरियम नवाज ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हामिद द्वारा छोड़े गए 'निशान' अब भी संस्थान में पाए जा सकते हैं। वह आज तक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान का समर्थन कर रहे हैं। मरियम ने कहा, उन्हें (खान) अभी भी पिछले प्रतिष्ठान के निशान से मदद मिल रही है, क्योंकि उनके हित आपस में जुड़े हुए हैं।
जियो न्यूज ने बताया कि खान के



खिलाफ कई मामलों के लिए अदालत का सामना करने के विरोध पर टिप्पणी करते हुए मरियम ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्होंने देखा है कि एक राजनेता बार-बार याद दिलाने के बावजूद अदालत के आदेशों का पालन नहीं कर रहा है। मरियम ने कहा कि न्यायपालिका में ऐसे न्यायाधीश हैं, जो ईमानदारी से भरे हुए हैं, लेकिन पूर्व इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस प्रमुख के कुछ निशान अभी भी मौजूद हैं। जियो न्यूज ने बताया, संस्था नहीं, बल्कि कुछ लोग इमरान का समर्थन कर रहे हैं। पीएमएल-एन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने खान का उपहास करना जारी रखा। उन्होंने कहा कि खान अपने घायल पैर के साथ अपनी पार्टी की सभा के लिए रावलपिंडी जा सकते हैं, लेकिन अदालत में पेश नहीं हो सकते।

## FILMY हलचल

### रणवीर सिंह ने एनबीए स्टार संग तस्वीर खिंचवाई

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की एक तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो गई है, जिसमें उन्हें 'गॉन गर्ल' स्टार बेन एफ्लेक के साथ देखा जा सकता है। अभिनेता एनबीए ऑल-स्टार सेलिब्रिटी गेम 2023 में भाग लेने के लिए अमेरिका में थे। रणवीर सिंह ने खेल आयोजन में एनबीए इंडिया का प्रतिनिधित्व किया, जो 17 फरवरी को अमेरिका में साल्ट लेक सिटी, यूटा में आयोजित किया गया था। 'गली बॉय' स्टार के साथ 'शांग-ची' स्टार सिमू लियू, कॉमेडियन हसन मिन्हाज, और लैटिन वैश्विक संगीत आइकन और अभिनेता निकी जैम शामिल हुए। अफ्लेक, जो 'अर्गो' और 'गुड विल हंटिंग' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, ने सभी खिलाड़ियों को सेलिब्रिटी मैच में पेश किया। रणवीर पूर्व मियामी हीट प्लेयर ड्वेन वेड की टीम के लिए खेले।

### विकास खन्ना और पॉल रुड ने वड़ा-पाव, 'आरआरआर' डाइट पर चर्चा की

**सेलिब्रिटी** शेफ विकास खन्ना ने हाल ही में एंट-मैन और द वास्पः क्वांटममैनिया स्टार पॉल रुड के साथ बात की। दोनों ने लोकप्रिय भारतीय स्ट्रीट फूड, वड़ा-पाव, इस साल की भारतीय ऑस्कर



नामांकित फिल्मों 'आरआरआर', 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' और 'ऑल दैट ब्रीथ्स' पर बातचीत की। एक आभासी बातचीत के दौरान, विकास ने पॉल को वड़ा-पाव का लघु संस्करण भी दिखाया जो उन्होंने बनाया था।
सेलिब्रिटी शेफ, जिसका साथी सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बराड़ के साथ इंटरनेट पर दिल जीत रहा है, ने भी पॉल से उनके आहार के बारे में पूछा, जिस पर अभिनेता ने यह कहते हुए जवाब दिया कि प्रसंस्कृत भोजन अमेरिकी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और यह कुछ ऐसा है जो उन्हें निराश करता है। उन्होंने कहाः चीनी और कैफीन शरीर को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। मैं उनसे दूर रहने की कोशिश करता हूं। उन्होंने यह भी साझा किया कि वह एक ही समय में खाते हैं और लगभग एक ही भोजन के विभिन्न संस्करण खाते हैं। एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटममैनिय, जो हाल ही में रिलीज हुई थी, मार्वल स्टूडियोज की एक सुपरहीरो फिल्म है। इस बीच विकास खन्ना रियलिटी कुकिंग शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 7वें सीजन को जज करते नजर आ सकते हैं।

### प्रियंका ने बेटी मालती की झलक दिखाई



**जोनास** ब्रदर्स के लिए हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम कार्यक्रम में दुनिया के सामने अपनी बेटी मालती मैरी का चेहरा दिखाने के बाद प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर उसके साथ एक तस्वीर साझा की है। रविवार को प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपनी और अपने बच्चे की दो तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने मालती का चेहरा दिखाते हुए एक सेल्फी क्लिक की। दूसरी तस्वीर में वह बिस्तर पर मालती को अपने पास पकड़े हुए है और अपने हाथ से अपना चेहरा छुपा रही है। उन्होंने अपनी पोस्ट को कैप्शन दिया, डेज लाइक दिस। प्रियंका और निक ने दिसम्बर 2018 में जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में ईसाई और हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। उन्होंने पिछले साल सरोगेसी के जरिए अपनी बेटी मालती मैरी का स्वागत किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका 'लव अगेन' और सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आएंगी। वह फरहान अख्तर की 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ के साथ भी नजर आएंगी।

### तमिल कॉमेडियन माइलसामी का निधन

**तमिल** फिल्मों के लोकप्रिय कॉमेडियन आर. मायलसामी का रविवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। तमिल कॉमेडियन ने एक फिल्म के लिए डबिंग करते समय बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद उनके परिवार के सदस्य और सहकर्मी उन्हें चेन्नई के पोरुर श्री रामचंद्र मेडिकल कॉलेज ले गए, लेकिन रविवार सुबह उनका निधन हो गया। मयिलसामी ने 39 साल के करियर में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। तमिल कॉमेडियन मयिलसामी ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फिल्म 'ग्लासमेट' के लिए रिकॉर्ड किया था। अभिनेता एम.एस. भास्कर और पार्थिपन अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचे।

## सम्मान : हिंदी गौरव अलंकरण से अलंकृत हुए प्रो. संजय द्विवेदी

# मातृभाषा का अनादर न होने दें

**नवीन मेल नेटवर्क। इंदौर**

मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा रविवार दोपहर आयोजित समारोह में भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के महानिदेशक प्रोफेसर संजय द्विवेदी और साहित्यकार डॉ. भगवती लाल राजपुरोहित को 'हिन्दी गौरव अलंकरण' से अलंकृत किया गया। इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति विष्णु सदाशिव कोकजे थे।
उन्होंने कहा कि मातृभाषाओं का व्यवहार एवं शिक्षा में अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। हम ज्यादा से ज्यादा भाषाएं सीखें,




किंतु मातृभाषा का अनादर न होने दें।

**तेज करें बौद्धिक अभियान :** सम्मान से अलंकृत होने के पश्चात प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि भाषाएं और माताएं अपने पुत्र-पुत्रियों के कार्यों से ही सम्मानित होती हैं। हमें भारतीय भाषाओं का गौरव बढ़ाने के लिए बौद्धिक प्रयत्न तेज करने होंगे। उन्होने कहा कि इक्कीसवीं सदी भारत की सदी है और इसका वाहक हमारी भाषाएं ही बनेंगी। हमारे बौद्धिक योद्धा इसे संभव बनाएंगे। इस समारोह को सांसद शंकर लालवानी, प्रेस क्लब अध्यक्ष, मुस्कान भारतीय ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नोएडा से कवयित्री पल्लवी त्रिपाठी, तेलंगाना से श्रीमन्नारायण चारी विराट, इंदौर से राकेश दांगी, छिन्दवाड़ा से भुवन सिंह धांसू एवं भोपाल से डॉ. अंशुल आराध्यम को काव्य गौरव अलंकरण प्रदान किया गया।
स्वागत उद्बोधन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने दिया, संचालन कवि अंशुल व्यास ने किया और अंत में आभार अमित मौलिक ने माना। मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. नीना जोशी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिखा जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नितेश गुप्ता सहित मध्य प्रदेश अध्यक्ष अमित मौलिक, आदि उपस्थित रहे।

# शिवसेना ने निकाली धूम-धाम से शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शिवसेना रांची महानगर ने शिवाजी जयंती पर रविवार को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा मोरहाबादी से करमटोली और बरियातू होते हुए बूटी मोड़ चौक स्थित शिवाजी चौक तक पहुंची। इसमें 150 बाइक पर सवार शिवसैनिक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवसेना छात्र नेता रोनित कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शिवसेना राज्य प्रमुख दीपक सिंह एवं युवा सेना राज्य प्रमुख संदीप मुखर्जी शामिल हुए। सभी नेताओं ने बूटीमोड़ स्थित शिवाजी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित किया। इस दौरान शिवसैनिकों ने जय भवानी और जय शिवाजी के नारे लगाए। रोनित कुमार ने कहा कि शोभायात्रा सनातन एकजुटता का प्रतीक है। छत्रपति शिवाजी महाराज हम सभी हिंदुओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## शिवरात्रि महोत्सव का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शिव हनुमान मंदिर(जोड़ा मंदिर) बाजरा बरियातू (आई.टी.आई.बस स्टैंड के निकट) इटकी रोड,रांची में धूमधाम से शिवरात्रि महोत्सव मनाई गई। विगत शनिवार को अखंड श्री हरि कीर्तन, हजारों महिला एवं पुरुषों की उपस्थिति में भव्य शिव बारात, रात्रि में रुद्राभिषेक एवं शिव पार्वती विवाह एवं रविवार को रात्रि में जागरण, महाप्रसाद वितरण के साथ दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव की समापन हुई।मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रजेश कुमार पाठक एवं उनके सहयोगी जितेंद्र पाठक,रमेश मिश्रा ने विधि विधान से पूजन कराई।इस महोत्सव में



विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ,हटिया विधायक नवीन जयसवाल, समाजसेवी शिव किशोर शर्मा एवं पंडरा थाना प्रभारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अजय वर्मा एवं व्यवस्थापक हृदय नारायण चौधरी ने किया। इस महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य रूप से संतोष कुमार सिंह,अशोक मुंडा, मिथिलेश कुमार, मुक्तिनाथ पाठक, अमित सिंह, रतन गोप, कुंदन वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रांची नगर निगम को लिखा पत्र

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू में विद्युत शवदाह गृह (मोक्षधाम) के संचालन का जिम्मा रांची नगर निगम ने मारवाड़ी सहायक समिति को दिया है। कोरोना में इस शवदाह गृह को विद्युत से हटाकर गैस आधारित कर दिया गया। इसके बाद लगातार वहां पर शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। अब मारवाड़ी सहायक समिति ने मोक्षधाम के संचालन को लेकर नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। जिसमें लिखा है कि संचालन में कई तरह की परेशानी आ रही है। वहीं शवों के अंतिम संस्कार का खर्च भी बढ़ गया है। जिससे कि समिति को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे नगर निगम को गंभीरता से लेते हुए निदान करने की जरूरत है। समिति ने लिखा है कि मोक्षधाम में अबतक 1000 से अधिक शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। कोरोना काल में भी मोक्षधाम में काफी शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

# राज्यपाल से मिले पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रविवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। उल्लेखनीय है कि चंद्रपुरम पोन्नूस्वामी राधाकृष्णन ने बीते शनिवार को झारखंड के 11वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली है। इसके बाद से राजनीतिकों का उनसे मिलने का सिलसिला जारी है।



## छात्र-छात्राओं ने बीएयू का शैक्षणिक परिभ्रमण किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रामकृष्ण मिशन एवं विवेकानंद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (मोरहाबादी) के कृषि स्नातक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत 41 सदस्यीय छात्र-छात्राओं के दल ने रविवार को कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक परिभ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने इस दौरान विश्वविद्यालय मुख्यालय के समीप स्थित तकनीकी पार्क, कृषि संकाय के शस्य विभाग और मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के प्रायोगिक फार्म में चालू रबी मौसम में चलाये जा रहे विभिन्न शोध कार्यक्रमों एवं समेकित कृषि प्रणाली मॉडल के नये शोध कार्यक्रम का बारिकी से अध्ययन किया।

# पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान की ट्रेनिंग लें, आत्मनिर्भर बनें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार ने राज्य के 1000 शिक्षित बेरोजगारों को ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाएगी। हालांकि, इस तरह की स्कीम पर पूर्व से ही काम हो रहा है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड ने केंद्र की राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अतंर्गत एटब्लिश मैट्री के तहत राज्य में 1000 युवाओं को ट्रेंड करने का विचार किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस काम को पूरा किया जाना है। इसके तहत चयनित 1000 युवाओं को कृत्रिम गभार्धान की ट्रेनिंग देने के बाद राज्य के अलग अलग जिलों के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सेवा ली जायेगी। मैत्री का प्रशिक्षण पाने वाले युवा राज्य में उन्नत नस्ल की मवेशियों की संख्या बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। जेएसआईए



(झारखंड स्टेट इंप्लिमेंटिंग एजेंसी, होटवार) ने इच्छुक कैंडिडेट से आवेदन मंगाए हैं। इसके सीईओ की ओर से जारी सूचना के मुताबिक आवेदक की आयु 18-45 वर्ष तक की होनी चाहिये। उसे मैट्रिक पास (इंटर में जीव विज्ञान वालों को प्राथमिकता) होना चाहिये। नामांकन शुल्क के तौर पर 2000 रुपये लगेंगे। चयनितों को 30 दिनों का निःशुल्क सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अलावा 60 दिनों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जायेगी। 90 दिनों का प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र एवं जरूरी उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। ऐसे स्थानों पर जहां कृत्रिम गभार्धान केंद्र नहीं, वहां केंद्र खोले जाने के साथ ट्रेनिंग।

**पूरा करने वाले कैंडिडेट की मदद ली जायेगी :** प्रशिक्षित मैत्री से जेएसआईए सेवाएं लेगा। इसके तहत केंद्र, राज्य की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कृत्रिम गभार्धान, गर्भ जांच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि के कार्य किये जाएंगे। इन कार्यों के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा। विशेष जानकारी के लिए स्थानीय पशु चिकित्सक, जिला पशुपालन पदाधिकारी अथवा स्टेट नोडल पदाधिकारी, जेएसआईए, होटवार से संपर्क किया जा सकता है।

# लोहरा समाज को एक मंच में लाने की जरूरत : नागेश्वर लोहरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोरहाबादी स्थित धुमकुड़िया भवन में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज की बैठक हुई। केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा ने कहा कि लोहरा समाज को एक धर्म अपना कर चलना होगा। बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। फिलहाल जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहा है। उपाध्यक्ष नागेश्वर लोहरा ने कहा कि समाज को एक मंच में लाने की जरूरत है। आपसी विचार, तालमेल बनाकर चलने की जरूरत है। लोहार के नाम से धड़ल्ले से जमीन बेची जा रही है। आदिवासी लोहरा समाज में एक नेता चुनना होगा, जो लोहरा समाज के मुददों को सरकार तक पहुंचाने का काम कर सके। सामाजिक संगठन में काम करने वाले लोगों को जिम्मेदारी देनी होगी। खतियान में लोहार दर्ज है, जो 2012 से पहले आदिवासी समाज में आता था। लोहार को आदिवासी से हटा दिया गया है। इसके कारण जाति प्रमाण पत्र में बनाने में परेशानी हो रही है। मौके पर कार्तिक लोहरा, मधु लोहरा, सुरेश लोहरा, महावीर लोहरा, शंभु लोहरा, लक्ष्मी लोहरा, विक्रम लोहरा , शिबु लोहरा, विष्णु लोहरा, अजय लोहरा, सुनिल लोहरा, राजू लोहरा, विश्वकर्मा लोहरा, अभय भटकुंवर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिक्षकों की कमी से पढ़ाई हो रही है प्रभावित

**रांची।** राजधानी रांची के एसएस मेमोरियल कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर मिलाकर लगभग 13000 स्टूडेंट्स का नामांकन है। इनके बैठने के लिए महज 7 कमरे ही हैं। इन 7 कमरे में ही विद्यार्थियों की पढ़ाई होती है। एक कॉमन लाइब्रेरी है। कक्षाएं दो शिफ्ट में संचालित की जाती हैं। पहली शिफ्ट कक्षा सुबह 7 बजे से और दूसरी शिफ्ट 11 बजे से चलती है। कमरों की कमी तो है ही शिक्षकों का भी लगभग यही हाल है। 13000 विद्यार्थियों में स्थाई शिक्षकों की संख्या 22 ही है। लगभग 591 छात्र पर 1 शिक्षक हैं। शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित होती जा रही है। यूजीसी के अनुसार, 40 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक की व्यवस्था होनी चाहिए। अनुबंध के आधार पर 25 शिक्षकों को रखा गया है। एसएस मेमोरियल कॉलेज में कॉमर्स, राजनीति विज्ञान, इतिहास, नागपुरी, हिंदी, अंग्रेजी और बॉटनी विषय से स्नातकोत्तर करवाया जाता है।

भंडारा

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

# भारी संख्या में लोग पहुंचे भंडारे में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार को 74 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।संस्था के सदस्यो एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 73 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर चुके है आज रविवार 19 फरवरी 2023 को 74 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को




समर्पित जीवन के 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 19 फरवरी 23 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, महिला समिति की मंगली मोदी, सुनीता केडिया एवं बबिता गुप्ता के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 74 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 74 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे मे संस्था ने भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो का कचोडी, पुडी, खीर,आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी,एवं भेजिटेबल पुलाव का वितरण किया। रविवार को लगभग 1800 से ज्यादा श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में कचोडी, पुड़ी, खीर, आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी का वितरण कर सेवा की गई। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे मे समाज के लोग बढ चढ कर अपनी भागेदारी निभा रहे है।

# पृष्ठ एक के शेष

**नीतीश आई लव यू कहने में हिचक...**
हसीन सपने हैं। ये सपने सिर्फ सपने होते हैं। आपके मन में एक गुदगुदी होती है। आप ख्वाब देखते हैं कि आप बतौर पीएम शपथ ले रहे हैं, लेकिन तभी कोई आपके चेहरे पर पानी की चार बूंदें डालता है और आप हड़बड़ा कर उठ जाते हैं। आप विपक्षी एकता की बात करते हैं, लेकिन आपके पास कोई रोडमैप है ही नहीं। बिखरा हुआ विपक्ष मोदी के लिए वरदान है। भाजपा बिखरे हुए विपक्ष को और ज्यादा बिखरने में लगी हुई है और आज नहीं तो कल, उसमें सफल हो भी जाएगी। बेशक दर्जनों बार नीतीश कह चुके हैं कि वह पीएम कैंडिडेट नहीं हैं तो फिर पीएम कैंडिडेट है कौन? बिना दूल्हा के बारात कैसी?

**पलामू में चार दिनों बाद...**
एसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत कई अधिकारी लगातार कैम्प कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पांकी हिंसा मामले में पुलिस ने 18 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। कुल 159 नामजद और जबकि 2900 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पांकी के 20 किलोमीटर के दायरे में 2100 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**पलामू में पांकी घटना को लेकर शांति...**
रखनी चाहिए ताकि प्रशासन को पता चल सके। उन्होंने कहा कि घटना के बाद जिस तरीके से एसपी और डीसी की बातों को नजरअंदाज किया गया उससे भी लगता है कि कोई न कोई बात है। आज इस शांति बैठक में खुल कर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार लोगों को भी खुलकर सामने आना चाहिए। उपस्थित लोगों ने कहा कि शांति समिति में जिम्मेदार व्यक्तियों को शामिल करना चाहिए और गंभीर विषय पर तत्काल जिम्मेदार लोगों से मशविरा करनी चाहिए। एसपी ने सभी बातों को सुनने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। इस मौके पर विधायक शशिभूषण मेहता, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव, राजद नेता चंद्रवंशी समेत कई, जेडीयू नेता राज नारायण पटेल, संतोष तिवारी समेत पांच विधानसभा के सभी गणमान्य लोग शामिल थे।

**घटना की हो सीबीआई...**
मामले में यह जानकारी मिली है इलाके में पहले बिजली काटी गई थी, उसके बाद एक स्थानीय व्यक्ति के ट्रैक्टर से पत्थर को पहुंचाया गया है। प्रशासन को मामले में सख्ती बरतने की जरूरत है और दोषियों पर कार्रवाई के लिए कई स्तर पर कदम उठाए जाने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि इस घटना में बाहरी ताकतों का हाथ है। दोषियों के बैंक खातों की भी जांच करने पर कई बड़े खुलासे होंगे। पूरे मामले में विधायक ने निर्दोष लोगों को फंसाने का भी आरोप लगाया है। विधायक ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कोविड-19 काल के बाद यह शिव बारात की पहली बार तैयारी थी लेकिन यह सफल नहीं हो पाई । निश्चित तौर पर यह एक समुदाय के खिलाफ साजिश रची गई है, ताकि उनके पर्व और त्यौहार प्रभावित हो सकें। पूरे मामले में धार्मिक स्थल पर पत्थर को पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। झारखंड के एक विधायक द्वारा पूरे मामले में टिप्पणी किए जाने के विषय पर बोलते हुए डॉ. शशि भूषण मेहता ने कहा कि वह अपने क्षेत्र को संभालें, वे ठीक रहते तो किसी मामले में नहीं फंसते, दूसरों के क्षेत्र में हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। तुष्टिकरण की राजनीति बंद होनी चाहिए।

**जो 1932 की बात करेगा वही...**
पर भी लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं को नौकरी देने के लिए नियोजन नीति तैयार की गई थी, लेकिन यूपी और बिहार के शिकायतकर्ताओं ने उसे हाईकोर्ट में चुनौती दी और उसे निरस्त करा दिया। वहीं, नियोजन नीति जब कर्नाटक में बनी तो वहां सब सही हो गया। यह सिर्फ इसलिए क्योंकि, कर्नाटक में बीजेपी गठबंधन की सरकार है। झारखंड कुछ काम होगा तो यूपी और बिहार वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है। जनसभा में मंत्री आलमगीर आलम, विधायक अनूप सिंह, विधायक अंबा प्रसाद, विधायक नेहा तिर्की, किशन राम अकेला, दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, योगेंद्र महतो, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष जलेशर महतो और शाहजादा अनवर मौजूद रहे।

**झारखंड में खेल प्रतिभा की...**
खेल महोत्सव के समापन सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य वीरों की भूमि है। यहां भगवान बिरसा मुंडा समेत अन्य महान स्वतंत्रता सेनानी हुए। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद आज मेरा दूसरा कार्यक्रम है। पहला कार्यक्रम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में हुआ। राधाकृष्णन ने कहा कि इस पावन भूमि ने कई ऐसे खिलाड़ी प्रदान किए हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र का नाम रोशन किया है। राज्यपाल ने इस तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिए संजय सेठ को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के बीच खेल को आगे बढ़ाने व एक नया अवसर प्रदान करने की दिशा में यह सराहनीय प्रयास है। इस प्रकार की पहल ने खेलों के लिए बेहतर माहौल बनाने का काम किया है। अन्य क्षेत्रों में भी इसका आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई सुविधाएं हैं। युवा प्रतिभाओं को संवारने के लिए इन सुविधाओं का पूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने युवा खिलाड़ियों में निहित प्रतिभा को निखारने के लिए प्रशिक्षण को नितांत आवश्यक बताया। राज्यपाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि पूरा देश चाहता है कि ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक तालिका में ऊपर आए और अधिक से अधिक पदक अर्जित करें। इसके लिए ग्रामों/टोलों में कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों से चलनेवाली इस प्रतियोगिता में पांच हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने राज्यपाल का खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में आने के लिए आभार प्रकट किया।

**भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट...**
पर नाथन ल्योन ने राहुल (01) को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ आकर्षक शॉट खेले, लेकिन 39 के कुल स्कोर पर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। रोहित ने 20 गेंदों में 3 चौकों और दो छक्कों की बदौलत 31 रन बनाए। 69 के कुल स्कोर पर टॉड मर्फी ने विराट कोहली को एलेक्स कैरी के हाथों स्टम्प आउट कराकर भारत को तीसरा झटका दिया। कोहली ने 31 गेंदों पर 3 चौकों की बदौलत 20 रन बनाए। 88 के कुल स्कोर पर ल्योन ने श्रेयस अय्यर को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। अय्यर ने 10 गेंदों पर 1 चौके और एक छक्के की बदौलत 12 रन बनाए। इसके बाद अपना 100वां टेस्ट खेल रहे पुजारा और श्रीकर भरत ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारत को 26.4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन बनाकर भारत को 6 विकेट से जीत दिला दी। पुजारा 31 और भरत 23 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन लंच से पहले ही 113 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 262 रन बनाए, पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 1 रन की बढ़त मिली थी।

**तीसरे दिन भारत का मजबूत पलटवार, ताश के पत्तों की तरह ढही ऑस्ट्रेलियाई पारी :** तीसरे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 1 विकेट पर 61 रन से आगे खेलना शुरू किया। शनिवार के अविजित बल्लेबाज ट्रेविस हेड अपने कल के स्कोर में केवल 4 रन और जोड़कर अश्विन का शिकार बने। हेड ने 43 रन बनाए। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी तॉश के पत्तों की तरह ढह गई और पूरी टीम 113 रनों पर सिमट गई, जिससे भारत को जीत के लिए 115 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ट्रेविस हेड ने 43 और मार्नस लाबुशेन ने 35 रन बनाए। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने सात और रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए।

**भारत ने अपनी पहली पारी में बनाए 262 रन, अक्षर पटेल ने लगाया अर्धशतक :** इससे पहले भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 262 रनों पर ऑल आउट हो गई। भारत के लिए अक्षर पटेल ने 74 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। अक्षर के अलावा विराट कोहली ने 44, रविचंद्रन अश्विन ने 37 और कप्तान रोहित शर्मा ने 32 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 1 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन ल्योन ने पांच, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुह्नमैन ने 2-2 व पैट कमिंस ने 1-1 विकेट लिया।

**साहिबगंज एसपी से जल्द होगी...**
गई थी, तब उन्होंने इस मामले में पूरा दोष पुलिस पर मढ़ दिया था। उन्होंने बयान में कहा था कि इस मामले में साहिबगंज एसपी को कार्रवाई करनी चाहिए थी।

**प्रत्येक ट्रक पर 500 रुपये की वसूली :** गंगा नदी के रास्ते अवैध तरीके से बोल्डर व चिप्स की तस्करी होती थी। बगैर चालान गाड़ियों को बिहार व बंगाल भेजा जाता था। ईडी ने जांच में यह पाया था कि प्रत्येक ट्रक चाहे वह वैध तरीके से संचालित हो या अवैध तरीके से 500 रुपये की वसूली दाहू यादव के द्वारा की जाती थी। नाव के जरिए अवैध परिवहन का पूरा सिंडिकेट दाहू यादव और विष्णु यादव के द्वारा ही चलाया जाता था।

**आपराधिक छवि के लोगों को पुलिस से राहत :** ईडी ने जांच में यह पाया है कि बरहेट विधायक प्रतिनिधि व अवैध खनन के मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा ने वसूली के लिए जो तंत्र बनाया था, उसे पूरी तरह दाहू यादव और विष्णु यादव के द्वारा ऑपरेट किया जाता था। दाहू पर 13 जबकि विष्णु पर 12 जघन्य आपराधिक मामले थे। पंकज मिश्रा ने आश्वासन दिया था कि वह दोनों के खिलाफ पुलिस में दर्ज मामलों में राहत दिलाएंगे, बदले में सभी जगहों से वसूली का काम दाहू व विष्णु देखते थे। ईडी यह पड़ताल कर रही है कि दोनों हिस्ट्रीशिटर्स को कितने केस में पुलिस ने राहत दी।

**पलामू पहुंची कश्यप मेमोरियल की...**
तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य व्यवस्था में और सुधार की आवश्यकता है। राज्य में चिकित्सकों की घोर कमी है। इसके बावजूद हुसैनाबाद अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक मौजूद रहते हैं। मेगा स्वास्थ्य शिविर में रांची के चिकित्सकों के अलावा पलामू के विशेषज्ञ चिकित्सक भी मौजूद रहे। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। एनसीपी सेवा में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा हुसैनाबाद की जनता को बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करती है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।

**क्या शाह-शिंदे के अभियान से...**
नहीं बचा है। न पार्टी बची, न उसका चुनाव चिन्ह। वह 1966 में बनी 56 वर्ष पुरानी पार्टी शिवसेना के सर्वोच्च नेता हैं, लेकिन अब तो पार्टी व चुनाव चिन्ह भी छिन गया। ऐसे में कार्यकर्ता उनके साथ खड़े रहते हैं या नहीं यह देखने लायक होगा। हो सकता है अपने नेता बाला साहेब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे के साथ यह सब होता देख कर उनके समर्थक एकजुट होकर आगामी चुनावों में उद्धव के साथ हो जाएं। यह भी हो सकता है कि भाजपा व शिंदे गुट के प्रलोभन व हथकंडों के कारण उद्धव के साथ नहीं जाएं। इस बारे में शिवसेना के एक पूर्व सांसद का कहना है कि शिंदे के पास कोई आधार व जनता का पावर नहीं है। उनकी कुल ताकत भारतीय जनता पार्टी है। वे भाजपा व उसके सुपर नेताओं से मिल रही आभासी शक्तियों के सहारे राजनीति कर रहे हैं। उसी के कारण उनको शिव सेना का पार्टी नाम तथा चुनाव चिन्ह मिल पाया है। लेकिन असलियत यह भी है कि भाजपा व केंद्रीय सत्ता हुक्मरान उनको यह ताकत दे सकते हैं, पर राजनीतिक ताकत नहीं दे सकते। सच्चाई यह भी है कि महाराष्ट्र में भाजपा हमेशा शिवसेना की बी टीम रही है। उसकी महाराष्ट्र में अभी तो यह क्षमता नहीं है कि राज्य में खुद को भी बड़ा बना ले और एकनाथ शिंदे को भी शिव सेना का स्वाभाविक नेता बनवा दे। क्योंकि कट्टर शिव सैनिकों में बाला साहब ठाकरे के बेटे उद्धव व उनके परिवार वालों के प्रति सहानुभूति है, शिंदे के प्रति नहीं। सवाल यह भी होने लगा है कि यदि सर्वोच्च न्यायालय ने भी चुनाव आयोग के फैसले को जायज ठहरा दिया, तो भी भविष्य में क्या एकनाथ शिंदे शिवसेना को संगठित व बचाए रख पाएंगे?

**शिंदे की नजर शिवसेना की शाखाओं पर :** शिवसेना के एक पदाधिकारी का कहना है कि शिवसेना में शाखाओं को पार्टी का रीढ़ माना जाता है। ऐसे में शिंदे व उनके पीछे चट्टान बन खड़े महाशक्तिशाली को मालूम है कि जब तक शाखाएं हैं, उसमें आनेवालों में से ज्यादातर की बाला साहब के पुत्र के प्रति हमदर्दी होने के कारण, भावनात्मक लगाव के कारण, ठाकरे परिवार महाराष्ट्र की राजनीति में कभी भी वापस आ सकता है। जिससे सतर्क शिंदे गुट व उनके संरक्षक की योजना चरणबद्ध तरीके से शाखाओं पर कब्जा करने की है। 17 फरवरी को रत्नागिरी के दापोली में स्थानीय शाखा पर नियंत्रण को लेकर दोनों गुटों के बीच झड़प हुई थी, वह इसका एक शुरुआती संकेत है।

## NEWS इन ब्रीफ

### इगा स्वीयाटेक ने जीता कतर ओपन का खिताब



**दोहा।** वर्ल्ड नंबर 1 पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने यहां खिताबी मुकाबले में चौथी रैंकिंग वाली अमेरिकी जेसिका पेगुला पर 6-3, 6-0 से जीत के साथ कतर ओपन में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। स्वीयाटेकइस साल यूनाइटेड कप में पहले ही पेगुला से हार गई थीं, लेकिन नंबर 1 सीड ने शनिवार को 1 घंटे और 9 मिनट के फाइनल में उस हार का बदला लेते हुए साल का अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब और अपने करियर का कुल मिलाकर 12वां टाइटल अपने नाम किया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में केवल पांच गेम गंवाए। स्वीयाटेक ने डब्ल्यूटीए के हवाले से कहा, मैं वास्तव में खुश हूं कि सीजन की शुरूआत में मैं जैसा महसूस कर रही थीं उसकी तुलना में और अधिक स्थिति में थी।

### अर्जेंटीना : फाइनल में नॉरी का सामना करेंगे अल्कराज



**ब्यूनस आयर्स।** विश्व नंबर 2 कार्लोस अल्कराज ने पिछले चार महीनों में खेले गए पहले टूर्नामेंट के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। उन्होंने अर्जेंटीना ओपन सेमीफाइनल में हमवतन बनार्बे जपाटा मिरालेस को 77 मिनट में 6-2, 6-2 से हरा दिया। स्पैनियार्ड पिछले साल के पेरिस मास्टर्स के बाद से अपने पहले टूनार्मेंट में खिताब को जीतने की कोशिश करेंगे। स्पेन के खिलाड़ी ने आखिरी फाइनल पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन में खेला था, जब उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में सेक्रेटरी-11 जीता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार को बड़े रोमांचक एवं उत्साह के साथ केपी कम्युनिटी मैदान में प्रेसीडेन्ट-11 और सेक्रेटरी-11 के मध्य हुई, जिसमें सेक्रेटरी-11 ने शील्ड पर कब्जा किया। इस टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता मे प्रेसीडेन्ट 11 से सेक्रेटरी 11 ने 3 विकेट से विजय प्राप्त की। डॉ वेंकटेश को मैन ऑफ द मैच, डॉ. अभिषेक शरन को बेस्ट बालर, डॉ. आशुतोष पाठक को बेस्ट बैट्समेन, डॉ. अरविन्द कश्यप को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिला।

# हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 8-0 से हराया

**भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दर्ज की बड़ी जीत**



**एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के अपने दूसरे मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 8-0 की बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले, भारतीय टीम ने 8-1 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। दक्षिण अफ्रीका दौरा महत्वपूर्ण एशिया कप अंडर-21 के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा है, जो आगामी एफआईएच महिला हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट है। मेहमान टीम ने पहले क्वार्टर में अपने आक्रमण में बेहतरीन कौशल और अनुशासित संरचना के साथ अच्छी शुरुआत की। टीम का पहला गोल मैच के पहले मिनट में अन्नू ने किया।

इसके बाद शनिवार को उपकप्तान रुजाता दादासो पिसाल ने नौवें मिनट में गोल दागा। टीम ने 26वें मिनट में ज्योति छत्री के मैदानी गोल से बढ़त को 3-0 कर दिया। उन्होंने अगले मिनट में एक और गोल कर टीम की बढ़त को 4-0 तक पहुंचा दिया। दूसरा क्वार्टर समाप्त होने से पहले, भारतीय जूनियर महिला टीम ने 29वें और 30वें मिनट में दीपिका सोरेंग और ज्योति छत्री के माध्यम से दो और गोल किए। बोर्ड पर 6-0 की आरामदायक बढ़त के साथ, मेहमान टीम ने 54वें और 59वें मिनट में अन्नू और दीपिका सीनियर द्वारा किए गए दो और गोलों के साथ चौथे क्वार्टर का अंत किया। टीम अगला मैच 20 फरवरी को खेलेगी और उसके बाद 24 और 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका 'ए' टीम के खिलाफ दो मैच होने हैं।

## '100वें टेस्ट में विजयी चौका लगाना रहा विशेष एहसास'



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत द्वारा ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में हराए जाने के बाद अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को खुलासा किया कि वह बहुत घबराए हुए थे। उनका पूरा परिवार यहां अरुण जेटली स्टेडियम में उनके 100वें टेस्ट मैच को देखने आए थे, लेकिन अंततः टीम के लिए विजयी बाउंड्री मारने का अनुभव खास था। दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारत ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया। चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली। पुजारा ने कहाः यह एक अच्छा टेस्ट मैच रहा, दुर्भाग्य से मुझे पहली पारी में कोई रन बनाने का मौका नहीं मिला।

# भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल के करीब

**दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदें अब हुई समाप्त, दौड़ से हुआ बाहर**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दूसरे टेस्ट में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बड़ी जीत ने उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंचा दिया है। दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदें अब समाप्त हो गई हैं। रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में छह विकेट की जबरदस्त जीत ने भारत को चार मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त दिलाई और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखने में मदद की। इस आसान जीत से रोहित शर्मा की टीम का जीत प्रतिशत 64.06 हो गया और वे अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर है।

हालांकि, 2021 सीजन के फाइनल में पहुंचने के बाद, इस सीजन में फाइनल की राह तय नहीं हुई है, क्योंकि अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के अगले दो मैचों में मेजबान टीम के खिलाफ परिणाम आते हैं तो श्रीलंका अभी भी उनसे आगे निकल सकता है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ रोमांचक हो गई है। दक्षिण अफ्रीका दिल्ली में भारत की जीत के बाद फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। जून के फाइनल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष दो टीमों के स्थान हासिल करने के साथ, दिल्ली में परिणाम का अभी भी मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया और भारत अपने भाग्य को नियंत्रित करना चाहेंगे। इस बारे में आईसीसी ने रविवार को जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया अपनी लगातार दूसरी हार के बावजूद 66.67 प्रतिशत से शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि भारत ने अपने और श्रीलंका के बीच अंतर को बढ़ा दिया है, जो 53.33 प्रतिशत पर है। 28 फरवरी से दो टेस्ट मैचों में वेस्टइंडीज के साथ खेलनेवाले दक्षिण अफ्रीका 55 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं, जो कि भारत द्वारा समाप्त की जा सकने वाली न्यूनतम प्रतिशत से कम है। श्रीलंका अब अगले महीने न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगा, यह जानते हुए कि क्वोलीफाई के किसी भी अवसर को बनाए रखने के लिए न केवल उन्हें अपनी दो मैचों की श्रृंखला में दोनों टेस्ट जीतना होगा, बल्कि वे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शेष टेस्ट में अनुकूल परिणामों पर भी निर्भर होंगे।

### तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए टीम में राहुल उनादकट, श्रेयस अय्यर बरकरार

राष्ट्रीय चयनकताओं ने रविवार को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे और चौथे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया है। साथ ही आलोचनाओं के बावजूद सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और जयदेव उनादकट को बरकरार रखा है। उनादकट को सौराष्ट्र के लिए रणजी फाइनल में खेलने के लिए रिलीज किया गया था। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ द्वारा सलामी बल्लेबाज के लिए अपना समर्थन व्यक्त करने के बाद राहुल को बनाए रखने का निर्णय आश्चर्यजनक नहीं है। जनवरी 2022 से, राहुल ने सिर्फ एक अर्द्धशतक लगाया है, जबकि उनका आखिरी टेस्ट शतक दिसम्बर 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में राहुल पहली पारी में 17 रन पर आउट हो गए और दूसरी पारी में सिर्फ एक रन ही बना पाए। वहीं, नागपुर में सिर्फ 20 रन बनाने के बाद आउट हो गए थे। शुभमन गिल के होते हुए अब राहुल को अपनी जगह बनाए रखने का दबाव है। हालांकि, रोहित अपने उपकप्तान के समर्थन में सामने आए और कहा कि अगर इस खिलाड़ी में क्षमता है, तो टीम प्रबंधन उसे फॉर्म में वापस आने के लिए और मौके देगा। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में रोहित शर्मा के यह कहने के कुछ घंटे बाद, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो टेस्ट मैचों के लिए राहुल को चुनकर उनका समर्थन किया है। मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने एक स्टिंग ऑपरेशन में विवादास्पद टिप्पणियों के बाद इस्तीफा दे दिया था। चयनकर्ताओं ने अय्यर को भी बरकरार रखा, जिन्हें चोट के बाद फिट घोषित किए जाने के बाद दिल्ली टेस्ट से पहले टीम में शामिल किया गया था। उनादकट को रणजी ट्रॉफी फाइनल में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए टीम से रिलीज किया गया था, रविवार को अपने गृह राज्य को खिताब जीतने में मदद करने के बाद वो वापस लौटेंगे। इसके साथ ही सूर्यकुमार यादव 17 सदस्यीय टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

## टीम पर था दबाव हमने लीड की सोची : अक्षर

**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के दौरान एक समय ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया के पास बड़ी बढ़त होगी] क्योंकि भारत 50.5 ओवर में 139/7 पर था। पिच पर बने दबाव को लेकर भारतीय बल्लेबाज अक्षर पटेल ने कहा, उस स्थिति में दबाव था और हम खेल में थोड़ा पीछे थे। उसके बाद हमने सोचा कि हम लीड के कितने करीब जा सकते हैं। उस हिसाब से हमने अपने खेल को आगे बढ़ाया। बता दें, बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 115 गेंदों पर 74 रनों की पारी खेली, जिससे निचले क्रम का एक और भारतीय टीम को फायदा हुआ। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के साथ 177 गेंदों पर 114 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई, जिन्होंने आठवें विकेट के लिए 71 गेंदों में 37 रन बनाकर भारत को बढ़त लेने की दहलीज पर ला दिया, हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें एक रन कम पर रोक दिया। अक्षर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाः उस स्थिति में दबाव था और हम खेल में थोड़ा पीछे थे। उसके बाद हमने सोचा कि हम लीड के कितने करीब जा सकते हैं। फिर हमारे और अश्विन के बीच साझेदारी हुई।

## रणजी ट्रॉफी : सौराष्ट्र ने 9 विकेट से बंगाल को हराकर जीता खिताब



**उनादकट ने दूसरी पारी में झटके छह विकेट**

**एजेंसी। कोलकाता**

सौराष्ट्र ने रविवार (19 फरवरी) को ईडन गार्डन में मेजबान बंगाल को 9 विकेट से हराकर तीन साल में अपना दूसरा रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। इस मैच में मेजबान बंगाल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रनों पर सिमट गई थी। बंगाल के लिए पहली पारी में शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरल ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए क्रमशः 69 और 50 रन बनाए । सौराष्ट्र के लिए कप्तान जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया ने 3-3 व चिराग जानी और धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में हार्विक देसाई (50),शेल्डन जैक्सन (59), अर्पित वसावडा (81) और चिराग जानी (60) के अर्धशतकों की बदौलत 404 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 230 रनों की बढ़त हासिल की।

इसके बाद एक समय अपनी दूसरी पारी में 146 रनों पर 4 विकेट खोने वाली बंगाल ने अपने बाकी के 6 विकेट मात्र 95 रनों पर खो दिये और पूरी टीम 241 रनों पर सिमट गई। सौराष्ट्र ने केवल 2.4 ओवर में 12 रन के लक्ष्य को 1 विकेट के नुकसान पर हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। बंगाल के लिए दूसरी पारी में ए. मजूमदार (61) और कप्तान मनोज तिवारी (68) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, सौराष्ट्र के लिए जयदेव उनादकट ने 6 और चेतन सकारिया ने तीन विकेट लिया। उनादकट को मैच में 129 रन देकर 9 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि अर्पित वासवदा को 10 मैचों में 907 रनों की सीजन टैली के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया, जो मयंक अग्रवाल (9 मैचों में 990) के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

### आईपीएल : केकेआर के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर का खुलासा

## रोहित शर्मा ने मुझे काफी परेशान किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बॉर्डर-गावस्कर कमेंट्री पैनल में भाग लेने वाले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने रविवार को खुलासा किया कि रोहित शर्मा एकमात्र ऐसे कप्तान थे, जिन्होंने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा परेशान किया था। रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट में कमेंट्री के दौरान, गंभीर से दो खिलाड़ियों को चुनने के लिए कहा गया था, जिन्हें वह उस समय केकेआर टीम में चाहते थे। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, यह एक कठिन सवाल है, लेकिन जवाब बहुत आसान है। अगर मुझे दो खिलाड़ियों को चुनना होता, तो मैं रोहित शर्मा और युवराज सिंह को चुनता। मुझे किसी और की जरूरत नहीं थी। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हमारे पास एक अच्छी टीम नहीं थी, लेकिन अगर हमारे पास ये दो खिलाड़ी होते, तो हम दो से अधिक खिताब जीत चुके होते। उन्होंने कहा : रोहित और मैं ओपनिंग करते। रॉबिन उथप्पा 3 पर, सूर्यकुमार यादव 4 पर, युवराज 5 पर, यूसुफ पठान 6 पर, और आंद्रे रसेल 7 पर आते। आप सोच सकते हैं कि यह टीम क्या होती। हमने युवराज को पाने के लिए अपनी पूरी कोशिश की थी। लेकिन हम कामयाब नहीं हो पाए थे। रोहित (मुंबई इंडियंस) और एमएस धोनी (चेन्नई सुपर किंग्स) के अलावा, आईपीएल के इतिहास में सबसे सफल कप्तानों ने अपनी-अपनी टीम को क्रमशः पांच और चार खिताब दिलाए, गंभीर ने भी फ्रेंचाइजी-आधारित टीम में एक कप्तान के रूप में अच्छा किया है। सात साल तक कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलने वाले गंभीर ने 2012 और 2014 में दो खिताबों के लिए फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया था। एक विपक्षी कप्तान के रूप में उनकी रातों की नींद हराम करने वाले बल्लेबाज के बारे में पूछे जाने पर, गंभीर ने भारत के कप्तान रोहित का नाम लिया। उन्होंने कहा, एकमात्र कप्तान जिसने मुझे रातों की नींद हराम कर दी, वह रोहित शर्मा थे।

### पहला टेस्ट : दो मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 1-0 से आगे

# न्यूजीलैंड को 267 रनों से हराया

**एजेंसी। माउंट माउंगानुई**

इंग्लैंड ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 267 रन की शानदार जीत दर्ज की और दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी शेन वार्न और ग्लेन मैक्ग्रा को पछाड़कर टेस्ट इतिहास में सबसे अधिक विकेट लेनेवाले खिलाड़ी बन गए। रविवार को, एंडरसन ने स्कॉट कुगलेइजन और टिम साउदी को सत्र की शुरूआत में आउट कर दिया, जबकि अनुभवी खिलाड़ी ने ब्लेयर टिकनर को आउट कर मैच समाप्त कर दिया।

इंग्लैंड ने लगभग 15 वर्षों में पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर एक टेस्ट जीता है। रेयान साइडबॉटम की पहली पारी में सात विकेट लेने के कारण माइकल वॉन की टीम ने मार्च 2008 में नेपियर के मैकलीन पार्क में जीत हासिल की थी। इसके साथ ही इंग्लैंड ने अब अपने सबसे हाल के 11 टेस्ट मैचों में से 10 जीत लिए हैं। इंग्लैंड पुरुषों की टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और भारत के पीछे तीसरे स्थान पर आ गया है। न्यूजीलैंड में श्रृंखला वर्तमान विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा नहीं है, यह इंग्लैंड को दूसरे मैच से पहले और इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में होने वाली एशेज श्रृंखला से काफी आत्मविश्वास प्रदान करेगी। इंग्लैंड 25 फरवरी को वेलिंगटन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने की कोशिश करेगा।

### एंडरसन से बहुत कुछ सीखा, इसलिए 36 साल में भी खेल रहा हूं : ब्रॉड



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा है कि टीम के साथी जेम्स एंडरसन से बहुत कुछ सीखा हूं, इसलिए मैं अभी भी 36 साल की उम्र में खेल रहा हूं। शनिवार को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के अंतिम सत्र में जब ब्रॉड ने डेवोन कॉनवे को क्लीन बोल्ड किया, तो ब्रॉड और एंडरसन ने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 1002वां टेस्ट विकेट हासिल किए।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्ग्रा और शेन वार्न ने 1,001 विकेट लिए थे। रिकॉर्ड तोड़ने वाली यह जीत लगभग 15 साल बाद आई, जब यह जोड़ी पहली बार 2008 में न्यूजीलैंड में एक टेस्ट में एक साथ खेली थी, वेलिंगटन में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में इंग्लैंड ने 2-1 से जीत दर्ज की थी। ब्रॉड ने बीटी स्पोर्ट को बताया : यह हमारे लिए एक विशेष देश (न्यूजीलैंड) है। 2008 में वेलिंगटन में हम एक साथ टीम में आए थे और मैकग्राथ और वार्न मेरे दो हीरो से आगे बढ़ने के लिए निश्चित रूप से हम उन दो बेहतर गेंदबाजों की तरह नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने टेस्ट में बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा : लेकिन जिमी के साथ विकेटों की संख्या बढ़ाने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मैं जिमी के साथ उसी ऐरा में पैदा हुआ क्योंकि निश्चित रूप से उनके बिना मैं दूसरे छोर पर अच्छा नहीं कर पाता।

मैंने अपने पूरे करियर में उनसे बहुत कुछ सीखा है और शायद यही कारण है कि मैं अभी भी 36 साल में खेल रहा हूं। इससे पता लगता है कि वह एक महान खिलाड़ी हैं। उनका अनुसरण किया जाना चाहिए। इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड पर 267 रन की प्रभावशाली जीत दर्ज करने और रविवार को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त लेने के लिए शानदार टीम प्रदर्शन किया।

